ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 3 जून 2024
वर्ष 2, अंक 283, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग 2

प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी 16

दिल्ली आबकारी नीति मामले में मिली थी 1 जून तक अंतरिम जमानत

## केजरीवाल ने किया आत्मसमर्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी। यह अवधि एक जून को समाप्त हो गई।

आत्मसमर्पण करने से पहले केजरीवाल ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-



● जेल जाने से पहले महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि, हनुमान मंदिर में पूजा

अर्चना की। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई। आप नेता ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान देश को बचाने के लिए प्रचार किया।

उन्होंने कहा कि मुझे सुप्रीम कोर्ट से 21 दिन की राहत मिली थी। ये 21 दिन अविस्मरणीय थे। मैंने एक मिनट भी बर्बाद नहीं किया। मैंने देश को बचाने के लिए चुनाव प्रचार किया। आम आदमी पार्टी महत्वपूर्ण नहीं है, यह गौण है। देश प्रथम है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के लिए तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान जताने वाले सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं।

## गौतम अडाणी बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति

● मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** सेब से लेकर हवाई अड्डा क्षेत्र में सक्रिय अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद गौतम अडाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स के अनुसार, 111 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अडाणी अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ 12वें स्थान पर हैं।

## भुगतान न करने पर 7 वर्ष, जालसाजी पर उम्रकैद संभव

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार** : साइबर अपराध जैसे, फिशिंग (जालसाजी), विशिंग (शब्दजाल) और हैकिंग आदि संगठित अपराधों में संलिप्त पाए जाने पर अभियुक्त को कम से कम पांच साल और अधिकतम उम्रकैद की सजा हो सकती है। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग (दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर वस्तु ले जाना) की तो सात वर्ष की सजा हो सकती है। इसी तरह के तमाम तरह अपराधों के लिए सख्त कानून भारतीय न्याय संहिता-2023 में परिभाषित कर एक जून से लागू कर दिया गया है।

दरअसल, उप्र. में भारतीय न्याय संहिता-2023 लागू हो गई है। थानों में एफआईआर अब नए कानून के अंतर्गत ही दर्ज होंगे। इस बीच पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय से भी नागरिकों को जागरूक करने की पहल शुरू की है। पुलिस मुख्यालय ने सोशल मीडिया एवं अपने एक्स प्लेटफार्म के माध्यम से नागरिकों को विधिवत जागरूक करना शुरू किया है।



● धारा-111 एवं धारा 112 के अंतर्गत दर्ज होगी रिपोर्ट
● सोशल मीडिया पर भी पुलिस दे रही जानकारी

### पहले के कानून में क्या था

पहले के कानून में जालसाजी अथवा हैकिंग के लिए धारा-463 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया जाता था। इसके तहत मात्र दो वर्ष की सजा का प्रावधान था। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग के लिए धारा 379 के अंतर्गत कार्रवाई होती थी, जिसकी सजा अधिकतम तीन वर्ष का कारावास था।

### क्या है धारा- 111, 112

पहली जून को फिशिंग (जालसाजी), विशिंग एवं हैकिंग से जुड़े अपराधों एवं सजा पर विस्तृत रूप से बताया गया। नए कानून के तहत अब इस तरह के अपराध पर धारा 111 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत होगा। जबकि 02 जून को शॉपलिफ्टिंग के बारे में बताया गया। शॉपलिफ्टिंग अर्थात दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर सामान ले जाने की सजा अब सात साल निर्धारित की गई है। इस आरोप में धारा 112 का प्रयोग किया जाएगा।

### एक नजर

#### आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा के प्रति निराशा व्यक्त की। अधिकारी ने बताया कि वे राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और सुकमा पुलिस के पुनर्वास अभियान 'पूना नर्कोम' (नई सुबह, नई शुरुआत) से भी प्रभावित हुए थे।

#### सूरत में 42.50 लाख का एलएसडी ड्रग्स बरामद

**सूरत।** गुजरात में सूरत शहर के अडाजण क्षेत्र में विशेष अभियान समूह (एसओजी) और पीसीबी की टीम ने 42 .50 लाख रुपये मूल्य का एलएसडी ड्रग्स और 65,460 रुपये कीमत का हाइब्रिड गांजा बरामद किया है। एसओजी सूत्रों ने रविववार को बताया कि सूचना मिली थी कि पार्थ केतनकुमार मंदिर वाला डार्कवेब नामकी ऑन लाइन वेबसाइट से बेंगकोक से कुरियर के द्वारा ड्रग्स मगाकर बेचता है। सूचना के आधार पर अडाजण इलाके में पालनपुर पाटिया बीएसएनएल ऑफिस के निकट कृष्णकुंज सोसायटी स्थित पार्थ केतनकुमार मंदिर वाले के मकान पर छापा मारा गया।

#### मुंबई की बहुमंजिला इमारत में लगी आग

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के भायखला इलाके में 62 मंजिला एक आवासीय इमारत में शनिवार आधी रात को आग लग जाने से एक व्यक्ति पांडुरंग शिंदे (57) घायल हो गया, लेकिन 25 से 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि भायखला के 'खटाऊ मिल कम्पाउंड' में 'मोंटे साउथ' इमारत के 'ए विंग' की 10वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में रात लगभग 11 बजकर 42 मिनट पर आग लग गई जिसके कारण पूरी मंजिल पर धुआं भर गया और कुछ लोग इमारत की ऊपरी मंजिलों पर फंस गए। 25 से 30 लोगों को सीढ़ियों के जरिए बाहर निकाला गया।

## जयराम के बयान पर चुनाव आयोग गंभीर, नोटिस भेजकर मांगा जवाब

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह पर 150 डीएम को फोन कर धमकाने का लगाया था आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है। रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों का विवरण साझा करें।

निर्वाचन आयोग ने एक जून को 'एक्स' पर किए गए जयराम रमेश के पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि निवर्तमान गृह मंत्री जिला अधिकारियों/कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने 150 से बात की है। यह खुलेआम और निर्लज्ज तरीके से धमकी देना है। निर्वाचन आयोग ने रमेश से कहा कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक चुनाव अधिकारी का एक पवित्र कर्तव्य है और ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं तथा इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में दिए जाने चाहिए। आयोग ने कांग्रेस नेता से यह भी कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू होती है तो सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति के अधीन होते हैं और वे किसी भी निर्देश के लिए सीधे निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट करते हैं। हालांकि, किसी जिलाधिकारी ने ऐसे किसी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है जैसा कि आपने आरोप लगाया है...।



● आयोग ने आरोपों का आधार बताते हुए कांग्रेस नेता से स्पष्टीकरण देने को कहा

### यह भाजपाई एक्जिट पोल कई महीने से तैयार था



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इंडी गठबंधन के जीतने का दावा करते हुए एक्जिट पोल को जनमत के साथ धोखा बताया है। रविवार को अपने एक्स हैंडल पर सपा प्रमुख ने लिखा कि एक्जिट पोल वास्तव में कई महीने पहले ही तैयार कर लिए गए थे। बस टीवी चैनलों में इन्हें अब चलाया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, भाजपा को 300 पार इसलिए दिखाया जा रहा है जिससे कि घपला करने की गुंजाइश बनी रहे।

### यह एग्जिट पोल नहीं, मोदी मीडिया पोल है : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एग्जिट पोल को रविवार को फर्जी बताते हुए कहा कि यह चुनावों में धांधली को सही ठहराने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का मनोबल कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेले जा रहे मनोवैज्ञानिक खेल का हिस्सा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एग्जिट पोल को मोदी मीडिया पोल बताया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पार्टी के लोकसभा सांसदों के साथ एक बैठक के बाद एआईसीसी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता बल्कि इसका नाम मोदी मीडिया पोल है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है। यह पूछने पर कि 'इंडिया' गठबंधन को कितनी सीट मिलेंगी, इस पर गांधी ने कहा कि आपने सिद्धू मूसेवाला का '295' गीत सुना है? इसलिए 295 सीट।

## हादसों से दहला खीरी : मां और दो बेटों समेत 6 की मौत, कई घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● लखनऊ के रहने वाले थे मां-बेटे कार से परिजन जा रहे थे रुद्रपुर
● लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर हुआ हादसा, अन्य हादसे में दो की मौत

**अमृत विचार** : जिले में रविवार को तीन हादसे हुए। लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर ई-रिक्शा से टकराकर कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ खड़े कंटेनर से जा भिड़ी। हादसे में लखनऊ के कूर्मांचल नगर निवासी मां, उसके दो बेटों और भाभी की मौत हो गई, जबकि परिवार का ही एक घायल हो गया। इधर, शाहजहांपुर-गोला रोड पर बस और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। लखीमपुर-पलिया मार्ग पर सुंदरवल के पास दो बाइकों की भिड़ंत में 14 वर्षीय किशोरी की जान चली गई।

लखनऊ के थाना गाजीपुर के कूर्मांचल नगर (इंदिरानगर) निवासी दिनेश चंद्र उपाध्याय पत्नी, भाभी और दो बेटों के साथ रुद्रपुर जा रहे थे। उचौलिया थाना क्षेत्र में जेबीगंज से शाहजहांपुर की ओर एक पेट्रोल पंप के पास ई रिक्शा को बचाने में उनकी ब्रेजा कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी साइड में कंटेनर से टकरा गई। कार सवार सभी लोग घायल हो गए। सीएचसी पसगवां में दिनेश चंद्र उपाध्याय की पत्नी विमला उपाध्याय (60), बेटे दीपक उपाध्याय (40) और राजीव उपाध्याय (35), भाभी विमला देवी (60) पत्नी बुद्धि वल्लभ उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया गया। दिनेश चंद्र उपाध्याय को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। दूसरा हादसा कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में हुआ। शाहजहांपुर से मोहम्मदी की तरफ जा रही रोडवेज बस और कार की गांव गोकन के निकट भीषण टक्कर हो गई। हादसे में खलील (50), रिजवाना (42) व अजमल (18), सरला बाजपेई (65) निवासी शाहजहांपुर, सोनम सिंह (30) भावलखेड़ा, बरवर के अरबाज खान (17) और उसकी बहन हिना (20), पीलीभीत की जूही गुप्ता (32) और उसका बेटा अमन गुप्ता (7), बीसलपुर के पिंकी सैनी, उनका बेटा अरुण सैनी (8) आन्या (10), शिवम गुप्ता (24) निवासी गोला, सोमवती (45), दिव्यांशी(12), लक्ष्मी शर्मा (22) निवासी अमीर नगर, राम अवतार निवासी फत्तेपुर घायल हुए हैं। वहीं ब्रेजा के चालक प्रदीप सिंह (35) निवासी ग्राम रामा लक्षना की जिला अस्पताल शाहजहांपुर में मौत हो गई, जबकि कार में बैठा उसका भांजा शमशेर घायल हो गया। तीसरा हादसा थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में हुआ। लखीमपुर पलिया मार्ग पर सुंदरवल के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में थाना नीमगांव क्षेत्र के सिकंदराबाद निवासी रफीक खान की 14 वर्षीय पुत्री अलीना की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए।



लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

"हादसा काफी दुखद है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के कारणों की जांच कराई जाएगी।
-**महेंद्र बहादुर सिंह**, डीएम

## गुवाहाटी में आईआईएम की स्थापना को केंद्र की मंजूरी

गुवाहाटी, एजेंसी

● राज्य में उच्च शिक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम : हिमंत

केंद्र ने असम में गुवाहाटी के पास भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही गुवाहाटी देश के उन कुछ शहरों में शामिल हो जाएगा, जहां शीर्ष शैक्षणिक संस्थान हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछले 18 महीनों से केंद्र के साथ इस मामले को आगे बढ़ा रही थी, और नया संस्थान राज्य में उच्च शिक्षा के लिए 'क्रांतिकारी कदम' होगा। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि एक बड़ी खबर साझा कर रहा हूं! 2023 में हमारे अनुरोध के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी के पास एक भारतीय प्रबंध संस्थान को मंजूरी देकर असम के लोगों को एक विशेष उपहार दिया है। इससे यह उन कुछ शहरों में शामिल हो गया है जहां आईआईटी, एम्स, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और अब आईआईएम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उनके मंत्रालय के समक्ष अपना मामला पेश किया था, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को भी पत्र लिखा था।

## प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की तलाश में जुटी एसआईटी

● महिला के अपहरण का मामला

**बेंगलुरु।** एसआईटी ने महिला के अपहरण के मामले में जद (एस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की तलाश में 24 घंटे में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। भवानी हासन जिले के होलेनरसीपुरा में अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं, जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही है। इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि भवानी को गिरफ्तार करने के लिए तलाश की जा रही है जो फरार हैं। उन्होंने कहा कि भवानी कहीं छिपी हुई हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अरुणाचल में भाजपा को फिर मिली सत्ता

ईटानगर, एजेंसी

भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। राज्य में 60 में से 50 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ मतदान हुआ था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं। अधिकारियों के अनुसार, जिन 50 सीट पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा ने 36 सीट पर जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री पेमा खांडू निर्विरोध जीतने वाले 10 उम्मीदवारों में से एक हैं।

नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीट मिलीं, जबकि पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने तीन सीट पर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने एक सीट जीती और तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं।



● 60 सदस्यीय अरुणाचल विस में 46 सीट हासिल कीं

### मोदी ने कहा- धन्यवाद अरुणाचल!



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उमंग के साथ काम करेगी।

### सिक्किम में एसकेएम को प्रचंड बहुमत, विधानसभा की 32 में से 31 सीट जीतीं

**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज करके रविवार को लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सिक्किम में अपनी सत्ता बरकरार रखी। वर्ष 2019 तक लगातार 25 साल राज्य पर शासन करने वाला सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) महज एक सीट जीत पाया है। एसडीएफ अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग दोनों सीट पर हार गए हैं। उन्होंने दो सीट पर चुनाव लड़ा था। एसकेएम अध्यक्ष और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी दो सीट पर चुनाव लड़े थे और उन्होंने दोनों सीट पर जीत दर्ज की। सिक्किम में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ ही विधानसभा का चुनाव हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीत के लिए सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा और तमांग को बधाई दी।

## विमान में बम की धमकी आपात स्थिति में उतारा

मुंबई, एजेंसी

पेरिस से 306 यात्रियों को लेकर मुंबई आ रही विस्तारा की एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिती में उतारा गया।

सूत्रों के अनुसार पूर्वाह्न 10 :08 बजे पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया और विमान 10:19 बजे हवाई अड्डे पर उतरा। सूत्र ने बताया कि पेरिस से मुंबई आने वाली इस उड़ान में 294 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे। विस्तारा ने एक बयान में पुष्टि की कि दो जून 2024 को पेरिस से मुंबई के लिए संचालित होने वाली एयरलाइन की उड़ान यूके 024 में सवार हमारे कर्मचारियों ने सुरक्षा संबंधी खामी के बारे में जानकारी दी जिसके बाद एयरलाइन ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। बयान में कहा गया कि विमान मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर चुका है।



● पेरिस से मुंबई आ रही थी विस्तारा की उड़ान, 306 यात्री थे सवार

## तेज हवा के साथ कई जिलों में होगी बारिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : भीषण गर्मी तथा हीट वेव के बीच प्रदेशवासियों के लिए मौसम विज्ञान विभाग ने राहत भरी खबर दी। विभाग के मुताबिक दो से चार जून तक कई जिलों में तेज हवा चलने का अनुमान है।

इससे तापमान में गिरावट आएगी। लेकिन, मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि बुंदेलखंड में अगले तीन दिन तक लू जारी रहेगी। रविवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 42.2 दर्ज किया गया। फतेहपुर, झांसी और कानपुर जिले सबसे गर्म रहे। मौसम विज्ञान विभाग वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि 5 जून तक पूरे प्रदेश में प्री-मानसून का असर दिखेगा। लगभग सभी जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज हवा चलेगी। गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में लू चलेगी। हालाकि दिन के वक्त यहां भी हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके अलावा पश्चिमी जिलों में बारिश के साथ 40-50 प्रति किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी जिलों में भी बारिश के मध्यम गति से हवाएं चलेंगी। अगले तीन दिन में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

● प्रदेश में हल्की बारिश से गिरेगा तापमान बुंदेलखंड में तीन दिन और चलेगी लू
● लखनऊ में तापमान रहा 42.2 डिग्री फतेहपुर, झांसी व कानपुर सबसे गर्म



### यह जिले सबसे गर्म

| | | |
|---|---|---|
| फतेहपुर | - | 46.2 डिग्री |
| कानपुर | - | 45.2 डिग्री |
| झांसी | - | 45.2 डिग्री |
| उरई | - | 44.8 डिग्री |

### राजधानी को मिली राहत

राजधानी में रविवार सुबह ही बादल छाने लगे। इसी के साथ कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। 10 से 15 मिनट की बूंदाबांदी के बाद आसमान साफ हो गया। दोपहर में फिर से घने बादल दिखे। इससे गर्मी से थोड़ी राहत रही। लखनऊ का अधिकतम तापमान 42 .2 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 30 .2 डिग्री रहा।

## दो मालगाड़ियों में टक्कर, एक का इंजन यात्री ट्रेन से भिड़ा

फतेहगढ़ साहिब, एजेंसी

पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक खड़ी मालगाड़ी से एक अन्य मालगाड़ी के टकराने से दो लोको पायलट घायल हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि टक्कर लगने से मालगाड़ियों में से एक का इंजन दूसरी पटरी पर चला गया और एक यात्री ट्रेन से टकरा गया।

उन्होंने बताया कि सरहिंद के माधोपुर के निकट हुई घटना में लोको पायलट विकास कुमार और हिमांशु कुमार घायल हो गए। फतेहगढ़ साहिब में राजकीय अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि विकास के सिर और हिमांशु की पीठ पर चोट लगी है और उन्हें पटियाला के राजेंद्र अस्पताल भेज दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना से सेवाएं बाधित हो गई थीं, जिसको बहाल किया जा रहा है और कुछ ट्रेन को राजपुरा, पटियाला और धुरी तथा कुछ को चंडीगढ़ के रास्ते चलाया जा रहा है।



● सरहिंद रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा, दो लोको पायलट घायल



खेल डायरी



### अजीश बने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन

**मंगलुरु।** पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाले तमिलनाडु के सर्फर अजीश अली इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन बने हैं। टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के सर्फर्स ने सभी चार श्रेणियों (पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स बॉयज और अंडर -16 और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर -16) में शीर्ष सम्मान हासिल किया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर (2023 आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स, अल साल्वाडोर) में भाग लेने वाले अजीश अली को पुरुष ओपन वर्ग में नए आईओएस चैंपियन का ताज पहनाया गया वहीं युवा सनसनी कमली मूर्ति ने महिला ओपन और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16 दोनों श्रेणियों में जीत हासिल कर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तमिलनाडु के एक अन्य किशोर, तैयिन अरुण ने अपनी सर्फिंग की कलाबाजी से जजों को प्रभावित किया और ग्रोम्स बॉयज और अंडर-16 वर्ग में नए आईओएस चैंपियन बन कर उभरे। तीन दिवसीय प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता आज कर्नाटक के मंगलुरु शहर के प्राचीन ससिहिथलू समुद्र तट पर संपन्न हुई। चैंपियनशिप का आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया गया था और इसकी मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब ने की थी। अंतिम दिन की कार्रवाई ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज वर्ग के सेमीफाइनल के साथ शुरू हुई।

### प्रज्ञानानंदा ने कारूआना को हराया, विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचे

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी। नाकामुरा के 10 अंक हैं। कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। अब जबकि टूर्नामेंट में पांच दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब प्रज्ञानानंदा 8.5 अंक लेकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। अलीरेजा के 6.5 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं।

### विंकेलमैन गेम्स 2024 में साहिल, हर्षिता और धनवीर ने जीते स्वर्ण पदक

**स्टेंडल।** भारतीय एथलीट साहिल सिलवाल ने विंकेलमैन गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा, हर्षिता सहरावत ने महिला हैमर थ्रो में और धनवीर सिंह ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को जर्मनी के स्टेंडल में स्टैडियन एम गैलजेनबर्ग में 23 वर्षीय साहिल ने अपने चौथे प्रयास में 75.36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हमवतन विक्रांत मलिक ने अपने तीसरे प्रयास में 72.65 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक तथा जर्मनी के ओले स्टर्जिक ने 45.85 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। विक्रांत ने अपने तीसरे प्रयास में 70 मीटर का आंकड़ा पार करने से पहले अपने दूसरे प्रयास में 68.91 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बनाई।

### एल्डोस और जेसी संदेश ने जीते स्वर्ण पदक

**पेरिस।** मीटिंग डी लिमोज 2024 एथलेटिक्स मीट में भारत के एल्डोस पॉल ने ट्रिपल कूद और जेसी संदेश ने ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। फ्रांस में शनिवार को स्टेड डी ब्यूब्लांक में पुरुषों की ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा में कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन एल्डोस पॉल ने 16.24 मीटर की जंप लगाकर प्रतियोगिता जीती। कैमरून के मार्सेल मयाक ने (15.80 मीटर) कूद के साथ रजत पदक तथा अल्जीरिया के एडेम बौलबानी ने (15.79 मीटर) कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। भारतीय एथलीट का यह प्रयास पिछले साल क्यूबा में प्रवीण चित्रवेल द्वारा बनाए गए 17.37 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 17.22 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क से कम रहा। 27 वर्षीय एल्डोस पॉल की वर्ष की दूसरी प्रतियोगिता है। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में अपने सत्र की शुरुआत में 16.59 मीटर की कूद लगाई थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास 16.99 मीटर है, जो दो साल पहले हासिल किया गया था।

# बल्लेबाजी क्रम पर बाकी है काम : रोहित

## भारतीय कप्तान बोले- हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे, गेंदबाजों की दृष्टि से अच्छा रहा अभ्यास मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए। भारत ने शनिवार को अभ्यास मैच में निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोककर नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 60 रन से जीत हासिल की।

पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा सिर्फ उसे मौका देने के लिए ऐसा किया। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं। पंत ने 32 गेंद में 53 रन की तेज पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 40 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भी 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। रोहित ने मैच के बाद कहा जिस तरह से चीजें हुईं, उससे मैं काफी खुश हूं। मुकाबले से हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे। जैसा कि मैंने टॉस के समय कहा था, परिस्थितियों के अनुकूल होना महत्वपूर्ण था। नया स्थल, नया मैदान, ड्रॉप-इन पिच - इनसे अनुकूल होना महत्वपूर्ण था और हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।



- अभ्यास मैच में भारत ने बांग्लादेश को 60 रन से दी थी शिकस्त
- राहुल द्रविड़ बोले- थोड़ी नरम और मुलायम थी पिच

### भारत का कोच बनना पसंद करूंगा: गौतम गंभीर

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे होने की अटकलों के बीच पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना पसंद करेंगे। गंभीर ने हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाया और उन्हें राहुल द्रविड़ के योग्य उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। द्रविड़ का अनुबंध टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 मई थी, लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गंभीर ने इसके लिए आवेदन भरा है या नहीं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाए। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिच थोड़ी नरम और मुलायम थी। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में कहा एक अच्छा मुकाबला मिलना बहुत बढ़िया है। बेशक, यह एक अच्छे मैदान की तरह दिखता है। मैदान थोड़ा नरम है और खिलाड़ियों को पैर की मांसपेशियों और पिंडलियों पर इसका असर महसूस हो सकता है।

### विराट को पारी की शुरुआत करनी चाहिएः मांजरेकर

**न्यूयार्क।** विशेषज्ञ और पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली तीसरे नंबर पर उतने असरदार नहीं है उन्हें रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिए। मांजरेकर ने कहा जिस तरह की टीम का चुनाव हुआ है उससे भारतीय टीम ने स्वयं के लिए ही दिक्कत बढ़ाई हैं। क्योंकि अगर आपने आईपीएल में भी देखा होगा तो विराट कोहली पहले छह ओवर में तेज शुरुआत कर रहे थे। तो अगर उन्हें यह फायदा ना मिले तो फिर समस्या हो सकती है। क्योंकि नंबर तीन पर वैसा एडवांटेज नहीं मिलता। कोहली नंबर तीन पर उतने असरदार नहीं होंगे।

# विरोधी पर ध्यान न दें, अपनी क्षमता से खेले टीम : युवराज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी-20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है।

भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है।

टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी के एंबेसडर युवराज ने कहा अतीत में हमने इन्हीं चीजों पर गौर करके जीत हासिल की।



हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया। हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। हमें अपने मजबूत पक्षों पर गौर करना होगा। हमारे पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि यह शानदार टूर्नामेंट होगा। अगर भारत जीतता है तो यह हमारे लिए शानदार पल होगा।

भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि इस बार हमारी टीम यह इंतजार खत्म कर देगी। युवराज से पूछा गया कि कौन सी टीमें फाइनल में जगह बना सकती हैं, उन्होंने कहा मेरी उम्मीद है कि भारत और संभवत वेस्टइंडीज या पाकिस्तान लेकिन ऑस्ट्रेलिया नहीं।

# द. अफ्रीका-श्रीलंका में होगा कड़ा मुकाबला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों और श्रीलंका के गेंदबाजों के बीच सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। द. अफ्रीका की बल्लेबाजी मजबूत है तो श्रीलंका के पास विविधता पूर्ण गेंदबाजी आक्रमण है। दोनों टीम अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान देकर शुरू में ही अंक तालिका में खाता खोलने की कोशिश करेंगे। इस ग्रुप में नीदरलैंड, बांग्लादेश और नेपाल की टीम की शामिल हैं जो उलट फेर कर सकती हैं।

दक्षिण अफ्रीका के पास कप्तान एडेन मार्कराम, विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, क्विंटन डी कॉक, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं। क्लासेन और स्टब्स बेहतरीन फॉर्म में हैं। इन दोनों ने हाल में आईपीएल में शानदार




प्रदर्शन किया। क्लासेन ने सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से 16 मैच में 471 रन जबकि स्टब्स ने दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए चार मैच में 378 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने तब अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया जब बीच के ओवरों में स्पिनर गेंदबाजी कर रहे होते हैं। स्पिनरों के खिलाफ इन दोनों का आक्रमक रवैया निश्चित तौर पर श्रीलंका के स्पिनर कप्तान वानिंदु हसरंगा और महीश थीक्षाना के लिए चिंता का विषय होगा।

### ओमान पर जीत से खाता खोलने उतरेगा नामीबिया

**ब्रिजटाउन।** अफ्रीका के क्वालीफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नामीबिया की टीम टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी में ओमान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगी। नामीबिया के पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी। ओमान के पास भी कुछ मंझे हुए खिलाड़ी हैं जिनके दम पर वह नामीबिया को कड़ी टक्कर देने की कोशिश करेगा। ओमान ने अप्रैल में खेली गई पांच मैच की श्रृंखला में नामीबिया को कड़ी टक्कर दी थी। नामीबिया ने आखिर में यह श्रृंखला 2-1 से जीती थी। टी-20 विश्व कप में तीसरी बार भाग ले रहा ओमान निश्चित तौर पर उस पराजय का बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगा।

# विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका ने कनाडा को हराया




**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**कनाडा :** 194/5, 20 ओवर। नवनीत धालीवाल 61, निकोलस 51, श्रेयस मोव्वा 31। **विकेट :** अली 1, हरमीत 1, सीजे एंडरसन 1।

**अमेरिका :** 197/3, 17.4 ओवर। एंड्रीस 65 आरोन जोन्स 94। **विकेट :** कलीम साना 1, निखिल दत्ता 1।

<< कनाडा के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते आरोन जोन्स।

डलास, एजेंसी

- अमेरिका के लिए आरोन जोन्स ने खेली 40 गेंद पर नाबाद 94 रन की पारी कनाडा को सात विकेट से हराया

आरोन जोन्स की 40 गेंद पर खेली गई नाबाद 94 रन की पारी की मदद से सह मेजबान अमेरिका ने टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की।

कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए। अमेरिका ने इसके जवाब में एंड्रीज गौस के 65 रन और जोन्स की तूफानी पारी की मदद से 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए। न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली। अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।

इससे पहले नवनीत धालीवाल (61) और आरोन जॉनसन (23) ने कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद निकोलस किर्टन ने 31 गेंदों में 51 रन बनाकर उसे चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई में जन्मे बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने छठे ओवर में जॉनसन को आउट करके टूर्नामेंट का पहला विकेट लिया। उनकी जगह लेने के लिए उतरे परगट सिंह भी केवल पांच रन बनाकर रन आउट हो गए। धालीवाल को हालांकि किर्टन के रूप में अच्छा साथी मिला। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने धालीवाल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। धालीवाल ने 44 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। विकेटकीपर श्रेयस मोव्वा ने 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर रन गति धीमी नहीं पड़ने दी। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए।

# इगा क्वार्टर फाइनल में, नोवाक भी जीते



जीत के बाद जश्न मनातीं चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा। >>

पेरिस, एजेंसी

- रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने ब्राजील के लूज और जोरमैन को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने अनास्तिया पोतापोवा के खिलाफ बेहद एकतरफा जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने पोतापोवा को सिर्फ 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

स्वियातेक को पूरे मुकाबले के दौरान एक भी गेम प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। पोतापोवा ने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड शॉट नेट पर मारकर मुकाबला स्वियातेक की झोली में डाल दिया। वहीं, पोलैंड की यह शीर्ष वरीय खिलाड़ी अगले दौर में पांचवीं वरीय चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा और सर्बिया की गैरवरीय ओल्गा डेनिलोविच के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी।

इससे पहले नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया। यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया। जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जोकोविच सोमवार को यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जब उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा।

वहीं, भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीय जोड़ी ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में ऑरलैंडो लूज और मार्सेलो जोरमैन की ब्राजील की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5 4-6 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा। जोरमैन और लूज को टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद नहीं थी लेकिन कई जोड़ियों के हटने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला।



<< मैच के दौरान शॉट खेलतीं जैस्मीन पाओलिनी।

# अमित और जैस्मीन ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

बैंकॉक, एजेंसी

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और राष्ट्रीय महिला चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के अपने क्वार्टर फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

कई बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में वापसी करते हुए चीन के चुआंग लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। परवीन हुड्डा (57 किग्रा) के पिछले महीने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण निलंबित किए जाने के बाद भारत को ओलंपिक कोटा गंवाना पड़ा था। जैस्मीन ने अपने 60



किग्रा को छोड़कर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल की चुनौती पेश की और देश को इस वर्ग का कोटा दिलाया। जैस्मीन ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में माली की मैरिन कामरा को आसानी से 5-0 से पराजित किया। पंघाल और जैस्मीन इस तरह ओलंपिक में जगह बनाने वाले मुक्केबाज निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) की चौकड़ी के साथ शामिल हो गए।

# रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग



**लंदन।** रियल मैड्रिड ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बोरूसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराकर रिकॉर्ड 15वीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता जीती। वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है। एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। जिनेदिन जिदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती। मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। एंसेलोटी ने कहा यह बेहद मुश्किल मैच था।

# छह जून के मैच के बाद बदल सकता है खिलाड़ियों का करियर : स्टिमक

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने रविवार को कहा कि कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर बहुत बड़ा मुकाबला है जिससे उनके खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। भारत फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा और फिर 11 जून को कतर से उसकी सरजमीं पर भिड़ेगा।

भारतीय टीम गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर हुए मैच में निचली रैंकिंग पर काबिज अफगानिस्तान से हार गई थी, लेकिन फिर भी भारत पहली बार



- फीफा विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत से भिड़ेगी भारतीय टीम

2026 विश्व कप के क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश कर सकता है। स्टिमक ने एआईएफएफ से कहा, यह बड़ा मुकाबला है। इस मैच से खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। मैं चाहता हूं कि वे अपने खेल का लुत्फ उठाएं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। मार्च में अफगानिस्तान से हुई दो भिड़ंत में भारत को केवल एक अंक मिला था जिससे टीम फीफा रैंकिंग में 121वें स्थान पर खिसक गई थी। भारतीय टीम अब कुवैत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी जो करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से विदाई मैच भी होगा। स्टिमक ने कहा इस महत्वपूर्ण मैच के लिए हमें स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग, मैच की अहमियत, मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास के संबंध में कुछ चीजें करनी होंगी। इसलिए हम खिलाड़ियों के लिए हर पहलू पर काम करेंगे ताकि वे इस मैच के लिए शीर्ष फॉर्म में रहें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# आधी रात से और महंगा हो गया बारा टोल प्लाजा से आवागमन

## एक तरफ से लेकर वापसी और मासिक पास की दरों में बढ़ोतरी लागू की गई

संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बारा टोल प्लाजा से रविवार रात 12 बजे से गुजरना और मंहगा हो गया। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से टोल टैक्स की दरें बढ़ा दी गई हैं। जो दो जून की रात 12 बजे से लागू हो गई। वहीं मासिक पास भी महंगा किया गया है।

बता दें कि बीती एक अप्रैल से टोल टैक्स की नई दरें लागू की जानी थी। लेकिन किन्ही कारणों से नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने अप्रैल माह में बढ़ी हुई दरें लागू नहीं की थी। जिससे वाहन चालकों को दो माह की राहत मिलती रही। लोगों ने सभावना जताई थी कि लोकसभा चुनाव होने के बाद नई दरें लागू की जाएंगी, जो सही साबित हुईं और बढ़ी दरें 3 जून से लागू कर दी गई हैं। बारा टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों में पांच से 25 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की गई है। इसमें कार से लेकर भारी वाहन शामिल हैं। वहीं टोल से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले निजी वाहनों कार, जीप के मासिक पास में भी दस रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। अब मासिक पास 330 रुपये की बजाए 340 रुपये में बनेगा। यह बढ़ी दरें केवल फॉस्टैग धारकों पर ही लागू होगी। बिना फॉस्टैग वाले वाहन चालकों को एक तरफ का दोगुना चार्ज देना होगा। टोल से औसतन हर रोज छोटे बड़े 28 से 30 हजार वाहन निकलते हैं। जिनसे प्रतिदिन करीब 55 से 60 लाख रुपये टोल टैक्स वसूला जाता है।


बारा टोल प्लाजा। अमृत विचार

> एनएचएआई के साथ हुए एग्रीमेंट के अनुसार हर साल टोल टैक्स की दरों में बढ़ोत्तरी की जाती है। इस बार पांच रुपये से लेकर 25 रुपये तक टोल दरें बढ़ी हैं। इसे दो जून की रात 12 बजे से लागू कर दिया गया है। साथ ही टोल प्लाजा पर नई दरों की सूची चस्पा कर दी गई हैं।
>
> –मनोज शर्मा डीजीएम बारा टोल प्लाजा

### लोकल व्यवसायिक वाहनों को मिलेगी 50 फीसदी छूट

जिले में पंजीकृत व्यावसायिक वाहनों को टोल प्रबंधन 50 फीसदी की छूट देगा। बारा टोल के डीजीएम ने बताया कि लोकल वाहन कार, जीप जो व्यवसायिक के तौर पर पंजीकृत होंगे। उन्हें एक तरफ के 180 रुपये के बजाए 90 रुपये देने होंगे।

### पांच से 25 रुपये तक बढ़ी टोल की दरें

पूर्व में कार, जीप, वैन को एक तरफ के लिए 175 देने होते थे, लेकिन बढ़ी दरों के बाद अब एक तरफ के लिए 180 रुपये, वापसी 265 रुपये व मासिक पास 5935 रुपये का होगा। इसी तरह हल्के व्यवसायिक वाहनों को 270 रुपये के बजाय अब एक तरफ का 280 रुपये, वापसी 420 रुपये और मासिक पास के लिए 9300 रुपये देने होंगे। इसी तरह बस व ट्रकों को एक तरफ के लिए 560 रुपये की जगह 570 रुपये, वापसी के लिए 855 रुपये व मासिक पास के लिए 19005, थ्री एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 610 रुपये की जगह अब 625 रुपये, वापसी के लिए 935 रुपये व मासिक पास के लिए 20770 रुपये, फोर व सिक्स एक्सल वाहनों को एक तरफ के लिए 860 रुपये की जगह 875 रुपये, वापसी के लिए 1315 व मासिक पास के लिए 29225 रुपये, तो वहीं ओवर साइज वाहनों को एक तरफ के लिए 1085 रुपये की जगह अब 1110 रुपये, वापसी के लिए 1665 व मासिक पास के लिए 37050 टोल टैक्स देना होगा।

## कमरे में मिला बाइक एजेंसी कर्मी का शव

**कानपुर देहात।** अकबरपुर कस्बे की एक मोटर बाइक एजेंसी में काम करने वाले कर्मी का शव नेहरू नगर के किराए के मकान में पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर छानबीन की है।

जनपद उन्नाव के अचलगंज निवासी अतुल शुक्ला (30) अकबरपुर स्थित एक बाइक एजेंसी में काम करता था। वह अकबरपुर के नेहरू नगर में किराए पर रहा था। शनिवार को उसका शव कमरे में संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। उसके बाहर न मिलने पर पहुंचे मकान मालिक को हादसे की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर सदर चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दी। चौकी प्रभारी विकल्प चतुर्वेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# मतगणना के चलते माती रोड से आवागमन किया प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की चार जून को अकबरपुर डिग्री कालेज में होने वाली मतगणना को लेकर पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। जिसके चलते माती रोड से आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।



पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को अकबरपुर महाविद्यालय में की जाएगी। जिसके चलते अकबरपुर माती रोड पर वाहनों का आवागमन मतगणना के दिन सुबह 6 बजे से गणना की समाप्ति तक प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में अकबरपुर चौराहे से माती व जिला न्यायालय की तरफ जाने वाले वाहन अकबरपुर चौराहा से बारा जोड़, नबीपुर होकर जाएंगे। इसी तरह न्यायालय माती से अकबरपुर की तरफ जाने वाले वाहन माती तिराहा से नबीपुर, बारा जोड़ होकर अकबरपुर की तरफ आएंगे। यह आदेश एंबुलेंस, व फायर सर्विस पर लागू नहीं होगा।

### समस्या पर मतगणना प्रेक्षकों से करें संपर्क

**कानपुर देहात।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा इटावा, कन्नौज, अकबरपुर व जालौन-गरौठा निर्वाचन क्षेत्र की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से अकबरपुर डिग्री कॉलेज अकबरपुर में संपन्न कराई जाएगी। जिसके तहत विधानसभावार मतगणना प्रेक्षक तैनात किए गए है। जिसमें विधानसभा सिकंदरा में सरवनी धर मोबाइल नंबर 9651528626 तथा विधानसभा रसूलाबाद, अकबरपुर रनियां व भोगनीपुर में विवेक चौधरी मोबाइल नंबर 9170025953 को प्रेक्षक तैनात किया गया है। जोकि लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस माती के सूट नंबर एक से चार में रुके हैं। मतगणना संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए उक्त मोबाइल नंबरों पर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और शाम 4 से 6 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

# चढ़ा तापमान दे सकता धान की नर्सरी को नुकसान

- कृषि विभाग ने किसानों के लिए जारी की एडवायजरी

**कानपुर देहात।** तेज धूप के चलते इन दिनों गर्मी कहर बरपा रही है और तापमान में भी इजाफा हो रहा है। ऐसे में कुछ किसान धान की नर्सरी लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। जबकि कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह समय धान की नर्सरी के लिए अनुकूल नहीं है। इस संबंध में कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवायजरी जारी कर तापमान कम होने तक इंतजार करने की सलाह दी है।

तेज धूप व अधिक तापमान के कारण धान के बीजों का अंकुरण और विकास प्रभावित हो जाता है। ऐसे में किसानों को अभी कुछ दिन नर्सरी न लगाने और तापमान में कमीं आने तक इंतजार करने की सलाह दी गई है।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इन दिनों तापमान करीब 45 डिग्री तक जा रहा है। ऐसे में नर्सरी लगाने पर धान के बीजों का अंकुरण ठीक से नहीं हो सकेगा। वहीं धान के छोटे पौध इतनी अधिक गर्मी और धूप भी बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। जिससे उनके झुलसने की संभावना काफी अधिक होती है। धान की पौध डालने के लिए दिन में 30 से 35 डिग्री सेल्सियस और रात को 16 से 23 डिग्री सेल्सियस तापमान होना चाहिए। जिससे धान के बीजों के अंकुरण के लिए नमीं और उचित तापमान मिल सके। उन्होंने बताया कि अभी तापमान अंकुरण के लिए अनुकूल नहीं है।


हादसे के बाद सट्टी गांव के रास्ते पर जाम लगाए लोग। अमृत विचार

# दूधिये व जेएसए में टक्कर मार दीवार से टकराया ट्रक

संवाददाता राजपुर

- खरका घाट पर बालू लादने जाते समय सट्टी बाजार में हादसा, एसओ ने समझाया

**अमृत विचार।** सट्टी गांव में खरका घाट में बालू लादने जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार दूधिये को टक्कर मार दी और ट्रक लेकर भागने के चक्कर सड़क किनारे खड़े जेएसए से टकरा गया। जिससे एक मकान की दीवार टूट गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने गांव के रास्ते में जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया।

राजपुर थाना क्षेत्र में खरका बालू घाट संचालित है। जहां से बालू लादकर सट्टी गांव के रास्ते से बालू लदे ट्रक निकलते हैं। सटटी गांव में घनी बस्ती से ट्रक निकलने से आए दिन हादसे होते हैं। शनिवार रात खरका घाट पर बालू लादने जा रहे ट्रक ने गांव के बाजार में एक साइकिल सवार दूधिये को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल में बंधे कैन से पूरा दूध सड़क पर फैल गया। जबकि दूधिया बाल-बाल बच गया। इस दौरान भागने के प्रयास में सट्टी गांव निवासी इरफान की सड़क किनारे खडी जेएसए से ट्रक टकराता हुआ मखलू के मकान की दीवार क्षतिग्रस्त करता हुआ रुक गया। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सटटी गांव के रास्ते में जाम लगा दिया। सूचना पर सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। थानाध्यक्ष ने बालू घाट संचालक को बुलाकर मामला शांत कराया। इस दौरान सट्टी-शाहजहांपुर मार्ग पर करीब तीन घंटे जाम लगा रहा। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि बालू घाट से ओवरलोड ट्रक सट्टी गांव की आबादी से निकलते हैं। जिससे हादसों का डर बना रहता है। थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि दुर्घटना में जनहानि नहीं हुई है।


सट्टी गांव में ट्रक की टक्कर से सड़क पर फैला कैन से दूध।

## वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, प्रेमी की मौत प्रेमिका गंभीर घायल

**शिवली कानपुर देहात।** सिंहपुर बिठूर गांव निवासी रवी गौतम (21) अपनी प्रेमिका को घुमाने बाइक से जा रहा था। तभी शिवली क्षेत्र के प्रतापपुर अनूपपुर गांव के समीप विपरीत दिशा में आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें प्रेमी युगल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची शिवली पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवली लाए। जहां डाक्टरों ने कानपुर हैलट रेफर कर दिया। युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं प्रेमिका की हालत नाजुक है। सूचना मिली तो घर में कोहराम मच गया। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नौतपा ने दिन में झुलसाया, रात में किया तरबतर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, लू के थपेड़ों ने किया बेहाल

**अमृत विचार।** नौतपा के चलते भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। दिन में जहां तेज धूप और लू ने लोगों को बेहाल कर रखा है। वहीं रात का पारा बढ़ने व बिजली की आंखमिचौली लोगों को पसीना-पसीना कर देती है। स्थिति यह है कि दिन की शुरूआत ही करीब 40 डिग्री तापमान से हो रही है। जबकि रात का पारा 30 डिग्री के पार पहुंच रहा है। दोपहर में लू के थपेड़े और रात को गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया है।

लू लगने के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। सिर व आंखों में दर्द और बुखार पीड़ितों की संख्या में हर रोज इजाफा हो रहा है। वहीं बिजली कटौती के चलते लोग परेशान हैं और ट्रांसफार्मर भी जवाब दे रहे हैं।


गर्मी से राहत पाने के लिए पंपिंग सेट के पाइप से निकले पानी में नहाते बच्चे।


वाटरकूलर से प्यास बुझाता युवक।

लू और गर्मी ने लोगों के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर रखा है। घर में कूलर के बाद भी पसीना छूट रहा है। वहीं बाहर कड़ी धूप शरीर को झुलसा रहा है। दोपहर में नगर से लेकर गांवों तक सन्नाटा पसरा रहता है। धूप से बचने के लिए लोग गमछा और छतरी का सहारा लेने को मजबूर हैं। वहीं बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। शाम पांच बजे के बाद ही लोग घरों से निकल रहे हैं। नौतपा के चलते गर्मी इतनी हुई जैसे आसमान से आग बरस रही हो। रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तर-पूर्वी हवाएं करीब सात किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने 5 जून के बीच आंधी के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। उधर, पुखरायां खंड के बिजली एक्सईएन कुलदीप यादव ने बताया कि गर्मी में बिजली की ज्यादा डिमांड रहती है। विभाग का यही प्रयास है कि जितनी डिमांड हो, उतनी बिजली आपूर्ति की जाए। गर्मी ज्यादा पड़ने से बिजली की भी खपत अधिक हो रही है। ओवरलोड के चलते विद्युत ट्रांसफार्मरों में फाल्ट या फुंकने की समस्या सामने आ रही है। क्योंकि गर्मी व ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर हीट हो जाते है।

# श्रम विभाग ने मजदूरों की बढ़ाई न्यूनतम मजदूरी

**कानपुर देहात।** श्रम विभाग की ओर से श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी 459 रुपये तक बढ़ा दी गई है। इसका लाभ हजारों श्रमिकों को मिलेगा। अकुशल, कुशल व अर्धकुशल श्रमिकों के लिए अलग-अलग रेट निर्धारित किए हैं। ईंट भट्ठा श्रमिकों की मजदूरी भी बढ़ाई है।

न्यूनतम मजदूरी के तहत 74 अनुसूचित नियोजनों में बढ़ी हुई मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। मजदूरी राशि में महंगाई भत्ता भी शामिल है। अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 373 रुपये, अर्धकुशल के लिए 410 व कुशल श्रमिकों के लिए 459 रुपये प्रति माह बढ़ाई गई है। सहायक श्रम आयुक्त अवधेश कुमार ने बताया कि मजदूरी का भुगतान 74 प्रकार के कार्यों के लिए नियोजक करेंगे। ईंट भट्ठे पर कार्यरत श्रमिकों में कुशल व अकुशल के लिए व अन्य 74 प्रकार की मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। ईंट भट्ठे पर अर्धकुशल श्रमिकों में पथेरा के लिए 676 रुपये, भराई वाला के लिए 204 रुपये व निकासी वाला के लिए 204 रुपये तय किया गया है। इसे 16 मई से लागू किया गया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती 31 मई की दोपहर एक किशोरी भैंस बाधने गई थी। तभी गांव का शैलेंद्र कश्यप उसे जबरदस्ती अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी थी। तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म, पाक्सो, एससीएसटी का अभियोग पंजीकृत किया था। मामले में आरोपी शैलेंद्र को पुलिस ने हसनापुर बंबा से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

# खंभा गिरने से वृद्ध की दबकर मौत

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** टिसौली गांव में तेज आंधी से छप्पर सहित ईंट का खंभा ढहने से वृद्ध नीचे दब गया। लोगों ने आनन-फानन मलवे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक वृद्ध की मौत हो गई।


भौम सिंह।

मंगलपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत भंदेमऊ के मजरा टिसौली गांव निवासी भौम सिंह (63) शनिवार रात घर के बाहर रखी झोपड़ी में लेटे हुए थे। तभी अचानक तेज आंधी आने से झोपड़ी में रखा छप्पर वं इंट का खंभा भरभरा कर उनके ऊपर ढह गया। जिससे भौम सिंह मलवे में दब गए।

आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलवा हटाकर वृद्ध को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बुजुर्ग की मौत हो गई।

जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची मंगलपुर पुलिस ने छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


आंधी से गिरा छप्पर व ईंट का खंभा। अमृत विचार

**लापरवाही की हद** 201.52 लाख रुपये से मार्च में तैयार होनी थी पानी टंकी, मौके पर पड़े पाइप हो रहे खराब, टूट गया मौके पर लगा योजना का बोर्ड

# नगीना बांगर के वाशिंदों को टोंटी से पानी मिलने का सपना अधूरा

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** हर घर जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव पानी की टंकी का निर्माण कर घर-घर पानी पहुंचाने के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत में ग्रामीण क्षेत्रों में पानी टंकियों का निर्माण समयावधि पूरा होने के बावजूद अधर में लटका है। जिससे लोगों को घर की टोंटी से पानी नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह का हाल नगीना बांगर में अधूरी पानी टंकी बयां कर रही है।

अमरौधा ब्लाक की ग्राम पंचायत नगीना बांगर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) के तहत हर घर जल, जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण के लिए बीएसएआईपीपीएल-एससीएल (जेवी) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया था। जिसका कार्य मार्च 2023 में शुरू होना था, लेकिन तक पूरा नहीं हो सका है। केवल नलकूप का बोर ही किया गया और वह भी खराब हो गया है।। जबकि निर्माण की अवधि पूरी हो चुकी है। जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को टोंटी से जलापूर्ति की आस टूट रही है। टंकी निर्माण के लिए चिंहित जगह पर लगे सांकेतिक बोर्ड के अनुसार टंकी का 201.52 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य होना है। निर्माण की अवधि मार्च 2023 से मार्च 2024 तक थी। लेकिन अभी तक टंकी का निर्माण कार्य प्रारंभ भी नहीं हो सका है। साथ ही पाइपलाइन बिछाने का काम भी आधा अधूरा कराया गया है।

टंकी के लिए चिंहित जगह पर लगा कार्य का बोर्ड भी टूटा पड़ा है। ऐसे में नगीना बांगर सेत कट्टा पुरवा गांव के लोगों को टंकी से पानी मिलने की आस टूट रही है और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्राम प्रधान संजय निषाद ने बताया कि प्रस्तावित पानी की टंकी का निर्माण समयावधि पूरा होने के बावजूद शुरू नहीं हो सका है। टंकी के लिए किया गया बोर भी चलने से पहले ही खराब हो गया है। जिससे दो गांव के लोगों को गर्मी के इस मौसम में हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है।


टंकी निर्माण स्थल पर पड़े पाइप। अमृत विचार




टंकी निर्माण स्थल पर उखड़ा पड़ा कार्य का बोर्ड। अमृत विचार

### ग्रामीणों का दर्द


गांव में पानी टंकी बनने की जानकारी पर लोगों में काफी खुशी थी, लेकिन समय पूरा होने के बावजूद अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है। जिससे पानी की आस टूट रही है। –श्यामसुंदर निषाद


गांव में जो पाइपलाइन डाली गई है वह मानक से कम गहराई में है। वहीं टंकी का काम तो शुरू ही नहीं हुआ है। जिससे भीषण गर्मी में लोग हैंडपंपों का सहारा ले रहे हैं। –मानसिंह निषाद


निर्माण एजेंसी ने टंकी बनाने के बजाय केवल बोर व कुछ इलाकों में पाइपलाइन डालकर खानापूरी कर दी। अधिकारी भी इसपर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे समस्या बनी हुई है। –हीरालाल निषाद


शुरूआत में पानी टंकी निर्माण कार्य तेजी से हुआ, लेकिन चंद दिनों बाद ही बंद हो गया। कार्यदायी संस्था समेत कोई जिम्मेदार अधिकारी भी मौके पर आकर हकीकत नहीं जांचते। –लालबहादुर मांझी

# जन आरोग्य मेले में 373 मरीजों को मिला इलाज

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- भीषण गर्मी में मरीजों की बढ़ी संख्या, चिकित्सक सावधानी की दे रहे सलाह

**अमृत विचार।** जिले के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। बढ़े तापमान के चलते बुखार, उल्टी-दस्त व त्वचा के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो है। रविवार को आरोग्य मेले में 373 बुखार, त्वचा व उल्टी-दस्त के मरीजों का उपचार किया गया।

नौतपा के चलते तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। हालत यह है कि दोपहर के समय अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। जिसके चलते लोगों न घरों में एसी, कूलर आदि का इस्तेमाल कर रहे हैं और जरूरत पर धूप में ही निकल पड़ते हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है और बुखार, उल्टी-दस्त व त्वचा मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। डिप्टी सीएमओ डॉ आदित्य सचान ने बताया कि दोपहर के समय तापमान करीब 45 डिग्री सेल्सियस पार तक चला जाता है। ऐसे में लोग घर से निकलते समय लापरवाही करते हैं। शरीर पर सूर्य की सीधी किरणें पड़ने स त्वचा झुलसने लगती है। ऐसे में बचाव करना जरूरी है। लोग बाहर निकलते समय शरीर को ढककर ही निकलें। कोई समस्या होने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें। आरोग्य मेले में जायजा लेने के लिए एसीएमओ डॉ. एसएल वर्मा ने सीएचसी अकबरपुर पहुंचे। एसीएमओ ने बताया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बुखार के 87, उल्टी-दस्त के 125 व त्वचा रोग 161 समेत कुल 1189 मरीजों का इलाज किया गया।

# रोडवेज बस चालकों का 'खेल', जीपीएस फेल

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रफ्तार पर नजर रखने के लिए लगाया था जीपीएस
- रोडवेज मुख्यालय पर बनाया गया था कंट्रोल रूम
- आज भी अपने हिसाब से सफर तय करते चालक



झकरकटी बस अड्डे के पास खड़ीं रोडवेज बसें। अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्राइवेट और लक्जरी बसों से मुकाबला करना तो दूर, अपने चालकों पर ही लगाम नहीं लगा पा रहा है। जी हां, यात्रियों को सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के साथ ही बसों की रफ्तार और ढाबों पर बेवजह रोकने की परिपाटी पर नजर रखने के लिए रोडवेज बसों में जीपीएस लगाया गया था, लेकिन बस चालकों के खेल के आगे जीपीएस व्यवस्था बिल्कुल फेल है।

परिवहन निगम के अधिकारियों ने विराम लगाने की जितनी भी कोशिशें कीं, लगभग सभी विफल हो गई हैं। ऐसे में परिवहन विभाग धीरे-धीरे धरातल की ओर जाने को मजबूर है। बसों में क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक समेत अन्य अधिकारियों के मोबाइल नंबर लिखे होते हैं, लेकिन अधिकांश बसों में ये मोबाइल नंबर या मिटा दिए गए हैं, या फिर सूची ही फाड़ दी गई है। ऐसे में यदि कोई यात्री शिकायत करना भी चाहे तो नहीं कर सकता।

रोडवेज बसों के चालक ढाबे पर घंटों रुके रहते थे, जिससे बसें तीन घंटे का सफर पांच घंटे में तय करती थीं। अधिकारी जब पूछते थे कि बस कैसे लेट हो गई तो चालक तर्क देते थे कि रास्ते में जाम लगा था। बसों की लेटलतीफी को देखते हुए परिवहन विभाग ने अपनी सभी बसों में जीपीएस लगाकर उन्हें परिवहन मुख्यालय से जोड़ दिया था। मुख्यालय में कंट्रोल रूम बनाकर एक-एक बस पर निगाह रखी जा रही थी। अधिकारी यह मानीटरिंग कर रहे थे कि बस वाकई में जाम में फंसी या बस को चालक ने अपनी चाहत के अनुसार कहीं रोक रखा था। ऐसे में कई वर्ष पूर्व जीपीएस सिस्टम से बसों को जोड़ा गया, लेकिन चालकों ने सिस्टम को उखाड़ फेंक दिया। अधिकारियों ने जितनी बार ठीक करने की कोशिश की, एक दो दिन बाद ही ये सिस्टम फिर खराब कर दिया गया।

> जीपीएस के स्थान पर अब बसों में जल्द ही पैनिक बटन लगाई जाएगी। इस पर मुख्यालय से लेकर डिपो स्तर तक काम शुरू हो गया है। बसों की हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।
>
> –सुनील अग्रवाल, एआरएम किदवई नगर डिपो

### जीपीएस से ऐसे होती थी निगरानी

- कौन सी बस कितने बजे डिपो या वर्कशॉप से निकली।
- क्या बस अपने निर्धारित समय पर संचालित हो रही है।
- क्या बस निर्धारित की गई स्पीड के अनुसार दौड़ रही है।
- क्या बस जाम में फंसी, यदि नहीं तो चालक कहां रुका रहा।

### चालक कर रहे मनमानी

- चालक जहां चाहते हैं, मनमानी तरीके से बस रोके रखते हैं।
- बसों में लगे गतिरोधक उपकरण को खराब बता हटा देते हैं।
- बस के डिपो, वर्कशॉप से निकलने का समय पता नहीं चलता।
- जाम में फंसने की बात कहकर कई घंटे देरी से बसें चलती हैं।

### झकरकटी से 1400 बसें दौड़ रहीं

शहीद मेजर सलमान खां अन्तराज्यीय झकरकटी बस अड्डा से लगभग 1400 बसें प्रतिदिन दौड़ रही हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली प्रांत की बसें शामिल हैं। बस अड्डे पर रोजाना करीब 40,000 यात्रियों का आवागमन है। इनके अलावा रोडवेज की बसें ग्रामीण अंचल से भी जुड़ी हैं, इन बसों को ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों से इसलिए जोड़ा गया था ताकि इनसे किसान अपनी सब्जी व अन्य पैदावार को आसानी से शहर लाकर उसकी बिक्री कर सकें, लेकिन इन बसों का भी कोई समय नहीं है जिससे मायूस होकर ज्यादातर किसान पिकअप, लोडर जैसे संसाधन से ही अपना कारोबार करने को मजबूर हैं।

# नतीजों से पहले ही सपा कांग्रेस में तकरार शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा विधायक ने लगाया कांग्रेस प्रत्याशी पर सहयोग नहीं करने का आरोप
- कांग्रेस अध्यक्ष बोले, पिछले चुनाव की तुलना में अधिक हुआ मतदान

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव का परिणाम आना अभी बाकी है, लेकिन मीडिया में एग्जिट पोल आधारित चुनावी समीकरणों और भाजपा की बढ़त दिखने के बाद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं के बीच तकरार शुरू हो गई है। दोनों पार्टियों के नेता अपना मत रख रहे हैं।

कानपुर नगर लोकभा सीट इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के खाते में है। इंडिया गठबंधन के दल एक-दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ने की तैयारी में जुट गए हैं। सपा के कैंट विधायक रूमी हसन का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा और कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों से कई बार कहा गया कि कैंट क्षेत्र में 1 लाख 80 हजार से अधिक मतदाता हैं, क्षेत्र में चुनाव कार्यालय होना चाहिए। मतदान के दिन घर-घर से वोटर निकालने के लिए टीम होना चाहिए, लेकिन कैंट क्षेत्र में कोई कारगर उपाय नहीं हुआ। इसी का नतीजा रहा कि कैंट क्षेत्र में 50 प्रतिशत मतदान ही हो सका।

उधर, महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी का कहना है कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ा है। कैंट विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कायार्लय खोले गए थे। मतदान के दिन टीम काम कर रही थी। चुनाव परिणाम को लेकर एग्जिट पोल में जो अनुमान लगाए जा रहे हैं, वह पूरी तरह से फर्जी हैं, कानपुर नगर से इंडिया गठबंधन के आलोक मिश्रा ही विजयी होंगे।

# बत्ती के लिए दौड़ा 'करंट', हाईवे जाम कर हंगामा

## रमईपुर में सड़क पर उतरी भीड़, उपकेंद्र पहुंचकर बंद कराई आपूर्ति, विधायक के हस्तक्षेप के बाद शांत हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीन ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद भी विभाग ने नहीं ली कोई सुधि
- आठ दिन से तीन सौ घरों की बिजली गुल होने पर फूटा गुस्सा



रमईपुर में कानपुर–सागर हाईवे पर जाम लगाए ग्रामीणों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिधनू क्षेत्र के रमईपुर में आठ दिनों से तीन ट्रांसफार्मरों के फुंके पड़े होने और तीन सौ घरों की बत्ती गुल होने से रविवार को लोगों का गुस्सा भड़क गया। सड़क पर उतरी भीड़ ने कानपुर-सागर हाईवे जाम कर हंगामा काटा। लोगों का आरोप था कि गर्मी के कारण कस्बे में आठ दिनों के भीतर दस लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन विभाग कोई सुधि नहीं ले रहा है।

रविवार की सुबह ग्रामीणों ने महिलाओं के साथ हाईवे पर जाम लगाकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची बिधनू और सेन पश्चिम पारा थाने की पुलिस ने भीड़ को समझाने-बुधाने का प्रयास किया, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। चिलचिलाती धूप में पसीने से तरबदर भीड़ में गुस्सा झलक रहा था तो जाम में फंसे वाहन सवार खासे परेशान थे। पुलिस किसी तरह लोगों को समझाकर जाम खुलवाने के प्रयास में लगी रही। इसके बाद बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने फोन पर अधिशाषी अभियंता से बात कर लोगों को जल्द अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर रखे जाने का भरोसा दिलाया, तो भीड़ भारू उपकेंद्र पहुंच गई और हंगामा शुरू कर दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक रमईपुर की करीब दस हजार की आबादी में दो सौ कामर्शियल समेत पांच सौ बिजली के कनेक्शन हैं, जिन्हें एक 250 केवीए और दो 100 केवीए के ट्रांसफार्मरों से आपूर्ति दी जाती है। कस्बे में अभी भी केबल की जगह जर्जर तारों से आपूर्ति की जा रही है। इसकी वजह से लोग कटिया डालकर बिजली भी चोरी कर रहे हैं। कटिया पड़ते ही लोड बढ़ जाता है, जिससे ट्रांसफार्मर फुंक जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार आठ दिन में 250 केवीए का ट्रांसफार्मर तीन बार फुंक चुका है। ट्रांसफार्मर बदले जाने के बाद भी वोल्टेज कम रहता है, जिससे पंखे भी नहीं चल पाते हैं। भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से कस्बे में दस लोगों की जान जा चुकी है। लोगों का कहना है कि रविवार सुबह भी दो लोगों की गर्मी की वजह से मौत हो गई, जिससे लोगों का गुस्सा भड़क गया। भीड़ रमईपुर चौराहे के पास हाईवे पर उतर आई और महिलाओं के साथ जाम लगा दिया। भीड़ ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बिधनू व सेन पश्चिमपारा थाने की पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मामला शांत होने के बजाय नोकझोंक होने लगी। बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने फोन पर अधिशाषी अभियंता से बात कर लोगों को जल्द समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिया।

### गेट पर ताला डालकर उपकेंद्र में छिपे कर्मी

विधायक के आश्वासन के बाद भीड़ हाईवे से हटकर भारू उपकेंद्र पहुंच गई, जहां भीड़ को देखकर कर्मचारी गेट पर ताला डालकर अंदर छिप गए। कुछ देर बाद कर्मचारियों ने ताला खोला तो गुस्साई भीड़ अंदर पहुंची और उपकेंद्र के सभी फीडरों की आपूर्ति बंद करा दी। कर्मचारियों की ओर से काम शुरू करने पर 15 मिनट बाद भीड़ वहां से हटी।

### तीन घंटे तीन किमी लंबा जाम लगा रहा

जाम लगने से हाईवे पर दोनों ओर करीब तीन किमी लंबा जाम लग गया। इस दौरान भीषण धूप और लू के थपेड़ों के बीच वाहन सवार लोग बेहाल हो उठे। कुछ लोग तो लंबा जाम देखकर वहीं से लौट गए और कुछ लोग इधर–उधर के रास्तों से निकलने की कोशिश करते रहे। जिनको गाड़ी बैक करने की जगह नहीं मिली, वे जाम में फंसे रहे। विश्वविद्यालयी परीक्षा देकर लौटे परीक्षार्थी भी जाम में फंसे रहे। पसीने से तरबतर लोग खीझ निकालते रहे।

# जयपुरिया स्कूल ने नहीं लिया एक भी एडमिशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो नोटिस के बावजूद विभाग को नहीं दी कोई भी सूचना
- बच्चों का सत्यापन कराने का भी लग चुका है आरोप

**अमृत विचार।** आरटीई को लेकर सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने अभी तक एक भी प्रवेश नहीं लिए। जिला प्रशासन की दो नोटिस और बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से भेजी गई सूचना के बाद भी स्कूल की ओर से अब प्रवेश संबंधी को जानकारी नहीं दी गई। प्रशासन की ओर से प्रवेश कराए जाने की समय सीमा खत्म होने के बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग को स्कूल ने किसी तरह की रिपोर्ट नहीं सौंपी है। उधर स्कूल बच्चों का सत्यापन कराए जाने का भी आरोप लग चुका है। अब बेसिक शिक्षा विभाग स्कूल के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के प्रवेश कराने के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग जोर लगा रहा है। योजना के तहत अब तक जिले में तीन सूची जारी हो चुकी है। इन तीनों सूची जारी होने के गाद भी स्कूलों की मनमानी जारी है। बेसिक शिक्षा व विभाग की समीक्षा में खुलासा हुआ कि कैंट स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने अभी तक एक भी प्रवेश नहीं लिया है। सूचना मांगे जाने के बावजूद भी उसने विभाग को प्रवेश संबंधी कोई जानकारी नहीं दी है। योजना के तहत स्कूल को 52 प्रवेश लेने थे। 52 में से स्कूल की ओर से अब तक एक भी प्रवेश की जानकारी बेसिक शिक्षा विभाग को नहीं दी गई है। पूरे मामले पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि जयपुरिया स्कूल ने विभाग को अब तक एक भी प्रवेश की सूचना नहीं दी गई है।

### पिछले साल भी सख्ती के बाद लिए थे प्रवेश

कैंट स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल ने पिछले सत्र में भी प्रवेश लेने में अनाकानी की थी। उस वक्त भी प्रशासन की ओर से स्कूल के प्रतिनिधि को तलब किया गया था। पिछले शैक्षणिक सत्र में बच्चों के प्रवेश को लेकर स्कूल ने वॉर्ड संबंधी समस्याएं गिनाई थी। प्रशासन व शिक्षा विभाग की ओर से कड़ाई किए जोने के बाद स्कूल ने प्रवेश लिए थे।

# पानी की कमी को पूरा करता नारियल पानी और तरबूज का फल

**कानपुर देहात।** अकबरपुर सीएचसी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शिवम तिवारी ने बताया कि गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए छाछ बहुत ही अच्छी होती है। इसमें एसिड पाया जाता है, जोकि स्कीम मिल्क से ज्यादा स्वास्थ्य वर्धक होता है। ये शरीर में चुस्ती-फुर्ती लाता है। इसका सेवन खाने के बाद किया जाता है। क्योंकि ये पाचन में बहुत मददगार साबित होता है।

उन्होंने बताया कि नारियल पानी भी गर्मियों के लिए सबसे बेहतर है। इसमें अधिक मात्रा में कैल्शियम, क्लोराइड और पोटेशियम पाया जाता है। खीरे को भी गर्मियों के लिए बहुत परफेक्ट माना गया है। क्योंकि इसमें पानी की मात्रा बहुत अधिक होती है।

खीरा गर्मियों में होने वाले गैस, एसीडिटी, सीने में जलन की समस्याओं को भी दूर करता है। तरबूज भी शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है। गर्मियों में इसका अधिक सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है। इसमें सोडियम, पोटेशियम और विटामिन बी पाया जाता है।

# अब परिषदीय स्कूलों में भी होगी हेल्प डेस्क

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- जुलाई तक सभी स्कूलों में हेल्प डेस्क बनाने के निर्देश

**अमृत विचार।** कॉन्वेंट की तर्ज पर अब परिषदीय स्कूलों में भी अभिभावक हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। इसमें अभिभावकों को स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बच्चों की शैक्षिक प्रगति भी बताई जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने जुलाई माह तक इसको प्रभावी बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जिले में 1925 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 1.40 लाख के करीब विद्यार्थी पंजीकृत हैं। दरअसल सरकारी स्कूलों में योजनाओं के माध्यम से काफी परिवर्तन लाया जा चुका है, लेकिन अब भी कुछ गतिविधियां हैं जो कॉन्वेंट से कम हैं। इसके कारण बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए अभिभावक निजी स्कूलों की ओर ज्यादा आकर्षित होते हैं। क्योंकि इनमें हर महीने मासिक टेस्ट होता है। अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों के बारे में बताया जाता है। जबकि परिषदीय विद्यालयों में यह व्यवस्था नहीं है। अब परिषदीय विद्यालयों में हेल्प डेस्क बनाने की योजना तैयार हुई है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि हेल्प डेस्क से अभिभावकों को स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बच्चों की शैक्षिक प्रगति भी बताई जाएगी। इस दौरान अभिभावकों की ओर से यदि कोई शिकायत मिलेगी तो उसका रिकार्ड सुरक्षित रखने के लिए रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए काफी प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चों के बौद्धिक विकास में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए शासन स्तर से यह पहल की गई है। सभी स्कूलों में हेल्प डेस्क बनाने के लिए प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं।

### सरकारी योजनाओं की भी मिलेगी जानकारी

हेल्प डेस्क से सरकारी योजनाओं का भी प्रचार–प्रसार होगा। समग्र शिक्षा योजना, बेटी बचाओ, कन्या सुमंगला योजना आदि की जानकारियां दी जाएंगी। साथ ही आउट ऑफ स्कूल बच्चों के बारे में भी अभिभावकों को बताया जाएगा। यही नहीं स्कूल में वापसी का प्रयास भी हेल्प डेस्क के माध्यम से होगा। अभिभावकों को यदि कोई शिकायत रहती है तो वह हेल्प डेस्क पर दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों को रिकॉर्ड के रूप में सहेजा जाएगा। अभिभावक अपने बच्चों की शैक्षिक स्थिति के बारे में भी जान सकेंगे। इससे सहूलियत होगी।

# जीआईसी के शिक्षकों को ट्रेनिंग देगा आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गांधी नगर में मिलेगा पांच दिन का विशेष प्रशिक्षण
- इस साल बोर्ड परीक्षा में शहर के तीन स्कूलों ने दिए मेधावी

**अमृत विचार।** जिले के पांच शिक्षकों को आईआईटी गांधी नगर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को पढ़ाई के नए तरीके सिखाए जाएंगे। पांच दिन के इस प्रशिक्षण में तीन जीआईसी को शामिल किया गया है। यह वे स्कूल है, जिन्होंने इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस तरह के प्रशिक्षण में जिले के सरकारी स्कूल के शिक्षक पहली बार शामिल होने जा रहे हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार जिले के राजकीय इंटर कॉलेजों ने लंबे समय बाद मेरिट में अपना स्थान बनाया है। इन स्कूलों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विजय नगर, राजकीय इंटर कॉलेज नरवल और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिधनू को शामिल किया गया है। इन तीनों ही स्कूलों के मेधावियों ने इस बार 97 फीसदी सं अधिक अंकों को हासिल कर बोर्ड की मेरिट सूची में अपना स्थान पक्का किया था। राजकीय इंटर कॉलेजों की इस उपलब्धि पर आईआईटी की ओर से विशेष प्रशिक्षण दिए जाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि 5 से शुरू होने वाले इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को शिक्षण कार्य के नवीन तरीके सिखाए जाएंगे। इसके अलावा कम संसाध्रनों में अधिक आउटपुट के लिए पाठ्यक्रम के विशेष समायोजन का भी तरीका समझाया जाएगा। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पहली बार जीआईसी के शिक्षकों को आईआईटी गांधी नगर में होने वाली विशेष ट्रेनिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। इस ट्रेनिंग से विभाग को बेहतर लाभ होगा। सबसे अधिक लाभ स्कूल के विद्यार्थियो को इस प्रशिक्षण के जरिए हो सकेगा।

### बौद्धिक क्षमता भी परखना सीखेंगे

शिक्षा अधिकारियों की ओर से बताया गया कि पांच दिन तक चलने वाले इस विशेष प्रशिक्षण में शिक्षक मनोविज्ञान संबंधी जानकारियां भी हासिल करेंगे। शिक्षण कार्य के दौरान छात्र–छात्राओं का बौद्धिक स्तर की जानकारी हासिल कर उन्हें किस तरह से पढ़ाना है यह भी सीखेंगे। इसके अलावा बेहतर बौद्धिक स्तर वाले विद्यार्थियों को किस तरह से बेहतर अंक के लिए तराशना है उसका भी तरीका उन्हें बताया जाएगा।

**तैयारी** जांच, इलाज व लक्षणों के प्रति किया जाएगा जागरूक, संक्रमित एनोफिलीज मादा मच्छर के काटने से होता है मलेरिया का रोग

# मच्छरों से निपटने को पूरे माह चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग ने बारिश के मौसम से पहले मच्छरों की रोकथाम की तैयारी शुरू कर दी है। मच्छर जनित बीमारी मलेरिया की रोकथाम के लिए विभाग ने 'मलेरिया रोधी माह' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसका मुख्य उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मलेरिया से बचाव, लक्षण, जांच और इलाज के प्रति जागरूक करना है। इसके साथ ही विभाग जिन क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप अधिक होगा, उनको चिह्नित भी करेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि संक्रमित एनोफिलीज मादा मच्छर के काटने से व्यक्ति मलेरिया की चपेट में आता है। यह मच्छर गंदे पानी में पनपते है। इसलिए घर व आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखना विशेष रूप से जरूरी है। कही भी गंदगी और गंदा पानी ऐसे में बिल्कुल भी जमा न होने दें।

इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति या बच्चे को तेज बुखार, बदन दर्द, सिरदर्द, उल्टी, शरीर पर दाने, नाक से खून आना या उल्टी में खून आना जैसी कोई भी समस्या होती है, इन लक्षणों को नजरअंदाज बिल्कुल नहीं करना चाहिए। तत्काल पास से स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज और जांच कराएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें।

उन्होंने कहा कि मच्छर जनित रोगों से बचाव और नियंत्रण के संबंध में लोगों के बीच जागरुकता उत्पन्न करना बहुत जरूरी है। मलेरिया रोगों की पहचान के लिए सभी बीमार रोगियों की जांच की जाएगी। धनात्मक पाए गए रोगियों को उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा ने बताया कि 'हर रविवार मच्छर पर वार', 'लार्वा पर प्रहार मलेरिया का संहार' और 'बुखार में देरी पड़ेगी भारी' आदि संदेशों को प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

### बीमार लोगों की बनाई जाएगी सूची

जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह ने बताया कि मलेरिया रोधी जून माह के संबंध में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मलेरिया की जांच और इलाज की सुविधा जिले के सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। मलेरिया रोधी माह के संबंध में सभी सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर बीमार लोगों की सूची तैयार करेंगी। उसके बाद संबंधित क्षेत्र के प्रभारी बीमार व्यक्ति को इलाज मुहैया कराने का काम करेंगे।

### मलेरिया के लक्षण

- सर्दी व कंपन के साथ एक या दो दिन छोड़कर बुखार आना।
- तेज बुखार, उल्टी और सिरदर्द ।
- बुखार उतरते समय पसीना आना।
- बुखार उतरने के बाद थकावट व कमजोरी।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- बुखार होने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच कराएं।
- हल्के सूती वस्त्र पहनें और कमरे को ठंडा रखें।
- सिर, हाथ–पांव व पेट पर सामान्य पानी की पट्टी रखें।
- झोलाछाप लोगों से इलाज कराने से बिल्कुल बचें।
- पानी, नारियल पानी, शिकंजी, ताजे फलों का रस पीएं।
- बिना डॉक्टर की की सलाह के दवाएं बिल्कुल न खाएं।

### बचाव के उपाय

- दरवाजे और खिड़कियों पर जाली लगवाएं।
- नियमित मच्छरदानी और मच्छररोधी उपाय अपनाएं।
- अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने दें।
- पानी की टंकी ढक कर ही रखें।
- पूरी बांह वाली कमीज, पैंट पहनें।
- घर और कार्य स्थल के आसपास पानी जमा न होने दें।
- कूलर, गमले आदि को साप्ताहिक खाली कर सुखाएं।
- गड्ढों में जमा पानी मिलने पर उसे मिट्टी से ढक दें।

# ट्रैफिक के हिसाब से दें सिग्नल

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह ने गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी सेक्टर प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि यातायात दबाव की स्थिति के अनुसार ट्रैफिक सिग्नल की अवधि को कम कर सकते हैं, जहां पर ट्रैफिक दबाव कम है। शहर के प्रमुख चौराहों जैसे टाटमिल, फजलगंज, विजयनगर, रेवश्री पर सिग्नल को ट्रैफिक दबाव के अनुसार चलाया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रेया सिंह पुत्री उपेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी– ग्राम–भवानीपुर, पोस्ट– रायपुर, तहसील– लालगंज, जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरा सही नाम श्रेया सिंह है। एल.आई.सी. की पालिसी संख्या– 217365682 के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम मान्सी सिंह लिख गया है, जो कि गलत है।

**केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज**
गोला गोकर्णनाथ–खीरी

**आवश्यकता है**

यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। **आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0:500/–**

**अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइटः www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।**

**प्रबन्धक/प्राचार्य**

# मोबाइल, माचिस व इलेक्ट्रानिक डिवाइस पर रोक

## मतगणना : पांच-पांच बूथों की रैंडम गिनी जाएंगी वीवीपैट की पर्चियां, विजय जुलूस पर लगाया प्रतिबंध

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी सी इंदुमति और पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने मतगणना को लेकर एक दिन पूर्व बैठक की थी। कहा कि विजयी प्रत्याशी कोई भी जुलूस नहीं निकालेंगे।

बताया कि चार जून को सुबह आठ बजे मतों की गणना मंडी समिति में होगी। मतगणना के समय मोबाइल फोन, माचिस, बीड़ी, तंबाकू, हथियार, कैल्कुलेटर, इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि पर रोक रहेगी। सभी वाहन केंद्र से 100 मीटर दूर पार्क किए जाएंगे। मीडिया कर्मियों को फोन सेंटर तक ले जाने की अनुमति होगी। बताया कि मतगणना केंद्र की संपूर्ण प्रक्रिया सीसीटीवी-वीडियोग्राफी की निगरानी में रहेगी। प्रत्येक केंद्र के टेबिल संख्या-एक पर वीवीपैट काउंटिंग बूथ बनाया गया है, जिस पर सहायक रिटर्निंग आफीसर द्वारा प्रेक्षक, रिटर्निंग आफीसर एवं सभी प्रत्याशियों/अभिकर्ताओं की मौजूदगी में रैंडमली पांच-पांच बूथों का चयन होगा। फिर वीवीपैट की पर्चियों को गिनकर मिलान किया जाएगा। यह प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में होगी।



● मीडिया कर्मियों को मोबाइल सेंटर तक ले जाने की अनुमति

### चुनावी चर्चाओं ने पकड़ा जोर

मतगणना के पहले एक बार फिर समर्थकों में हार-जीत को लेकर दावों का दौर तेज हो गया है। मतगणना को लेकर समर्थक एक बार फिर आंकड़ेबाजी करने लगे है। समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे है। शहर के चौराहों से लेकर गांव की गलियों तक चुनावी चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है।

### हर विस क्षेत्र में राजनीतिक दल नियुक्त कर सकेंगे 16-16 एजेंट

**फतेहपुर ।** फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र की मतगणना चार जून को कड़ी सुरक्षा के बीच कराई जाएगी। सभी पंडालों में 14- 14 टेबल लगाई जाएंगी। इसके साथ एक एक टेबल आरओ तथा एआरओ की भी लगाई जाएगी। राजनीतिक दल 16- 16 एजेंट नियुक्त कर सकेंगे। बताया कि मंडी समिति में 4 जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु होगी। प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र की मतगणना के लिए निर्धारित हॉल में 14 टेबिल लगाई जायेगी। इसके अतिरिक्त एक टेबिल सहायक रिटर्निंग आफिसर के लिए रहेगी। डाकमतपत्रों की गणना रिटर्निंग आफीसर की टेबिल पर की जायेगी जिसके लिये अलग से पण्डाल पोस्टल बैलिट के लिये नियत है। यह भी बताया है कि इस प्रकार प्रत्याशी निर्वाचन अभिकर्ता इन मतगणना मेजों के लिए अधिकतम 16 गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते है। सभी प्रत्याशियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं को पूर्व में सूचना दी जा चुकी है। मतगणना के दिन उन्हीं अभिकर्ताओं को गणना हाल के अन्दर प्रवेश दिया जायेगा, जिनके पास विधिक रूप से जारी फोटो युक्त परिचय पत्र होगें। मतगणना अभिकर्ता अपने फोटो परिचय पत्र सहित 4 जून को सुबह सात बजे अपनी टेबिल संख्या के पास उपस्थित हो जायें। मतगणना अभिकर्ता की जिस टेबिल के लिए नियुक्ति हुई है वह टेबिल से अन्य किसी टेबिल अथवा अन्य किसी पण्डाल में नहीं जा सकेंगे।

#### गेट नबंर एक से मिलेगा प्रवेश

मतगणना के दिन फोटो परिचय पत्र धारक मतगणना पंडाल में प्रवेश द्वार गेट न 1 पर जांच कराने के उपरान्त ही प्रवेश कर सकेगे। इसके अतिरिक्त मीडिया सेन्टर पब्लिक कम्युनिकेशन सेन्टर प्रत्याशियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं के प्रयोगार्थ कन्ट्रोल रूम, कम्युनिकेशन सेंन्टर, शिकायत प्रकोष्ठ आदि की मतगणना स्थल पर व्यवस्था की गयी है। वाहन निर्धारित चिन्हित पार्किंग स्थल पर खड़े किये जायेंगे।

#### पुलिस वेरीफिकेशन के बाद मिलेगा एजेंटों को पास

मतगणना एजेंटों की नियुक्ति को फार्म-18 भरकर प्रत्येक प्रत्याशी जमा करने के बाद उसका पुलिस वेरिफिकेशन किया जाएगा एवं आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानक पूरे करने के बाद ही पास जारी होगा। बिना पास प्रवेश नहीं दिया जाएगा। निर्धारित विधानसभा के जिस टेबिल पर एजेंट की नियुक्ति है, वह उसी पर मौजूद रहेगा।

# ट्रैक से उतरी मालगाड़ी, पहिया निकला

संवाददाता, फतेहपुर



ट्रैक से उतरी मालगाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रूट पर जा रही मालगाड़ी डाउन लाइन पर ट्रैक से उतर गई। मालगाड़ी के चलने के दौरान पहिया निकलकर बाहर आ गया। इसके बाद मालगाड़ी की बोगियां एक-दूसरे से टकराने लगीं। हादसे में जनहानि नहीं हुई है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। मालगाड़ी का पहिया निकलने के कारण डाउनलाइन पर रेल ट्रैफिक प्रभावित रहा। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर रवाना हो गए हैं।

मालगाड़ी के ट्रैक से उतरने की घटना कटोघन रेलवे स्टेशन के पास का है। डीएफसीसी के कटोघन रेलवे स्टेशन पर डाउन लाइन से जा रही मालगाड़ी का एक वैगन रविवार सुबह 05:17 बजे पटरी से उतर गया। ब्रेकवान (गार्ड वाला कोच) से 34वें वैगन के बेपटरी होने से अन्य ट्रेनों को उनके स्टेशनों पर रोका गया। क्रेन की मदद अफसरों की देखरेख में राहत का काम शुरू कराया गया। प्रयागराज के अधिकारियों ने भी मौका मुआयना किया।

● दिल्ली-हावड़ा रेल रूट की डाउन लाइन बाधित

हादसे का कारण जानने के लिए टीम को लगाया गया है। मालगाड़ी की डाउनलाइन बाधित होने की स्थिति को देखते हुए ट्रैक को जल्द से जल्द खाली करने और ट्रैफिक को रिस्टोर करने की कोशिश की जा रही है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभागों के अफसर मौके पर पहुंचे और लाइन दुरुस्त कराना शुरू किया गया। अधिकारियों के अनुसार लाइन पर ट्रैफिक शुरू करने में 12 घंटे का समय लग सकता है।

# रात के बाद सुबह नहीं, दोपहर का एहसास

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में भीषण गर्मी से लोगों के साथ ही पशु पक्षी बेहाल हैं। सुबह सात बजे से ही तेज धूप की तपिश दोपहर का अहसास करा रही है। वहीं तापमान में इजाफा होने व आसमान में दहकता सूरज शोले बरसा रहा है। प्रचंड गर्मी व लू के थपेड़े राहगीरों को झुलसा रहे हैं। जबकि बिजली की कटौती लो वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या से बेचैनी बढ़ रही है।

जिले में नौतपा के आखिरी दिन सूरज के तल्ख तेवरों के कारण प्रचंड गर्मी रही। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। गर्मी के साथ बिजली की कटौती व लो वोल्टेज के साथ ट्रिपिंग की समस्या से उपभोक्ता आजिज हैं। भीषण गर्मी में बिजली की किल्लत से लोगों का दिन छिन गया है, जबकि रात में लोग ठीक से नींद भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। रात में पारा सामान्य से 3.6 डिग्री ऊपर जाकर 30.4 डिग्री पर पहुंच गया। इससे बढ़ी गर्मी से लोग पसीने से तर बतर हो गए। कई जगह बिजली गुल रहने से लोगों ने गर्मी से निजात के लिए हाथ पंखों का सहारा लिया। रविवार को सुबह सात बजे से ही तेज धूप व गर्म हवा लोगों को झुलसाने लगी। इससे लोग घरों से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। जरूरी काम से निकले लोग चेहरा ढापकर व फिर सिर व चेहरा अगोंछे से ढककर निकले।

● बिजली कटौती, लो वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या अलग

● भीषण गर्मी बढ़ा रही बेचैनी काम नहीं कर रहे कूलर

### पल-पल सूख रहे हलक

- गर्मी से बेहाल लोग व राहगीर पेड़ों की छाया में डेरा जमाए दिखे। जबकि सूख रहे गले को तर करने के लिए मारा मारी की स्थिति रही। शाम को हवा के रुख बदलने से तपन से तो राहत मिली, लेकिन उमसभरी गर्मी बरकरार रही। मौसम विभाग की मानें तो अगले पांच दिनों तक आसमान में बदली रहेगी। जबकि आगामी 5 जून के तब धूल भरी आंधी के साथ बारिश होने की भी संभावना जताई गई है। उम्मीद है कि जल्द ही लोगों को बारिश के बाद गर्मी से राहत मिलेगी।

### जैसे तैसे कर रहे ट्रेन का इंतजार

- दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर करोड़ों की सालाना आय वाले रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का टोटा है। पर्याप्त छायादार शेड नहीं होने से यात्री चिलिचिलाती धूप से बचने के लिए प्लेट फार्म पर खड़े पेड़ों के नीचे ट्रेन का इंतजार करते हैं, हालांकि यहां निर्माण कार्य जारी है। रविवार को भी स्टेशन पर यात्री पेड़ों के नीचे डेरा जमाए दिखे। जबकि सूख रहे गले को तर करने के लिए बाहर दुकानों पर भीड़ लगी रही।

# टूट गया 2020 का रिकार्ड, इस बार छह डिग्री अधिक रहा

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद में गर्मी के सारे रिकार्ड टूट गए। मौसम विभाग की माने तो कई दशकों बाद गर्मी गजब ढा रही है। पारा भी 45 डिग्री के आस पास घूम रहा है। पिछले पांच सालों की बात करें तो 2020 में ही मई में 42 डिग्री अधिकतम तापमान पहुंचा था लेकिन इस बार तो 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

आसमान से ऐसी आग बरस रही है कि धरती भट्ठी बन गई है। घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। जिंदगियां भी खतरे में आ गई हैं। उच्चतम स्थिति की ओर चढ़ रहे पारे में एसी, कूलर और पंखे भी काम नहीं कर रहे हैं। पीने के पानी की किल्लत है तो वहीं नदियों और पोखरों में पानी भी सूख रहा है। भीषण गर्मी ने इस बार लोगों को झुलसाकर रख दिया है। कहर ढा रही गर्मी में पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थिति ऐसी हो रही है कि जनपद का पारा रिकार्ड बनाने की ओर है। दिन भर लू की चपेट में रहने वाले जनपद में चारों तरफ बेचैनी का माहौल दिखाई पड़ रहा है। मई माह में 15 तारीख के बाद से हालात सबसे अधिक खराब बने हुए हैं। मौसम जानकारों की मानें तो पिछले पांच दशकों में जनपद में मौसम का पारा 45 डिग्री के पार नहीं गया है। कड़ी धूप में चलते चलते लोग बेहोश हो जा रहे हैं। 25 मई से तो गर्मी ने हर किसी को हैरान कर दिया है। 25 मई के बाद से एक भी दिन ऐसा नहीं जब तापमान 42 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया हो।

● 15 मई के बाद से हालात सबसे अधिक खराब



छाता लगाकर जाती युवती।



इस तरह निकलते हैं राहगीर।

### कूलर-पंखों से भी राहत नहीं

मौसम का हाल ऐसा है कि दिन के साथ रात का भी पारा बढ़ने लगा है। लोग दिन में तो जहां बेचैन रहते ही हैं रात में ही उनकी नींद उड़ी है। कूलर, पंखे और एसी भी काम करना बंद कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि गर्मी का असर पिछले एक सप्ताह से रात तेजी के साथ बढ़ा है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान का जो रिकार्ड बन रहा है उससे लोगों की सेहत भी बिगड़ रही है।

### राहत की उम्मीद नजर नहीं आ रही

मौसम के बिगड़े मिजाज से हाल फिलहाल राहत की उम्मीद भी नहीं दिखायी पड़ रही है। जानलेवा गर्मी में हर कोई खतरे में है। यहां तक कि संभावना तो यह जतायी जा रही है कि चार जून तक तापमान अपने उच्चतम रिकार्ड पर रहेगा। ज्यादा गर्मी से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। लोग अपपनी सेहत को लेकर खासे चिंतित हैं। बाजारों में रिकार्ड तोड़ गर्मी से हालात इस कदर खराब हैं कि दोपहर में तीन से चार घंटो के लिए प्रतिष्ठान भी बंद हो रहे हैं। जून माह की शुरुआत भी गजब की गर्मी के साथ हुयी। पारा 45 डिग्री के ईद गिर्द रहा। सुबह 8 बजे से ही गर्मी का असर बढ़ने लगा था। ज्यों ज्यों घड़ी की सुइयां आगे बढ़ीं तो गर्मी का असर बढ़ता गया। दस बजे तक तो हालात काफी खराब होते दिखायी पड़े। सूर्यदेव की तपिश ऐसी थी कि लोग घरों से निकलने को भी बेबस नजर आये। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से पहले ही भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया जा चुका है। मौसम विभाग की ओर से जिस तरह से अनुमान लगाये जा रहे हैं उससे नहीं लगता है कि गर्मी जल्द ही पीछा छोड़ेगी। जून के अंतिम सप्ताह में मानसून के दस्तक देने का अनुमान लगाया गया है।

# लू व डायरिया की चपेट में आ रहे बुजुर्ग और बच्चे

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पिछले सप्ताह से तापमान में अधिक पर गर्मी होने के कारण डायरिया के मरीजों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है इसे कारण जिला अस्पताल के वार्ड मरीजों से फुल हो चुके हैं। रविवार की छुट्टी होने से ओपीडी बंद रहीं बावजूद इसके दोपहर तीन बजे तक उल्टी-दस्त, डायरिया व बुखार के 26 मरीज इमरजेंसी कक्ष में पहुंचे। जिनमें एक डायरिया के मरीज को भर्ती भी किया गया।

जिला अस्पताल के फिजीशियन डा एनके सक्सेना ने बताया कि रोजाना लू व डायरिया की चपेट में आने से सैकड़ों की संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। रविवार को छोड़कर रोजाना का औसत देखा जाए, तो इमरजेंसी से दो से चार मरीज कानपुर के लिए रेफर हो रहे हैं। डॉक्टर का मानना है कि दिन में तापमान अधिक होने की वजह से ही डायरियां का प्रकोप बढ़ा हुआ है। लोगों को सावधान रहने की जरुरत है। बहुत ही जरुरी काम पढ़ने पर धूप में निकलने का प्रयास करें।



वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

● जिला अस्पताल के वार्ड फुल इमरजेंसी में पहुंचे 26 मरीज

### यह हैं डायरिया के लक्षण

- जी मिचलाना
- उल्टी और दस्त होना
- पेट फूलना
- डकार आना

### डायरिया से बचने को यह करें

- प्रचुर मात्रा में पानी पिएं
- दस्त होने पर एक ओआरएस का घोल जरूर पिएं
- डायरिया के मरीज ज्यादा गर्म और ज्यादा ठंडा पानी भी न पिएं
- शराब पीने से परहेज करें
- सीजन में आने वाले फलों का सेवन करें और जूस भी पिएं

### पीडियाट्रिक वार्ड में भी बेड खाली नहीं

जिला अस्पताल में पीडियाट्रिक वार्ड में भी बेड खाली नहीं हैं। गर्मी में बच्चे ज्यादा बीमार पड़े हैं। बीते एक माह में दौरान पीडियाट्रिक वार्ड फुल रहता है। जैसे ही कोई बच्चा ठीक होकर जाता है तब तक दूसरा आ जाता है। डायरिया की चपेट में बच्चे ज्यादा आ रहे हैं। सीएचसी और पीएचसी में रेफर करके डाक्टर पल्ला झाड़ने में लगे हैं।

# नीलगाय के हमले से महिला गंभीर

**फतेहपुर।** जाफरगंज कस्बे में रविवार की सुबह जंगल जा रही एक अधेड़ महिला के ऊपर नीलगाय ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

जाफरगंज कस्बा निवासी मुन्नी देवी पत्नी लाला रविवार की सुबह आठ बजे जंगल की ओर जा रही थी। जब वह खेत के पास पहुंची तभी एक नीलगाय ने उस पर हमला बोल दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी गांव से पहुंचे परिजनों ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने महिला की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# बंदरों के झुंड ने बच्चों पर किया हमला

संवाददाता, हथगाम

**अमृत विचार।** गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने पैदल जा रहे तीन बच्चों पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे वह तीनों घायल हो गए। वहीं एक बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

हथगाम थाना क्षेत्र के छिवलहा कस्बा निवासी मनोज कुमार मौर्य का तीन वर्षीय पुत्र वियांश रविवार सुबह पैदल घर के पास एक तेरहवी कार्यक्रम मे जा रहा था। अचानक बंदरों के झुंड ने वियांश के साथ जा रहे काश्वी, अनाया के ऊपर हमला बोल दिया। जिसमें वियांश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक स्वास्थय केंद्र हथगाम मे भर्ती किया गया। अन्य बच्चों को मामूली चोटें आयीं।

● गांव में ही तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे तीन बच्चे

● एक बच्चे की हालत गंभीर, हथगाम थाना क्षेत्र के छिवलहा का मामला

### अंदौली में कुत्तों ने बच्ची को किया जख्मी

**फतेहपुर।** घर के बाहर खेल रही एक बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। किसी तरह परिजनों ने कुत्तों को खदेड़ा लेकिन तब तक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। राधानगर थाना क्षेत्र के अंदौली गांव निवासी आठ वर्षीय गौसिया रविवार सुबह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया। यह देख आसपास मौजूद लोगों में शोर हो गया तो परिजन बाहर निकल कर आए और लाठी डंडे की मदद से कुत्तों को बच्ची से अलग किया। लेकिन तब तक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। परिजनों ने घायल गौसिया को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से डाक्टर ने उसे गंभीर हालत में कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

# आंधी के दौरान छप्पर गिरने से महिला की दबकर मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के बरकतपुर गांव में शनिवार की रात तेज आंधी के दौरान एक के बाद एक दो छप्पर बुजुर्ग महिला के ऊपर जा गिरे। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

खागा कोतवाली के बरकतपुर गांव निवासी सूरज कली (75) पत्नी स्व बनवारी अपने घर के बाहर शनिवार की रात छप्पर के नीचे सो रही थी। तभी देर रात तेज आंधी के दौरान छप्पर उसके ऊपर जा गिरा। इतना ही नहीं पड़ोसी का भी छप्पर व ईंट की दीवार उसके ऊपर जा गिरी।

शोर सुनकर दौड़कर परिजन बाहर निकले और किसी तरह ग्रामीणों की मदद से छप्पर व दीवार के मलबे को हटाया लेकिन तब तक महिला के मौत हो चुकी थी। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना पर सुबह पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बिजली बेपटरी

## मुराइन टोला पावर हाउस में बड़ी खराबी, हरिहरगंज फीडर का ट्रांसफार्मर 24 घंटे में दो बार फुंका

# फाल्टों ने उड़ाई नींद, एक बना तो दूसरी जगह हो गया

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में मुख्यालय में फाल्टों ने नींद उड़ा रखी है। शुक्रवार रात और शनिवार की रात शहर के मुराइन टोला फीडर में बिजली का बड़ा संकट रहा। इस फीडर के लोग रात भर परेशान रहे। यहां का ट्रांसफार्मर 24 घंटे में दो बार फुंक गया। बिजली कर्मी एक फाल्ट दुरुस्त करते तब तक दूसरा हो जा रहा है। यह सिलसिला शुक्रवार से रविवार तक चला। यहां पानी का भी संकट रहा।

शुक्रवार रात 12 बजे मुराइन टोला फीडर का एक ट्रांसफार्मर फुंक गया था। जैसे ही शनिवार को दूसरे ट्रांसफार्मर की ट्राली पहुंची और उसे कर्मियों ने लगाया। बताया जा रहा है कि कुछ ही देर बाद वह भी धुआं देने लगा। विभाग को शिकायत की गई। हालांकि यह ट्रांसफार्मर भी ज्यादा देर तक नहीं टिक सका और फुंक गया। जिससे यह फीडर बंद हो गया। जिससे शनिवार की रात महिला डिग्री कालेज, आनंदपुरम, हरिहरगंज, गौतम नगर, आईटीआई रोड सहित दर्जनों इलाकों की रात भर बिजली गुल रही।

इन मोहल्लों के लोग घर के बाहर कुर्सियां डालकर बैठे रहे। करीब 15 घंटे तक लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ा। यही हाल दूसरे फीडरों का भी रहा। रात भर बिजली की आवाजाही ने लोगों को रुला दिया। रातभर बिजली समस्या रहने के चलते सुबह लोगों को सुबह पानी के लिए भी जूझना पड़ा। दोपहर व रात में होने वाली कटौती लोगों के लिए सिर दर्द बनी हुई है। बिजली कटौती से लोग परेशान हैं।



फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

### हाईटेंशन में फाल्ट होने से एक सैकड़ा गांवों की बिजली गुल

**थरियांव।** थरियांव बिजली उपकेन्द्र की सप्लाई कई घंटों से बाधित है, जिससे करीब एक सैकड़ा गांव के लोग ऐसी भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। बताया कि रविवार की सुबह करीब तीन अचानक बिजली बाधित हो गई। जो कि दोपहर के बाद तक बाधित रही। जिससे गर्मी से लोग बेहाल हो गए। कुछ परिवार पानी के लिए तरस गए, वहीं बिजली फाल्ट की जानकारी मिलने पर कर्मचारी फाल्ट ठीक रहने में लगे रहे। दोपहर बाद बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

### तीन दिन से आधे शहर में बिजली नहीं आई

**फतेहपुर ।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। पिछले तीन दिनों में आधे शहर की बिजली गुल रही। ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर जबाव दे रहे हैं। करीब दो दिन तक मुराइन टोला फीडर समेत अन्य जगहों पर बिजली गुल रही। दिन में भी कई बार बिजली गुल रही। दिन में हर घंटा ट्रिपिंग से परेशानी रही। वहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी आपूर्ति बुरी तरह चौपट है। बता दें कि कटौती के अलावा रिवैंप योजना के तहत जर्जर बिजली के तार बदलकर केबल बदलनें का काम चल रहा है। जिस वार्ड में केबल बदलती है उसकी आपूर्ति बाधित रहती है जिससे लोगों का उमस भरी गर्मी में हाल बेहाल हो रहा है। कटौती से इन्वर्टर भी जबाव दे रहे हैं। बाजार में घड़ों की मांग बढ़ी है। साथ ही हाथ पंखा भी दिखने लगे हैं। लस्सी और कोल्ड ड्रिंक ठंडा रखने को बर्फ भी खरीद रहे हैं। बार-बार ट्रपिंग से विद्युत उपकरण हो रहे खराब बार-बार ट्रपिंग से घरों में विद्युत उपकरण खराब हो रहे है। शहर के कई वार्डों में लो वोल्टेज की समस्या है। आबू नगर सहित अन्य वार्डों में दो दिन से हाई और लो वोल्टेज के चलते विद्युत उपकरण फुंक रहे है। शनिवार की रात से रविवार दोपहर 12 बजे तक आबू नगर फीडर में करीब 30 बार बिजली ट्रिप हुई। सुबह से शुरु हुई ट्रिपिंग देर शाम तक जारी रही। एक घंटा में कई बार ट्रिप होने से गर्मी का कहर लोगों पर टूट रहा है। गर्मी के चलते लोगों को परेशानी हो रही है।

#### गर्म हो रहे ट्रांसफार्मर, ट्रिपिंग से परेशानी

गर्मी में ट्रांसफार्मरों के हीट होने से बचाने को पंखा, कूलर लगाए गए हैं। साथ ही पानी का छिड़काव किया जा रहा है। फिर भी ट्रांसफार्मर हीट हो रहे हैं, जिससे ट्रिपिंग से बत्ती गुल हो रही है। नगर के विद्युत सब स्टेशन के एक अवर अभियंता ने बताया कि तेज धूप में ट्रांसफार्मर हीट हो रहे हैं। ट्रांसफार्मर में पानी के छिड़काव से आपूर्ति बाधित रही।

# रोडवेज अड्डे के बाहर सवारियां भरने वाले वाहन होंगे चिह्नित

## कार्रवाई के लिए सूची सीधे परिवहन कार्यालय भेजी जाएगी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को अनाधिकृत वाहन राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं। रोडवेज बस अड्डा के बाहर से सवारियां उठाने वाले वाहनों को चिह्नित कर सूची बनवाई जाएगी। कार्रवाई के लिए सूची सीधे मुख्यालय भेजी जाएगी।

बस अड्डे से रोडवेज फतेहपुर डिपो की करीब 40 और अन्य डिपो की करीब 30 बसें संचालित होती हैं। बस अड्डा में रोडवेज बसों को लंबी दूरी की सवारियां तो मिल जाती हैं, पर 30 से 40 किलोमीटर दूरी की सवारियों को बस अड्डा के बाहर मंडराते अनाधिकृत वाहन भर लेते हैं। इसका निगम के राजस्व



पर असर पड़ रहा है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, दिसंबर और जनवरी माह में घाटा उठाना पड़ा है। रोडवेज डिपो का चार्ज संभाले एआरएम ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। लगातार घाटा बढ़ने पर मंथन किया। सर्दी के साथ ही बस अड्डा के बाहर मंडराते अनाधिकृत वाहन घाटे की बढ़ी वजह निकलकर सामने आई। इस पर एआरएम ने बस अड्डा के बाहर मंडराते अनाधिकृत वाहनों को चिह्नित कराए जाने की बात कही। इन वाहनों पर कार्रवाई के लिए सूची आरटीओ भेजी जाएगी। जहां से कोई सकारात्क जवाब न आने पर मुख्यालय भेजने की बात कही है।

### 26 किलोमीटर तक परमिट, 40 तक दौड़

- आरटीओ से ऑटो को ज्यादातर 16 और टेंपो को 26 किमी तक सवारी लाने-जाने का परमिट जारी होता है। पर बस अड्डा के बाहर मंडराते ऑटो और टेंपो बस अड्डा से चौडगरा, बिन्दकी, औंग, मलवां तक सवारी भरते हैं। कुछ स्थानों की दूरी 40 और कुछ की इससे अधिक है। दूसरी ओर क्षमता से अधिक सवारी भरते हैं।



शर्बत पिलाते जेल पर्यवेक्षक। अमृत विचार

# राहगीरों को पिलाया शीतल शर्बत

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा चौक चौराहे पर भीषण गर्मी से राहगीरों को निजात दिलाने के लिए शीतल शर्बत की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में समिति के सचिव व जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण ने पदाधिकारियों के साथ शरबत का वितरण किया। जिसमे लोगों ने शीतल शरबत पीकर कुछ क्षण गर्मी से छुटकारा पाया।

इस अवसर पर समिति के सचिव व जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण ने कहा कि इस समय नौतपा चल रहा है। ऐसे में शीतल शरबत गर्मी से कुछ समय के लिए राहत दिलाता है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्ता ने समिति द्वारा शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस मौके पर समिति के जयप्रकाश सिद्धराज, विनोद गुप्ता, अरुण जायसवाल एडवोकेट, सुशील फौजी, आशीष मिश्रा, अभिषेक सैनी, राधेश्याम हयारन, अमिताभ शरन, सत्य भगवान, शिवाकांत चौरसिया, पप्पू विश्वकर्मा, मानवी, राज, युवराज शरण, गोलू आदि रहे।

# बिजली की समस्या से तीन दर्जन नलकूप नहीं दे रहे पानी

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** तीन दर्जन खराब पड़े नलकूप किसानों का मुंह चिढ़ा रहे है। सिंचाई के अभाव में सैकड़ों बीघा उपजाऊ भूमि बंजर हो रही है। तेज हवाओं व जर्जर तारों के कारण उत्पन्न होने वाली समस्या के चलते विभाग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप तो लगा रहे है। लेकिन किसानों की समस्याओं की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा। बताते है कि तार टूटने व ट्रांसफार्मरों की कमी से करीब तीन दर्जन नलकूप बंद पड़े हुए है।

बंद पड़े नलकूपों का जल्द संचालन कराए जाने के लिए नलकूप खंड द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को सूची भेजी जा चुकी है। बावजूद इससे जिम्मेदारों ने नलकूपों को दुरुस्त कराने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई। नलकूपों के पानी नहीं उगलने से किसान जायद की सिंचाई को लेकर परेशान है। वहीं विभाग की मानें तो 22 नलकूपों का परित्याग किया जा चुका है। इनमें कहीं पानी की खराबी तो कहीं आबादी बढ़ जाने के साथ ही निजी नलकूपों की अधिकता से सरकारी नलकूपों की उपयोगिता कम होने के कारण उनका परित्याग कर दिया गया है। जिले में 743 सरकारी नलकूप लगवाये गए है। पांच सौ से अधिक नलकूप चलने के विभाग दावे कर रहा है जबकि दो सौ नलकूप तकनीकी खामी के खचलते फेल हो चुके है।



बंद पड़ा सरकारी नलकूप। अमृत विचार

- बंद सिंचाई के अभाव में सैकड़ों बीघा भूमि बंजर
- विभाग ने 22 नलकूपों का परित्याग किया

### लो-वोल्टेज बनी समस्या

जिम्मेदारों की मानें तो राजकीय नलकूपों के संचालन में लो- वोल्टेज बड़ी बाधा है। साधारणतया नलकूप संचालन के लिए चार से साढ़े चार सौ वोल्ट करंट आवश्यकता होती है। लेकिन जीआई और जर्जर तारों के कारण नलकूपों को 350 वोल्ट ही करंट मिल पा रहा है।

# चोरों का दो घरों में धावा नकदी-जेवर चोरी

संवाददाता औंग

**अमृत विचार।** थाना कल्यानपर क्षेत्र के ददनाखेड़ा में शनिवार की रात अगल-बगल के दो मकानों में चोर छत के रास्ते से नीचे आए और नगदी व जेवर सहित कई लाख रुपए की सम्पत्ति की चोरी कर भाग निकले। ।सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ददनाखेड़ा गांव में मुन्ना सिंह व उनके पड़ोसी अम्बोल सिंह के घर में छत के रास्ते से अंदर घुसकर अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तथा अलमारी का लाकर तोड़ दिया। अज्ञात चोर मुन्ना सिंह कछवाह के घर से 50 हजार की नगदी और सोने चांदी के जेवरात सहित करीब तीन लाख रुपये का माल समेट ले गए। मुन्ना सिंह के पड़ोसी अम्बोल सिंह के घर से पांच हजार नगद व सोने चांदी के जेवरात सहित करीब चार लाख रुपए की संपत्ति चोरी हो गई है। दोनों घरों से कर 55 हजार नकद और जेवरात सहित साढ़े सात लाख का माल पार दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

# टीबी मुक्त गांवों में सत्यापन को जाएगी टीम

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाई जाने के लिए भौतिक सत्यापन एवं प्रशिक्षण के लिए पंचायतों में गांव-गांव जाकर गठित तीन स्वास्थ्य टीम व अन्य विभागों की टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जमीनी हकीकत को परखेंगी।

सीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कि पोर्टल पर टीबी रोगियों की एंट्री ट्रीटमेंट रजिस्टर से मिलान और स्थलीय सत्यापन में टीबी मुक्त रोगी से बातचीत करने के बाद टीम स्थानीय आशा, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित करते हुए सारी जानकारी की रिपोर्ट बनाकर सौंपी जाएगी। इसके बाद राज्य स्तरीय कमेटी सत्यापन करेगी और फिर सेंट्रल टीबी डिवीजन के सत्यापन के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। उसके बाद जिलाधिकारी की ओर से ग्राम को टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर ने बताया कि प्रति 1000 की आबादी पर 30 जांचों के सापेक्ष एक या एक से कम होने एवं उनकी नोटीफिकेशन ,यूडीएसटी,डीबीटी व पोषण पोटली वितरण आदि इंडीकेटर देखे जाएंगे। जो ग्राम पंचायत सभी इडीकेटर पूर्ण करेंगे, उन्हें टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की घोषणा के लिए जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च को उन पंचायत को कांस्य पदक के रूप में प्रमाण पत्र व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया जाएगा। यदि लगातार दूसरे वर्ष यही पंचायत टीबी मुक्त रहती है तो सिल्वर पुरस्कार और तीसरे वर्ष रहने पर गोल्डन पुरस्कार दिया जाएगा। सत्यापन कमेटी के भौतिक निरीक्षण में टीयू स्तर के अधीक्षक व एनटीईपी के कर्मचारी सहयोग करेंगे। टीबी रोगी से साक्षात्कार के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान आशा, आंगनवाड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आदि लोग सहयोग करेंगे।



- क्षय रोग दिवस में ऐसे ग्राम पंचायतों को दिया जाएगा अवार्ड
- प्रधान, आशा और आंगनबाड़ी का लिया जाएगा सहयोग

# कमरे में मिला बुजुर्ग का शव

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा बाईपास में रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितयों में घर के भीतर एक बुजुर्ग का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं बुजुर्ग की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा बाईपास निवासी रामस्वरूप गुप्ता का पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो रहा था। रविवार सुबह संदिग्ध अवस्था में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों के अनुसार हो सकता है कि रमेशचन्द्र की गर्मी के चलते हार्टअटैक होने से मौत हुई हो। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## सार-संक्षेप

### डेढ़ वर्ष पूर्व पिटाई से घायल बुजुर्ग की थमी सांसें

**फतेहपुर।** बिदंकी थाना क्षेत्र के गौरी कंजरन डेरा में डेढ़ वर्ष पूर्व गांव के ही कुछ दबंगों ने चोर समझ कर एक बुजुर्ग को लाडी डंडो से पीट-पीट कर घायल कर दिया था। जिसके इलाज के दौरान देर रात घर पर ही मौत हो गई। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के गौरी कंजरनडेरा गांव निवासी स्व हीरा लाल का पुत्र महिपत गेहार 2022 में फरीदपुर मोड पर साइकिल से सब्जी खरीदने गया था। सामान खरीदने के बाद सब्जी का झोला धोखे से दूसरी साइकिल में टांग दिया तभी वहां मौजूद पप्पू पटेल पुत्र जयपाल, पीयूष पटेल पुत्र बीरेन्द्र निवारी गढ़धानी मऊ व विमल पटेल पुत्र छत्रपाल निवासी जहानपुर बिदंकी तीनों ने बुजुर्ग को चोर समझ कर लाठी डंडा व लात घूसों से पीट कर घायल कर दिया। कुछ दिन अस्पताल में इलाज के बाद परिजन घायल का इलाज घर पर ही करा रहे थे। इन डेढ़ सालों से घायल के परिजन कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने के लगातार दौड़ रहे है। लेकिन पुलिस ने आरोपीओं की खिलाफ न ही कोई मुकदमा दर्ज किया न कोई कार्यवाही की। उधर जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष करते-करते शनिवा रात बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। घटना की जानकारी मृतक का पुत्र ने पोस्टमार्टम हाउस में दिया।

### कार की टक्कर से दंपति व पुत्र घायल

**बिंदकी।** लखनऊ से बांदा जा रहे बाइक सवार दंपति और उनके तीन वर्षीय पुत्र चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हो गए। हादसा होते ही मौके पर भरी भीड़ लग गयी। राहगीरों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिसमें पिता पुत्र की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ललौली थाना क्षेत्र के बरगदिहा पुल के पास जोनिहा ललौली मार्ग में रविवार को चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक में सवार सोनू (27), उनकी पत्नी रूबी (25) व तीन वर्षीय पुत्र मांशु घायल हो गए। हादसा होते ही मौके पर भरी भीड़ लग गयी। राहगीरो की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। काफी देर चले प्रथमिक उपचार बाद सोनू व उसके तीन वर्षी पुत्र की हालात गम्भीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया बताते चले कि सोनू लखनऊ शहर के गांधीग्राम का रहने वाला है वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ बाइक द्वारा लखनऊ से बांदा किसी काम से जा रहा था। तभी रास्ते में हादसे का शिकार हो गए।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** हुसेनगंज पुलिस ने अर्जुन पाल पुत्र दयाराम पाल के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म, पाक्सो समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट के लिए रवाना किया है।

### महिला घर से हुई लापता

**बिंदकी।** अधेड़ उम्र की एक महिला एक दिन पहले शाम को अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन महिला का कोई पता नहीं चला तो महिला के पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला पुरानी बिंदकी निवासी गजराज की पत्नी कल्लो देवी शनिवार की शाम घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन किया रिश्तेदारी मे पता किया जान पहचान वालों के यहां जानकारी ली लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। रविवार को महिला के पुत्र पप्पू कोतवाली बिंदकी में पुलिस को सूचना दी।

### धार्मिक स्थलों के पास खुले नशे के अड्डे

**फतेहपुर।** स्कूल व धार्मिक स्थल के पास कई शराब व बीयर के ठेके संचालित हो रहे है। जबकि आबकारी नीति के अनुसार सौ मीटर के दायरे में शराब के ठेके नहीं खुल सकते। जिससे पढ़ाई-लिखाई की उम्र में स्कूली बच्चे नशे के लती का शिकार हो रहे है। कॉलेज के छात्र खूब जाम झलकाते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण स्कूल, मंदिरों और कोचिंग सेंटरों के पास नशे के अड्डे होना हैं। बच्चों में नशे की लत पड़ने का एक कारण स्कूलों के बाहर ही तंबाकू उत्पादों की बिक्री होना बताया गया लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा बिक्री रोकने के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

# मतगणना प्रक्रिया को लेकर हुई बैठक

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** इन्डिया गठबन्धन के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी के प्रमुख वरिष्ठ नेता कपिल यादव, शेरू यादव के साथ उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष पीसीसी सदस्य मिस्बाहुल हक, जनपदीय अल्पसंख्यक कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों के बीच मतगणना दिवस के दिन अपनायी जाने वाली प्रक्रिया पर चर्चा तपस्वी नगर में हुई।

मतगणना अभिकर्ता बबर शेर ने कहा कि लोकतन्त्र के इस परीक्षा मे बूथ पर दी गई ईवीएम मशीन नम्बर का क्रमांक, मतदान लेखा का मिलान पर कड़ी निगाह रख कर पूरे उत्साह के साथ यज्ञ में शामिल होना है। इस अवसर पर मिस्बाहुल हक ने कहा कि एक्जिट पोल का आधार उनके झूठ के दर्शन पर आधारित सत्ता के अवतारित आंकडों से जनता का लोकतन्त्र और संविधान पर गहरी आस्था को हतोत्साहित करना है। प्रशासन को चाहिए कि लोकतन्त्र के इस पर्व पर विशेष कर जनता की लोकतन्त्र पर विश्वास और संवैधानिक भावनाओं का सम्मान कर संविधान की शुचिता पवित्रता बनाये रखने के लिए इमानदारी पर न्याय के लिए हर संभव प्रबंध करे। जिससे उसका विश्वास और आस्था बहाल रहे, प्रशासनिक रूप से पारदर्शिता, निष्पक्ष मतगणना का संचालन कर परिणाम की घोषणा करायी जाये। कहा कि एक्जिट पोल के परिणाम गोदी मीडिया के है, उन पर विश्वास न करें। जनता ने अपना निर्णय दे दिया है। आने वाले चार जून को संविधान और लोकतन्त्र पर न्याय का दिन होगा। इस मौके पर शकील अहमद, जिला महासचिव निहाल अहमद, जिला सचिव कासिम अली, नफीस खान, वार्ड अध्यक्ष रिंकू, मुन्ना आदि रहे।



बैठक के बाद खड़े इंडिया गठबंधन के नेता। अमृत विचार

# महिला का संदिग्ध हालात में मिला शव हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के खेसहन गांव में शनिवार की रात संदिग्ध अवस्था में घर के अन्दर एक बुजुर्ग महिला का शव बरामद हुआ है। वहीं मृतका के बेटे ने अज्ञात लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के खेसहन गांव निवासी लक्ष्मी नारायण की पत्नी मैना देवी शनिवार की रात अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ी मिली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे मृतका के बेटे दिनेश कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह शनिवार सुबह हुसेनगंज कस्बा किसी काम से गया था। उसके ससुर का निधन हो गया था।

# अवैध खनन की सूचना पर राजस्व टीम का छापा

संवाददाता, किशनपुर

**अमृत विचार।** दो थानों के बीच हो रहे अवैध खनन की सूचना पर शनिवार देर शाम राजस्व टीम ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान राजस्व टीम को अवैध खनन भी मिला। लेकिन खनन माफियाओं पर कार्यवाही नहीं हुई जो चर्चा का विषय बनी हुई है।

किशनपुर व खखरेरू थाना की बीच मीतातारा व गाजीपुर गांव में पिछले कई महीनो से नाव के सहारे यमुना नदी में अवैध बालू का खनन कराया जा रहा है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा रहा था कि नाव के सहारे यमुना नदी से बालू निकाल कर यमुना किनारे डंप किया जा रहा है। सूचना यह है कि नाव के सहारे बालू निकाल माफिया भारी मात्रा में बालू का व्यापार कर रहे हैं। पिछले दिनों जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो जिम्मेदारों को किरकिरी हुई। इसके बाद शनिवार की देर शाम राजस्व टीम ने पुलिस टीम के साथ मिलकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान राजस्व टीम को यमुना नदी से निकाली गई भारी मात्रा में बालू का डम्प भी यमुना किनारे पड़ा मिला। मामले में एसडीएम अतुल कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया में चल रही खबरों को संज्ञान में लेकर छापेमारी की गई है।



नदी में चल रहा अवैध खनन।

अशोक नगर | यातायात व्यवस्था के लिए बने सिरदर्द, जिम्मेदार मौन

# अवैध टेंपो स्टैंड से लगता अक्सर जाम

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर में ज्वालागंज, बस स्टाप और अशोक नगर में संचालित अवैध टेपों स्टैंडों से हर माह करीब करोड़ो की कमाई की जाती है लेकिन यह स्थान अक्सर जाम को लेकर बदनाम भी हैं। वजह सड़क किनारे से वाहनों के संचालन के कारण यहां वाहन ठिठक जाते हैं। इसी तरह बिंदकी, चौडगरा, बकेवर जहानाबाद, अमौली, खागा और बहुआ समेत प्रमुख कस्बों में भी बड़े पैमाने पर अवैध अड्डे ट्रैफिक व्यवस्था में सिरदर्द बने हैं। खास बात तो यह है कि पुलिस और जिम्मेदार अफसर अवैध स्टैंड पर रोक लगाये जाने के बजाय खामोश है।

अवैध तरीके से चलते तिपहिया, चार पहिया वाहन शहर का रोडवेज बसस्टाप हो या फिर चौडगरा, बिंदकी, जहानाबाद, बहुआ, खागा आदि हर स्थान से अवैध तरीके से चार पहिया वाहन सवारों द्वारा अनाधिकृत तरीके से निजी परमिट का प्रयोग कॉमर्शियल के रूप में सवारियां भरकर किया जाता है।

बताते हैं कि कानपुर, प्रयागराज, बांदा सहित लखनऊ व ग्रामीणांचलों तक इन वाहनों में बिना रोकटोक के सवारियां लाने ले जाने का काम अवैध स्टैंडों से किया जा रहा है। सवारियों को ढ़ोने वाले वाहन आधे से ज्यादा खटारा हो चुके है। इनसे यात्रा करना मानों जान जोखिम में डालना है। वाहनों के मियाद खोने के बावजूद रोड पर फर्राटे भर रहे है। डग्गामार वाहनों से कई बड़े हादसे भी हुए फिर भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया।



सड़क किनारे खड़े टेंपो। अमृत विचार

### वाहनों को खड़ा करने के लिए स्टैंड नहीं

प्राइवेट बस एसोसिएशन द्वारा बसों को खड़ा किए जाने के लिए वाहन स्टैंड की मांग की जा चुकी है। लेकिन स्थान आवंटित न होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष फरहत अली सिद्दीकी ने बताया कि स्टैंड का स्थान आवंटित न होने की दशा में बस ऑपरेटरों को मार्ग से हटकर सवारियां लेने की हिदायत दी गई है।

### ई-रिक्शा व टेम्पों से लगता जाम

शहर सहित ग्रामीणांचलों में ई-रिक्शा सहित टेंपो जाम का सबब बन रहे हैं जिस पर लगाम लगाने के लिए जिम्मेदार गंभीर नहीं दिखाई दे रहे। आलम यह है कि शहर के ज्वालागंज, रेलवे स्टेशन, सदर अस्पताल, गाजीपुर बसस्टाप सहित हरिहरगंज से संचालित होने वाले वाहनों से आए दिन जाम लगता रहता है। साथ ही तय मानक से अधिक सवारियां बैठाने पर हादसे भी होते रहते हैं। डग्गामार वाहन जिम्मेदारों के नाक के नीचे से सवारियां भरते है।

# करंट की चपेट आने से महिला की मौत

**बिन्दकी।** सुबह महिला घर से खेतों में काम करने गयी थी और वापस घर आ कर झाड़ू लगाने लगी तभी पंखे का तार कही कटा होने से महिला करंट की चपेट में आ गयी और चिपक गयी। जानकारी पर परिजनों ने उसे करंट से अलग किया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के बागशाही शुक्लनगली खजुहा निवासी कांति देवी (48) पत्नी स्व बाबूराम सुबह महिला अपने खेतों में काम करने गयी थी और खेतों से कम करके जब महिला घर वापस आयी तो घर को गंदा देख उसने करीब 11 बजे अपने घर के अंदर झाड़ू लगाने लगी। तभी पंखे का तार कटा होने से महिला करेंट की चपेट में आ गयी और चिपक गयी। यह जानकारी जब परिजनों को हुई तो परिजनों में हड़कंप मच गया। किसी तरह डंडा मार कर करंट से बाहर किया लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। पुत्री प्रियांशी ने पुलिस को सूचना दी।

# मरीजों की जान बचाने के लिए जिला अस्पताल पहुंचे रक्तदाता

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** इमरजेंसी केस में जिला अस्पताल में भर्ती दो मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्य रक्तदाता जिला अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने रक्तदान कर पीड़ितों की जान बचाई।

जिला अस्पताल में मरीज मनोज कुमार पुत्र गोरेलाल निवासी विनोबा नगर पीलिया से ग्रसित हैं। जिसके चलते मरीज को रक्त की कमी हो गयी। डॉक्टर ने ए-पाजिटिव की जरूरत बताई। ए-पाजिटिव रक्त न होने के कारण मरीज के तीमारदार काफी परेशान थे। मामले की जानकारी सर्व फॉर ह्यूमैनिटी को होते ही तुरन्त केस वेरिफाई किया गया और सर्व फॉर ह्यूमैनिटी ग्रुप में डाला गया। केस ग्रुप में डालते ही टीम के सदस्य पद्ममाक्ष यादव निवासी आवास विकास रक्तदान के लिए तैयार हो गए और जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र पहुंचकर अपना तीसरी बार ए पाजिटिव रक्त समूह का दान किया। जिससे मरीज के तीमारदार को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सका। वहीं दूसरे केस में जिला अस्पताल में भर्ती महिला मरीज रजनी पत्नी सुनील कुमार निवासी जमलामऊ पोस्ट बेरोई को डिलवरी के दौरान ए-पाजिटिव रक्त की जरूरत थी। जिला अस्पताल में चल रही रक्त की कमी के चलते ए-पाजिटिव रक्त उपलब्ध नहीं था। केस सर्व फॉर ह्यूमैनिटी ग्रुप में डालते ही देवीगंज निवासी विजय मौर्य रक्तदान के लिए तैयार हो गए और जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र पहुचकर महिला मरीज के लिए अपना 19वां ए-पाजिटिव रक्त का दान किया। इस मौके पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह व जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र से अशोक शुक्ला, दीपाली वर्मा आदि रहे।



रक्तदान करता युवक। अमृत विचार

- सर्व फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्यों ने किया रक्तदान

# बढ़ी टोल दरें रात से लागू, साल में चौथी बार बढ़ाया गया टैक्स

## भारी वाहनों पर पड़ेगा अधिक बोझ, फास्टैग न होने पर लगेगा दोगुना कर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स फिर बढ़ा दिया है। जीटी रोड के चौड़ीकरण के बाद चौथी बार टोल दरों में वृद्धि की गई है। इससे भारी वाहनों पर बोझ अधिक पड़ेगा, जबकि कार समेत हल्के वाहनों पर केवल पांच रुपये अतिरिक्त टोल देना होगा। वहीं, वाहन में फास्टैग न लगा होने पर निर्धारित दरों से दोगुना टैक्स भरना होगा।

अलीगढ़ से कानपुर के बीच वाहन चालकों को लगातार अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। एक जून को भी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल दरों में आंशिक वृद्धि की है, जो तीन जून को सुबह आठ बजे से लागू हो जाएंगीं और सोमवार से वाहन चालकों को बढ़ा हुआ टैक्स देकर यात्रा करनी पड़ेगी। जीटी रोड के चौड़ीकरण के बाद यह चौथी बार है, जब टोल दरों को बढ़ाया गया है। वाहनों में फास्टैग अनिवार्य कर दिया गया है। यदि किसी वाहन में फास्टैग नहीं है तो उसे दोगुना कर देना होगा। भारी वाहनों के लिए 35 रुपये तक टोल दरों में वृद्धि की गई है।




राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम जेवां के पास बना टोल प्लाजा। अमृत विचार




बढ़ाई गईं नई टोल दरें।

### मासिक पास की सुविधा



जेवां स्थित टोल प्लाजा के प्रभारी मोहित श्रीवास्तव ने बताया कि दैनिक यात्रियों के लिए एनएचएआई ने पास की सुविधा प्रारंभ की है। जो वाहन प्रतिदिन अप-डाउन करते हैं, उनका एक माह के लिए पास जारी किया जाता है। पहले मासिक पास का किराया 330 रुपये था, आज सोमवार से 340 रुपये लिया जाएगा। **-मोहित श्रीवास्तव, प्रभारी**



एनएचएआई ने एक जून से टोल दरों में आंशिक वृद्धि की है। सोमवार सुबह आठ बजे से बढ़ी हुईं टोल दरें लागू हो जाएंगी। मासिक पास में भी दस रुपये की वृद्धि की गई है। बढ़ी दरों को साफ्टवेयर में अपडेट किया जा रहा है। **-रोहित कश्यप, प्रबंधक, टोल प्लाजा - जेवां**

### फैक्ट फाइल

- 04 मार्च 2023 : पहली बार टोल वसूली प्रारंभ
- 01 अप्रैल 2023 : टोल दरों में की गई वृद्धि
- 21 दिसंबर 2023 : दूसरी बार टोल टैक्स बढ़ा
- 01 अप्रैल 2024 : तीसरी बार बढ़ाई गईं दरें
- 01 जून 2024 : चौथी बार बढ़ाया टोल टैक्स

### इत्र नगरी में 72 किलोमीटर का हाईवे

अलीगढ़-कानपुर हाईवे जिले में 72 किलोमीटर सफर करता है। दिल्ली की तरफ से आने पर मैनपुरी के बार्डर नवीगंज में किलोमीटर 302 पर टोल प्लाजा बना है और वहीं से कन्नौज जिला शुरू हुआ है। इसके बाद छिबरामऊ, गुरसहायगंज, कन्नौज होकर मानीमऊ के आगे मित्रसेनपुर गांव के सामने किमी 373 तक हाईवे है। इसके आगे कानपुर नगर जिला है।

### यहां के लोग भरते दो बार टोल

राष्ट्रीय राजमार्ग पर कानपुर जाने वाले छिबरामऊ व गुरसहायगंज के वाहन चालकों को दो बार टोल टैक्स देना होता है। पहला टोल जेवां में देना होता है, इसके बाद अगला टोल टैक्स कानपुर नगर जनपद के अंतर्गत कस्बा शिवराजपुर के पास धम्मू निवादा में देना होता है। इस तरह इन पर डबल टोल टैक्स पड़ जाता है।

## आत्महत्या के लिए पेड़ पर चढ़ा युवक

**कन्नौज।** कस्बा के मोहल्ला निवासी महिला ने मोहल्ले के तीन लोगों पर 29 मई की रात उसे व उसके पुत्रों को मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसकी जानकारी होने पर रविवार की सुबह युवक रस्सी लेकर तालग्राम-इंदरगढ़ मार्ग स्थित ग्राम रसूलाबाद की ओर गई सड़क किनारे खड़े पेड़ की ऊंची टहनी पर चढ़ गया। रस्सी का फंदा बनाकर अपने गले में डालकर परिजनों को आत्महत्या की धमकी दी। इसे देख राहगीर एकत्र हो गए। आत्महत्या करने की सूचना पर पहुंची डायल 112 व थाना पुलिस ने युवक को समझा कर नीचे उतारा। थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज है। बचाव और दबाव बनाने के लिए युवक ने ऐसा किया है।



गांव पहुंचकर गार्ड ऑफ ऑनर देतीं सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेई। अमृत विचार

## ड्यूटी पर महिला सिपाही की मौत

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- इंदरगढ़ थाना क्षेत्र की महिला शाहजहांपुर सदर कोतवाली में थी तैनात

**अमृत विचार।** ट्रेन से उतरते समय हादसे का शिकार हुई महिला सिपाही की मौत हो गई। रविवार को गांव पहुंचीं सीओ प्रियंका वाजपेई ने गार्ड ऑफ आनर दिया। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर निवासी किरण कटियार 2016 में सिपाही



किरण कटियार।

बनी थी। उसकी तैनाती शाहजहांपुर सदर कोतवाली में थी। वह विभागीय कार्य से मुरादाबाद गई थी। शनिवार की शाम को रोजा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय पैर फिसल गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसका शव गृह गांव लाया गया। यहां पहुंची सीओ के नेतृत्व में गॉर्ड ऑफ आनर देकर अंतिम विदाई दी गई।

## यूपीएससी में तारिक ने बढ़ाया जिले का मान

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- संघ लोक सेवा आयोग की चीफ मेडिकल सर्विस परीक्षा की उत्तीर्ण

**अमृत विचार।** संघ लोक सेवा आयोग के अंतर्गत चीफ मेडिकल सर्विस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शहर के डॉ. तारिक खान पहले अधिकारी बने हैं, जो सेंट्रल गवर्नमेंट हायर सर्विसेज में जाएंगे। इसके साथ ही वह जिले के पहले युवा हैं, जिन्होंने यह परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की है। उनके चयन पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। शहर के मोहल्ला जेरकिला निवासी हाजी मोहम्मद आरिफ खान प्रमुख व्यवसायी हैं और मुख्य बाजार में उनकी रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। उनका बड़ा बेटा मोहम्मद कादिर खान पिछले 13 वर्षों से एयरफोर्स में है। वहीं छोटे बेटे तारिक खान ने यूपीएसी के अंतर्गत सीएमसएई2023



डॉ. तारिक खान

में 243वीं रैंक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ा दिया है। इससे पहले तारिक ने 2017 में नीट पीजी की परीक्षा उत्तीर्ण कर रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा से एमबीबीएस किया था और डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय तिर्वा में आर्थोपैडिक विभाग में जूनियर रेजीडेंट डॉक्टर के तौर पर अपनी सेवाएं दीं थीं। अब उनका चयन सेंट्रल गवर्नमेंट हायर सर्विसेज (सीजीएचएस) में हो गया है। बेटे की इस सफलता पर पिता हाजी मोहम्मद आरिफ खान, माता शहनाज बेगम, भाई आमिर खान व खालिद में खुशी की लहर दौड़ गई और डॉ. तारिक खान के ताऊ हाजी अहमद खान व चाचा मुन्ना वारसी के अलावा तमाम शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

## दहेज की खातिर विवाहिता को घर से निकाल दिया

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- दो लाख रुपये, एक सोने की चेन व बाइक की मांग का आरोप
- ठठिया थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव का मामला, पांच पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** शादी में मिले दहेज से असंतुष्ट ससुरालियों ने दो लाख रुपये, सोने की चेन व बाइक की मांग रख दी। पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पांच ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ठठिया थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी बच्चनिया देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दो साल पहले इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसरेन गांव निवासी राजा के साथ उसकी शादी हुई थी। परिजनों ने सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज भी दिया था। शादी के कुछ दिन बाद पति, सास लक्ष्मी, ननद रजनी व गोल्डी, मामा सोलंकी ने सोने की चेन, एक बाइक व दो लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। इसको लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। तीन दिन पहले मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 'अभ्युदय' ने दिए पंख, चार छात्र बने 'अग्निवीर'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना में जनपद को मिली पहली सफलता
- परिणाम घोषित होते ही छात्र छात्राओं में खुशी, कर रहे फिजिकल की तैयारी

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना ने चार छात्रों के हौसलों को नए पंख दिए हैं। शासन की तरफ से दी जा रही निशुल्क कोचिंग व्यवस्था का लाभ उठाकर चार छात्रों ने केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना की लिखित परीक्षा पास कर जिले का मान बढ़ाया है। परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। अब वह फिजिकल की तैयारी में जुट गए हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि शहर के पीएसएम डिग्री कॉलेज में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के



आस्था पांडेय।



शिवांशु यादव।



सूर्या ठाकुर।



विकास कुमार।

अंतर्गत छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। इसमें अग्निवीर योजना में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 29 अप्रैल को विभिन्न केंद्रों पर आयोजित हुई थी। एक जून को परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें चार छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इनमें कानपुर नगर जनपद के ग्राम गजना निवासी शिवकांत पांडेय की पुत्री आस्था पांडेय, कन्नौज के ग्राम ताखेपुरवा निवासी शिवांशु यादव पुत्र जयवीर सिंह, गुगरापुर गांव निवासी सूर्या ठाकुर पुत्र जंगबहादुर व कानपुर देहात जनपद के ग्राम बदराह पोस्ट नैली निवासी विकास कुमार पुत्र मोहर सिंह हैं। सूर्या ठाकुर ने बताया कि केवल चार माह की कोचिंग में उन्होंने यह सफलता हासिल की है। अब वह फिजिकल परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। अग्निवीर एक दूरदर्शी योजना है, जिससे कई होनहार छात्रों को सेना में भर्ती के अवसर प्राप्त होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अभ्युदय कोचिंग में योग्य शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।

## हार्टअटैक से हुई थी कोर्ट के कर्मचारी की मौत

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- मां ने पत्नी व प्रेमी पर हत्या की आशंका जताई थी
- पोस्टमार्टम में हुआ खुलासा पुलिस कर रही मामले की जांच

**अमृत विचार।** कोर्ट के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की हत्या नहीं हुई थी, बल्कि उसकी मौत हार्टअटैक से हुई है। जबकि उसकी मां ने पत्नी और प्रेमी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से जब मौत की पुष्टि हुई तो पुलिस ने राहत की सांस ली। शनिवार की सुबह सलेमपुर गांव निवासी अमरीश पुत्र कुंअरपाल दिवाकर का शव गांव के बाहर खेत में मिला था।

मां गुड्डी देवी ने बेटे की हत्या की आरोप पत्नी व प्रेमी पर लगाया था। पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया था। पोस्टमार्टम में अमरीश की मौत का कारण हार्टअटैक बताया गया है। थानाध्यक्ष सचिन कुमार सिंह ने बताया कि युवक की मौत का कारण हार्टअटैक है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर के आधार पर भी जांच की जा रही है।

## हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** शांति कमेटी की बैठक में कोतवाल जयप्रकाश ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम मंगलवार को आ रहे है। इसमें किसी भी दल की हार जीत को लेकर हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। जीत के जश्न पर भी प्रतिबंध रहेगा।



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद स्थानीय लोग व पुलिस। अमृत विचार

रविवार की शाम स्थानीय कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें नगर व क्षेत्र के धर्म गुरुओं सहित नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को शांति व सौहाई कायम रखने का भरोसा दिलाया। कोतवाल ने कहा कि मतगणना के दिन अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जीत हार को लेकर किसी भी प्रकार का जुलूस, नारेबाजी, हुडदंग आदि प्रतिबंधित है। ऐसा करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक नीलम सिंह, राजेश प्रताप सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा, चंद्रभान सिंह, शहर काजी हाफिज जुम्मन, शुभम दुबे, मुनीर कुरैशी, मो. शमशाद, सभासद जीतू गुप्ता, संतोष गुप्ता मल्लू, अभय चतुर्वेदी, प्रशांत पाठक

## कोर्ट के आदेश से छेड़खानी के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- तीन माह पहले हुई थी घटना पुलिस ने नहीं की थी सुनवाई

**अमृत विचार।** घर में अकेली युवती के साथ दुष्कर्म की नीयत से युवकों ने छेड़खानी की। तीन महीने पहले हुई इस घटना में पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि तीन महीने पहले शाम को पत्नी पास के दूसरे घर में जानवरों को चारा देने गई थी। बेटी को अकेला पाकर थाना क्षेत्र के सिसैयन पुर्वा गांव निवासी मनोज उर्फ़ कल्लू, सुधीर, आदित्य व सुरेंद्र उर्फ़ लल्ली घर के अंदर घुसकर दुष्कर्म की नीयत से छेड़खानी करने लगे। शोर सुन आसपास के लोग आ गए तो आरोपी भाग गए। पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गंगा में डूबे युवक का नहीं लगा पता

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** तीसरे दिन भी गंगा में डूबे युवक का सुराग नहीं लग सका। एसडीआरएफ की टीम ने दिन भर कड़ी मशक्कत कर युवक की गंगा में तलाश में की। परिजनों में चीख पुकार मची हुई है।

थाना तालग्राम के चौखटा ग्राम पलरी निवासी अनुज यादव (21) शुक्रवार को साइकिल से विसर्जन यात्रा में शामिल होने के लिए जलेसर स्थित गंगा तट पर गया था। दोपहर लगभग दो बजे गंगा में डूब गया। इससे वह लापता हो गया था। शनिवार की देर शाम पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने युवक



गंगा में डूबे युवक की तलाश करती एसडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

- एसडीआरएफ ने दिनभर की तलाश, परिजन बेहाल

की तलाश की लेकिन पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह सात बजे एसडीआरएफ के उपनिरीक्षक हरीलाल के नेतृत्व में टीम ने फिर से सर्च अभियान चलाया और कुसुमखोर तक युवक की तलाश की। एसआई बताया कि युवक को डूबे काफी समय हो गया है। इससे खोजबीन में समस्या आ रही है।

**उदासीनता** लगभग एक वर्ष से बंद है कार्य, मार्च 2023 में होना था पूरा, जर्जर भवन में संचालन

## पशु चिकित्सालय भवन अधूरा, हस्तांतरण रुका

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** दशकों से जर्जर भवन में संचालित हो रहे राजकीय पशु चिकित्सालय को नवीन भवन में शिफ्ट किया जाना है लेकिन कछुआ गति से हो रहे निर्माण के कारण दो साल बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हो सका। जो हुआ भी है वह घटिया सामग्री के कारण क्षतिग्रस्त होने लगा है। कई बार विभागीय उच्चाधिकारियों से लिखित शिकायत भी की जा चुकी है। काम अधूरा होने से भवन का हस्तांतरण लटका है।



राजकीय पशु चिकित्सालय का नवीन भवन। अमृत विचार

- कई बार विभागीय अधिकारियों से की जा चुकी है शिकायत

नगर के मोहल्ला गांधी नगर में 14 दिसंबर 2022 को राजकीय पशु चिकित्सालय के नवीन भवन का निर्माण शुरू कराया गया था। इसमें भवन, बाउंड्री, इंटरलॉकिंग, हैंडपंप, शौचालय, कैटल क्रस आदि का निर्माण कार्य होना था। लगभग दो वर्ष बीतने के बाद भी इंटरलॉक, बाउंड्री सहित अन्य कार्य अधूरे पड़े हैं। ऐसे में भवन हैंडओवर भी नहीं हो पा रहा है। इस कारण जर्जर भवन में ही अस्पताल चल रहा है। पशु चिकित्सक डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य मार्च 2023 में पूरा होना था लेकिन लगभग एक और साल बीत गया लेकिन काम अधूरा है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। इसके कारण नव निर्मित भवन का छज्जा अभी से क्षतिग्रस्त होने लगा है। कैटल क्रस की फर्श भी टूट गई है। ठेकेदार ने खिड़की में जाली नहीं लगाई है। समस्याओं व घटिया निर्माण को लेकर 30 सितंबर 2022, 10 अक्टूबर 2022, 16 नवंबर 2022 को मुख्य चिकित्साधिकारी कर्णवीर सिंह से शिकायत भी की जा चुकी है। इसको लेकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया था और ठेकेदार व एई एमके सिंह को मानक के अनुरूप निर्माण कार्य कराने के निर्देश भी दिए थे। उन्होंने शासन व प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच व अधूरे कार्य समय से पूर्ण कराए जाने की मांग की है।

### गंदगी व अराजकतत्वों का है बोलबाला

डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि अस्पताल परिसर में बाउंड्री न होने से अराजकतत्व व छुट्टा पशु विचरण करते हैं। इससे नवीन व पुराने भवन को क्षति पहुंच रही है और गंदगी का साम्राज्य है। इंटरलॉक न होने से परिसर में बरसात के मौसम में जलभराव होता है। इससे पशु पालकों, अस्पताल कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## कार की टक्कर से युवक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम पट्टी मटेना निवासी रामगिरी पुत्र सत्यनारायण ने बताया कि उसका पुत्र अतुल (28) बाइक से लौट रहा था। तभी आल्टो कार के अज्ञात चालक ने 29 मई की रात्रि लगभग 10 बजे फर्रुखाबाद रोड समधन स्थित हॉस्पिटल के सामने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में




भर्ती कराया जहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जमीन विवाद में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा, कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव निवासी रंजीत ने न्यायालय को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि तीन महीने पहले गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर आसीन मोहम्मद, नदीम, सफी व हसीना घर के अंदर घुस आए और गालीगलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया। लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस के कार्रवाई न करने पर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### अवैध तरीके से बने स्कूल पर चलेगा बुलडोजर

**तालग्राम, कन्नौज।** ग्राम अतरौली में डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से बनाई गई इंटर कॉलेज की बिल्डिंग जांच में अवैध पाई गई। न्यायालय तहसीलदार छिबरामऊ ने 22 मई को बेदखली का आदेश पारित किया। राजस्व निरीक्षक कौशलेन्द्र दुबे ने कालेज में नोटिस चस्पा कर प्रबंधक रामचन्द्र यादव को सात दिनों में अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि खुद कब्जा न हटाया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसों में दो युवतियां घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर बैजू निवासी प्रबल कुमार यादव की पुत्री शिवानी रविवार को टेंपो से छिबरामऊ आ रही थी। तभी बहबलपुर के पास टेंपो तालाब में जा घुसा, हादसे में शिवानी घायल हो गईविशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम असलताबाद उमरैन निवासी गुलफ्शां खेतों की तरफ जा रही थी, तभी टेंपो की टक्कर लगने से घायल हो गई। दोनों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद

**छिबरामऊ।** मोहल्ला सराफान निवासी योगेंद्र मिश्रा पुत्र बृजेश मिश्रा ने बताया कि रविवार को वह अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी करके अंदर चले गए। कुछ देर बाद आकर देखा तो बाइक वहां मौजूद नहीं थी, तभी वहां लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पता चला दो मास्क लगाए चोरों ने बाइक उठा ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

### पुलिस ने चार टप्पेबाजों को दबोचा

**सौरिख, कन्नौज।** थानाध्यक्ष सचिन कुमार सिंह ने सकरावा रोड पर घेराबंदी कर चार टप्पेबाजों को दबोच लिया। पुलिस ने तिर्वा के बौद्धनगर निवासी जुबैर, अमित, राजकुमार व संजय को गिरफ्तार कर उनके पास से दो बाइक, 17,500 रुपये की नगदी बरामद की है।

# बिना पास मंडी के निकट दिखे तो होगी कार्रवाई

## मतगणना : सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले भेजे जाएंगे जेल, सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त, जिला अस्पताल के पास से संचालित होंगी रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल चार जून को मंडी में लोकसभा चुनाव 24 के लिए मतगणना होगी। इसके लिये 1000 केंद्रीय पुलिस बल व पुलिस-पीएसी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के दिन बिना पास के तिर्वा क्रासिंग व जिला अस्पताल की ओर से मतगणना स्थल की तरफ प्रवेश नहीं मिलेगा। रोडवेज बसों का संचालन जिला अस्पताल के निकट वर्कशाप किया जायेगा। इसके अलावा वाहनों के लिए रूट डायवर्जन किया गया है।

मतगणना स्थल व आसपास होने वाली अराजकता की किसी भी आशंका से निपटने के लिए एसपी अमित कुमार आनन्द ने कड़े इंतजाम किये हैं। पुलिस कार्यालय सभागार में जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना स्थल को दो सुपर जोन, 13 जोन व 44 सेक्टर में विभाजित किया गया है। 1000 से अधिक पुलिस बल, एक कम्पनी पीएसी, दो कम्पनी सीएपीएफ व चार फायर टेंडर को लगाया गया है। जिले में धारा 144 लागू है। एक स्थान पर भीड़ जुटी मिलती है तो संबंधित पर कार्रवाई के लिये क्यूआरटी को लगाया गया है जो लगातार भ्रमणशील रहेगी।

सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है। कोई भी व्यक्ति अफवाह फैलाने का प्रयास करेगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी लगातार कानून व्यवस्था पर नजर रखेंगे। बाहर की व्यवस्था पर निगरानी के लिये सीओ सदर कमलेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है।


जीटी रोड पर बैरियर व्यवस्था परखते एसपी अमित कुमार आनन्द, एएसपी डॉ. संसार सिंह, सीओ सदर कमलेश कुमार, सीओ कपूर कुमार।

### मतगणना कर्मियों को मिलेगा ओआरएस व ठंडा पानी

- मतगणना में लगे सभी कर्मियों के लिए पर्याप्त पानी व भोजन की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक कर्मचारी को ओआरएस का पैकेट दिया जा रहा है। बैरियर्स पर तीन एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। इनमें पर्याप्त दवा के अलावा पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहेगा। इमरजेंसी में कर्मचारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा।

### पासधारकों के वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति

कन्नौज। तिर्वा क्रासिंग बैरियर व पूर्वी बाईपास तिराहा से मंडी की तरफ केवल पास धारक काउंटिंग एजेंट, प्रत्याशी, पास प्राप्त मीडिया कर्मी, मतगणना में लगे पुलिस बल व प्रशासनिक कर्मी, अनुमति प्राप्त वाहन, इमरजेंसी वाहन, एम्बुलेंस ही निकल सकेंगे।

### पुलिस की ड्यूटी दो शिफ्ट में

कन्नौज। गर्मी के मौसम में लगातार ड्यूटी करने से कहीं पुलिसकर्मी बीमार न हो जाएं इस लिये एसपी ने दो शिफ्टों की व्यवस्था की है। पहली शिफ्ट सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगी। दूसरी शिफ्ट दो बजे से मतगणना समाप्ति तक रहेगी। सुबह ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मचारियों को खाना मिलेगा जबकि दो बजे के बाद वालों को ड्राईफ्रूट, बिस्कुट, दालमोठ के पैकेट मिलेंगे।

### मतगणना स्थल पर इस तरह मिलेगा प्रवेश

कन्नौज। नवीन मंडी स्थल में बने मतगणना स्थल के गेट नंबर एक से विधानसभा कन्नौज व तिर्वा के मतगणना एजेंट, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया कर्मियों को प्रवेश मिलेगा। गेट नंबर दो से विधानसभा छिबरामऊ के मतगणना एजेंट व मतगणना कार्मिक, पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी प्रवेश करेंगे।

### इन स्थानों पर होगी पार्किंग की व्यवस्था

कन्नौज। तिर्वा क्रासिंग से आने वाले पास धारकों के वाहनों की पार्किंग विजय विलास होटल के सामने व जिला अस्पताल की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग पुराने ओवर ब्रिज के नीचे की गयी है। यहां से मतगणना स्थल तक पैदल ही जा सकेंगे।

### इस तरह रहेगा रूट डायवर्जन

कन्नौज। गुरसहायगंज की तरफ से कन्नौज शहर की आने वाले वाहनों को जलालपुर पनवारा बाईपास से डायवर्ट किया जायेगा। कानपुर व हरदोई की तरफ से शहर में आने वाले वाहनों को पूर्वी बाईपास से डायवर्ट कर पाल चौराहे से निकाला जायेगा। एफएफडीसी की तरफ से बस स्टैंड की तरफ आने वाले वाहनों को मकरंदनगर तिराहे से फूलमती मंदिर की तरफ से निकाला जाएगा। जिला अस्पताल की ओर से बस स्टैंड आने वाले वाहनों को पूर्वी बाईपास से डायवर्ट कर पाल चौराहा से निकाला जायेगा। तिर्वा क्रासिंग से बस स्टैंड की ओर आने वाले वाहनों को कोतवाली की तरफ, तिर्वा से कन्नौज शहर की ओर आने वाले वाहनों को पाल चौराहे से हाईवे की तरफ से निकाला जाएगा। कानपुर की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें स्टैंड न आकर जिला अस्पताल के पास रोडवेज वर्कशॉप से बाईपास होकर छिबरामऊ की ओर जाएंगी तथा छिबरामऊ की तरफ से आने वाली बसें जलालपुर पनवारा से बाईपास होकर रोडवेज वर्कशॉप से कानपुर व हरदोई की तरफ जाएंगी। जिला अस्पताल को जाने के लिए सभी वाहन पाल चौराहा से होकर जायेंगे।

### जीटी रोड से रेलवे स्टेशन पर नहीं मिलेगा प्रवेश

कन्नौज। जीटी रोड से रेलवे स्टेशन पर प्रवेश नहीं मिलेगा। यदि किसी को स्टेशन जाना है तो वह कलक्ट्रेट की ओर से प्लेटफार्म नंबर दो से प्रवेश करेगा। ट्रेन पकड़नी हो या ट्रेन से उतरना हो तो उसे कलक्ट्रेट का रास्ता ही मिलेगा।

### चुनाव हारने से अखिलेश फ्रस्टेशन में : सुब्रत पाठक

कन्नौज। मतगणना को अभी लगभग 24 घंटे बाकी हैं। विभिन्न मीडिया चैनलों पर एक्जिट पोल शुरू हो चुके हैं। अधिकांश में मोदी सरकार की वापसी का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बीच समाजवादी पार्टी द्वारा एक्स पर की गई एक पोस्ट को लेकर सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने कहा है कि चुनाव हारने के कारण अखिलेश फ्रस्टेशन में हैं। इसलिए ऊलजलूल बयान दे रहे हैं। उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। दरअसल एक्जिट पोल के रुझान आने पर अखिलेश ने एक्स पर ट्वीट किया है कि 'एक्जिट पोल का आधार ईवीएम नहीं डीएम है। प्रशासन याद रखे, जनशक्ति से बड़ा बल और कोई नहीं होता।' इसको लेकर सांसद ने जारी किए बयान में कहा कि बिना संघर्ष बड़ा पद हासिल करने वाले अखिलेश यादव चुनाव हारने के कारण फ्रस्टेशन में हैं। उन्होंने अपनी सरकार में रहते जिस प्रकार से अपनी बिरादरी के गुंडों और आतंकी मुल्लों को संरक्षण दिया है, उसी के कारण उनको नहीं लगता कि जनता कभी उन पर विश्वास करेगी। बोले कि अखिलेश को हार स्वीकार करनी चाहिए। सरकार में रहते हुए उन्होंने जो किया वो कुकृत्य जनता भूली नहीं है। उनकी तुष्टीकरण, जाति व परिवारवाद की राजनीति के चलते जनता उन्हें चुनना नहीं चाहती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, शोषित व वंचित समाज के उत्थान के लिए काम किया है। ऐसे में उन्हें पूरा भरोसा है जनता एक बार फिर से उन्हें ही सेवा का मौका देगी।

# उल्टी गिनती शुरू, कल हो जाएगा भाग्य का फैसला

- मतगणना को प्रशासन ने कसी कमर, प्रत्याशी चले देवों के द्वार

कन्नौज। आखिरकार इंतजार की घड़ियां खत्म होने को हैं। कल दोपहर बाद तय हो जाएगा कि कन्नौज की जनता ने इस बार किसको अपना प्रतिनिधि चुनकर जिम्मेदारी सौंपी है। मतगणना की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और मैदान में डटे सभी 15 प्रत्याशी अब अपने आराध्य के द्वार पर हैं। हर किसी की इच्छा और आत्मविश्वास है के प्रभु जीत का ताज उनके ही सिर पर रखेंगे। हालांकि भाजपा से सांसद सुब्रत पाठक और सपा मुखिया अखिलेश यादव में टक्कर के प्रबल आसार दिखाई दे रहे हैं।

चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के साथ ही संपन्न हो गया। अब वोटों की गिनती होने की बारी है। देश भर की जनता की निगाहें एक्जिट पोल और असल में आने वाले परिणाम पर टिकीं हैं। खास तौर पर नजर उन क्षेत्रों पर है जहां कद्दावर नेता भाग्य आजमाने उतरे हैं। ऐसी सीटों में से एक कन्नौज भी है जहां से चौथी बार भाजपा सांसद सुब्रत पाठक मैदान में हैं और उनसे टक्कर लेने उतरे हैं स्वयं सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

पाठक आत्मविश्वास से भरपूर हैं कि हर हाल में जनता एक बार और सेवा करने का मौका देने वाली है तो वहीं सपा समर्थकों को भी पूरा भरोसा है कि बरसों पुराना गढ़ वे इस बार जीत ही लेंगे। उधर, बहुजन समाज पार्टी के इमरान बिन जफर भी दमदारी से चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं और वे भी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। इसी तरह से क्षेत्रीय दलों तथा निर्दलीय चुनाव लड़े प्रत्याशियों को भी जीत का पूरा भरोसा है। 13 मई को सभी प्रत्याशियों ने जनता की कसौटी पर इम्तिहान दिया है।

जनता ने अपने मनपसंद प्रत्याशियों को चुपचाप अंक भी दे दिए हैं। खास यह कि इन 15 में से दो ही प्रत्याशी हैं जिनको जनता पूर्व में आजमा चुकी है और उनके काम-व्यवहार के नाम पर नंबर दिए हैं। सांसद सुब्रत पाठक को कन्नौज ने पिछले पांच साल तक परखा और जाना है। इसी तरह सपा से प्रत्याशी अखिलेश यादव को भी यहां के लोग लंबे समय से जान व परख चुके हैं। तो ऐसे में जनता ने किसे अधिक अंक दिए हैं यह कल आने वाले परिणाम बताएंगे। खबर है कि परिणाम से पहले लगभग सभी प्रत्याशी अपने अपने आराध्य के दरबार में हाजिरी देने पहुंच चुके हैं। सबकी कामना है कि 'प्रभु, कुर्सी दिला देना।' देखने वाली बात यह होगी कि किसकी अर्जी स्वीकार होगी और कौन जनता की आंख का तारा बनेगा।

# कार सवार दबंगों ने भट्ठा मालिक पर किया फायर

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- गोली न लगने पर तमंचे की बट से पीटकर किया घायल
- भट्ठे पर जाते समय रंजिश को लेकर बाइक में मारी टक्कर

अमृत विचार। घर से बाइक पर सवार होकर अपने भट्ठे पर जा रहे भट्ठा स्वामी पर पुरानी रंजिश को लेकर कार सवार दबंगों ने बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। फिर फायर झोंक दिया। फायर मिस होने पर तमंचे की बट से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी अजय यादव पुत्र रामविलास ने बताया कि ग्राम निगोह खास में उसका ईंट भट्ठा है। रोज की भांति रविवार की सुबह वह बाइक से भट्ठे पर जा रहा था। तभी विशुनगढ़ प्रेमपुर मार्ग स्थित बम्बा के पास कार सवार कुछ दबंगों ने बाइक में टक्कर मार कर गिरा दिया और जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर झोक दिया। फायर मिस होने पर दबंगों ने तमंचे की बट से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया।। आसपास मौजूद किसानों को अपनी तरफ आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं क्षेत्राधिकारी ओंकारनाथ शर्मा ने बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर कुछ दिन पूर्व विवाद हुआ था। उसी प्रकरण में भट्ठा स्वामी पर दबंगों ने हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।


सीएचसी में घायल अजय यादव।

# शटरिंग हटाते समय गिरा लिंटर, दबने से वृद्ध की मौत

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- नवनिर्मित जीना में लगी थी शटरिंग, खुद ही खोल रहा था

अमृत विचार। नव निर्मित जीना की शटरिंग हटाते समय लिंटर गिर गया। इसके मलबे में दबकर वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन परिजनों ने उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।


जीवन लाल

ग्राम तेराजाकेट निवासी जीवन लाल राठौर (60) रविवार की दोपहर लगभग 03 बजे घर के नव निर्मित जीना की शटरिंग को खुद ही खोल रहा था। तभी शटरिंग के साथ जीना का लिंटर उसके ऊपर आ गिरा। इससे वह मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जीना का निर्माण लगभग 10 दिन पहले कराया गया था। सरिया दीवार में न दब पाने के कारण हादसा हुआ है। वृद्ध की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। पुत्रों ओमप्रकाश, सत्यप्रकाश, दीपक व मोनू सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सत्संग रूपी गंगा में नहाने से धुल जाते दोष

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज


सत्संग में मौजूद सत्संगी व इनसेट में महात्मा हरिश्चन्द्र। अमृत विचार

- नगर में हुआ संत निरंकारी सत्संग का आयोजन

अमृत विचार। महात्मा हरिश्चंद ने कहा कि जब त्रेतायुग में भगवान श्रीराम आए, तो लोग उनको पहचान नहीं पाए। आज हम उनकी पूजा करते हैं लेकिन यह विचारणीय हैं कि क्या हम उनके दिखाए रास्ते पर चलने की कोशिश कर पा रहे ? उन्होंने जो मर्यादा का जीवन जीया क्या वो मर्यादा हमारे जीवन में आ पा रही है? सत्संग रूपी गंगा में नहाने से मनुष्य के दोष धुल जाते हैं।

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को आयोजित संत निरंकारी सत्संग में छिबरामऊ के महात्मा ने कहा कि संसार में लोगों ने जो ऊंचाईयां प्राप्त की हैं वो कोई मायने नहीं रखतीं। लेकिन संत महापुरुष को जो ऊंचाईयां प्राप्त होती है। उनकी बात ही निराली होती है। सत्संग वो गंगा है, इसमें जो नहाते है, पापी से पापी भी पावन हो जाते हैं। गंगा में नहाने से सिर्फ हमारा शरीर साफ होता है। लेकिन सत्संग रूपी गंगा में हमारा मन साफ हो जाता है। सद्गुरु की कृपा हुई, कि उन्होंने हमे अपने चरणों से जोड़ा है और भक्ति करने का अवसर दिया है। सत्संग में मुखी महात्मा विपिन, विश्राम सागर, देवेन्द्र, शिवा, ईश्वर दयाल, सुशील कुमार, सुरेंद्र, आकाश, आरती, सुनीता, सेजल, पूनम आदि सत्संगी मौजूद रहे।

# पशु बाजार आया पालक गश खाकर गिरा, हुई मौत

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- मवेशी खरीदने पहुंचा था बुजुर्ग अचानक बिगड़ गई तबीयत

अमृत विचार। कस्बा में लगने वाली पशु बाजार में आया बुजुर्ग गश खाकर गिर गया और इसके बाद उसकी मौत हो गई। मौत की खबर से परिजन रोने बिलखने लगे।

पता चला है कि कानपुर जनपद के चौबेपुर कोतवाली क्षेत्र के जुबियाना मोहल्ला निवासी उस्मान खां (60) पशुओं की खरीद फरोख्त का काम करता था। हर रविवार को कस्बा के मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के परिसर में लगने वाली पशु बाजार में मवेशी खरीदने आया था।

दोपहर के समय तेज धूप के चलते उसकी अचानक हालत बिगड़ बिगड़ और गश खाकर गिर पड़ा। घटना होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची लेकिन डॉक्टर ने जांच के बाद ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया लेकिन पुलिस के समझाने पर मान गए। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि किसी व्यक्ति ने पशु बाजार में वृद्ध के बेहोश होने की सूचना दी थी। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा बाजार

मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के परिसर में हर रविवार को पशु बाजार लगती है लेकिन यहां सुविधाओं का खासा अभाव है। यह हाल तब है जब यहां गैर जनपदों से भी व्यापारी पशुओं की खरीद फरोख्त के लिए पहुंचते हैं। रविवार को बुजुर्ग व्यापारी देर तक बेहोश पड़ा रहा है लेकिन बाजार संचालक को इसकी भनक तक नहीं लगी। यहां न पानी की व्यवस्था है और नही शौचालय की। इसके साथ ही सुरक्षा के इंतजाम न होने से कई बार पशुपालकों के साथ टप्पेबाजी जैसी घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

## बीमारी से तंग वृद्ध ने फंदा लगा कर दी जान

कन्नौज। सदर कोतवाली के गांव कछियापुर निवासी ओम प्रकाश (60) ने अपने मकान में रविवार को 11 बजे फांसी लगा कर जान देदी। जानकारी परिजन को तब हुई जब वह कमरे में किसी काम से पहुंचे। देखा कि अंदर कमरे में वह फंदे पर लटका था। मृतक के छोटे भाई रामतीर्थ ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनका बड़ा भाई काफी समय से बीमार चल रहा था।

## सार-संक्षेप

### तंबाकू के साथ नहीं बिक सकेगा पान मासाला

तिर्वा, कन्नौज। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अब एक ही दुकान से पान मासाला व तंबाकू की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसको लेकर क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग छापेमारी कर तंबाकू के साथ पान मासाला की बिक्री कर रहे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। सहायक आयुक्त खाद्य अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि एक जून से नियमों में हुए बदलाव के चलते क्षेत्र में पान मसाला व तंबाकू की एक साथ बिक्री करने पर रोक लगा दी गई है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुपालन 2011 में बनाए गए नियमों के आधार पर यह रोक लगाई गई है। क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। तंबाकू व मसाला की साथ बिक्री करते पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही नए नियम प्रभावी होंगे।

### सदर कोतवाली में वाटर कूलर खराब, पेयजल संकट

कन्नौज। कोतवाली में पेयजल संकट गहरा गया है। यहां लगा वाटर कूलर कई माह से खराब है। इस भीषण गर्मी में पीने के पानी को पुलिस व फरियादी भटक रहे हैं। सदर कोतवाली में कैंटीन बनने के बाद दो वर्ष पहले पुलिस व कोतवाली में आने वाले फरियादियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिये वाटर कूलर लगवाया गया था। यह कुछ दिन ठंडा पानी देने के बाद खराब हो गया। कभी-कभी तो इसमें सादा पानी भी नहीं निकलता है। इस भीषण गर्मी में यदि किसी फरियादी व पुलिस को प्यास लगती है तो वह भटकता है। मजबूरी में 20 रुपये खर्च कर पानी की बोतल खरीद कर लाता है। नगरपालिका ने भी कोतवाली में वाटर कूलर नहीं लगवाया है। कोतवाली के कार्यालय में बाहर से एक या दो केन पानी की मंगवा ली जाती हैं। इससे कार्यालय का स्टाफ व कुछ अन्य लोग पानी ले लेते हैं। कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह का कहना है कि इस वाटर कूलर की मरम्मत कराने का प्रयास किया गया पर ठीक नहीं हुआ। अब नया कूलर लगवाने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं।


कोतवाली में खराब वाटर कूलर।

### जिला अस्पताल का महीनों से खराब हैंडपंप ठीक

कन्नौज। जिला अस्पताल के मुख्य गेट के निकट हैंडपंप लगा है जो काफी दिन से खराब पड़ा था। इसे ठीक कराने के लिये जिला अस्पताल के सीएमएस ने नगरपालिका को पत्र लिखा था। रविवार को नगरपालिका कर्मचारियों ने रविवार को जिला अस्पताल पहुंचकर खराबी दूर कर इसे पानी देने के काबिल बनाया। कर्मचारियों ने बताया कि उनको इस काम के लिय माह में मात्र 6800 रुपये दिये जाते हैं। महंगाई में इतने रुपये से गुजारा होना संभव नहीं है। एक दिन में तीन से चार हैंडपंप की मरम्मत करते हैं। मैकेनिक ने बताया कि भूगर्भ जलस्तर नीचे जाने से हैंडपंप पानी छोड़ रहे हैं। एक से दो पाइप की लाइन और डाल कर ठीक किया जा रहा है।


जिला अस्पताल में हैंडपंप को ठीक करते कर्मचारी।

लापरवाही — 161 करोड़ की लागत से बन रही डार्क जोन नहर परियोजना अधूरी

# नहर में पानी की आस में पथराईं आंखें, सूख रहीं खड़ी फसलें


तालग्राम क्षेत्र में बिरौली गांव के पास सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार


सिंचाई के अभाव में सूखी मक्का की फसल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

### 2016 से निर्माणाधीन नहर, अब तक नहीं छोड़ा गया पानी

अमृत विचार। डार्कजोन ब्लॉक तालग्राम व जलालाबाद में सिंचाई के लिए बन रही नहर परियोजना का काम आठ साल में भी पूरा नहीं हो पाया है। जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई थी, उनकी आंखें पानी की आस में पथरा गईं हैं। हजारों हेक्टेयर भूमि में खड़ी फसलें सिंचाई के अभाव में सूख रहीं हैं। इलाके में समुचित बिजली न आने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है।

भूगर्भीय जलस्तर कम होने के कारण जिले के तालग्राम व जलालाबाद ब्लॉकों को डार्कजोन घोषित किया गया है। 2016 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने डार्कजोन नहर परियोजना का शुभारंभ किया था और इसके लिए 161 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था। मिघौली डिबाई का विस्तार कर इस नहर को जलालाबाद ब्लाक के नरायनपुर गांव तक एक बरसाती नाले में मिलाया गया है, जो काली नदी में गिरता है।

> डार्कजोन नहर परियोजना में अभी करीब 800 मीटर खोदाई का काम बाकी है, जिसके लिए वन विभाग एनओसी नहीं दे रहा है। सोमवार को वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर इसका हल निकाला जाएगा। नहर पूरी होने के बाद तत्काल पानी छोड़ा जाएगा।
>
> –सूर्यमणि सिंह, अधिशासी अभियंता, नहर विभाग

पहले कई किसानों ने नहर के लिए जमीन नहीं दी और हाईकोर्ट चले गए। बाद में जिला प्रशासन ने किसानों को मुआवजा देकर मुकदमे वापस कराए। इसके बाद तालग्राम क्षेत्र में वन विभाग की जमीन रोड़ा बन गई। वन विभाग ने नहर खोदने के लिए अनुमति नहीं दी, जिससे काम लटक गया। सरकार बदलने के बाद बजट की कमी से भी नहर खोदाई का काम प्रभावित हुआ। दिसंबर 2023 में नहर में पानी छोड़ने की घोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक पानी नहीं आया, जिससे फसलें प्रभावित हो रहीं हैं।

### किसानों का दर्द


डार्कजोन होने के कारण नई बोरिंग करा नहीं सकते और नहर में पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में मेरी मक्का समेत उड़द-मूंग की फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गईं हैं।

भैयालाल, किसान – बिरौली


नहर के लिए किसानों ने जमीन दे दी। विभाग ने दो साल पहले ही पानी छोड़ने का दावा किया था, लेकिन अभी तक पानी नहीं छोड़ा गया।

–मोहनलाल, किसान , विशंभरपुर


गांव में सिंचाई के लिए निजी नलकूप लगे हैं लेकिन पर्याप्त बिजली न आने से पानी नहीं मिल पाता है। नहर में भी पानी नहीं आ रहा है, जिससे तरबूज व खरबूजा की फसल सूख गई।

–अनिल कुमार, किसान नगला मधई


बिजली विभाग व नहर विभाग की लापरवाही का दंश किसानों को झेलना पड़ रहा है। गर्मी में तालाब सूख गए हैं। यदि नहर में पानी होता, तो मवेशियों को दिक्कत नहीं होती।

–नंदकिशोर, किसान विशंभरपुर

## एक नजर

### खंडित मूर्तियों को इकट्ठा कर भू विसर्जित किया

**फर्रुखाबाद।** समर्थ सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों ने दुर्वाषा ऋषि आश्रम पांचाल घाट के सामने स्थित गंगा तट पर खंडित मूर्तियों और कूड़ा-करकट आदि को एकत्र किया। इसके बाद उसे गड्ढा भू-विसर्जित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, अरविंद दीक्षित व सतीश यादव आदि मौजूद रहे। वहीं मां गंगा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने भी पांचाल घाट पहुंचकर गंगा तटों पर साफ-सफाई की। रवि मिश्रा व नीतू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटनाओं में छह घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में 6 लोग घायल हो गए। क्षेत्र के गांव रुटौल निवासी मुनीश (18) कम्पिल क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर राजकुमार निवासी वीरेंद्र (48) सिवारा निवासी बन्ने (25) नगला बीच निवासी अंग्रेश (22) क्षेत्र के गांव अकाखेड़ा निवासी नन्हे लाल (18) व जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव नगला वक्शी निवासी कुशमा (35) पत्नी अखिलेश घायल हो गए सभी घायलों को आस पास के लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद नन्हे लाल को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मधुमक्खियों के हमले से एक जख्मी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कम्पिल क्षेत्र के गांव सोतेपुर निवासी वृद्ध रामनिवास पर मदुमखखीयों ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। उसके चीखने चिल्लाने पर आस पास के ग्रामीणों ने उसे किसी प्रकार बचा कर अस्पताल भर्ती करया। जहाँ उसका उपचार जारी है।

### ऊचाई से गिरकर घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खां निवासी शादाब (25) ऊचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल लाये, जहां उसका उपचार जारी है।

### सांप ने डसा, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर से सटे गांव प्रेम नगर निवासी हरपाल (45) को किसी ज़हरीले सांप ने काट लिया गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# शक्तिपीठ पर उमड़ी नीब करोरी बाबा के भक्तों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


नीब करोरी धाम में चल रहा सुंदरकांड का पाठ। अमृत विचार

- आस्था उमड़ी : तपो भूमि पर सुंदरकांड का पाठ, विश्व शांति व कल्याण की कामना

**अमृत विचार।** श्री चिंतामणी पाठ समित ने ज्येष्ठ माह में हनुमान जी की उपासना प्राचीन शक्ति पीठ मंदिर बाबा नीब करोरी की तपो भूमि पर की गई। यहां भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ किया। विश्व शांति एवं कल्याण की कामना की गई।

अध्यक्ष बृज किशोर सिंह किशोर ने बताया हनुमान जी अष्ट सिद्धि नवनिधि के दाता है। उनकी उपासना से प्रत्येक व्यक्ति को सिद्ध मिल सकती है। उनका महामंत्र राम नाम का जाप है। बाबा की उपासना ऐसा कौन सा कार्य है जो नहीं हो सकता। उनकी उपासना से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं। बाबा नीब करोरी धाम तो वैसे ही तपोभूमि है। यहां पर बाबा ने बरसों साधना की। वर्तमान में यह शक्तिपीठ बन गया है। उन्होंने कहा कि जब जाममन्त ने हनुमान जी से कहा कि इस संसार में ऐसा कौन सा कार्य है जो तुम नहीं कर सकते। हनुमान तुम्हारा तो अवतार ही श्री राम के कार्य सिद्धि के लिए हुआ है। इतना सुनते ही हनुमान जी अपने शरीर का आकार पर्वत के समान बढ़ा लिया। और एक ही छलांग में समुद्र को पार कर गए। हनुमान जी की उपासना में नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने ज्येष्ठ मास के हनुमान की उपासना में उपस्थित होकर अपनी मनोकामनाओं की अर्जी लगाई। मंदिर के महंत त्यागी पं. भानू प्रकाश शुक्ला, लखन वाजपेई ने सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होने का आर्शीवाद दिया। महाआरती एवं प्रसाद वितरण के बाद भंडारा का आयोजन किया गया।

भंडारा एवं प्रसाद की व्यवस्था उत्तम चन्द्र वर्मा, नवीन कौशल ने संभाली। इस अवसर पर अशोक वर्मा, वीना वर्मा,आदेश अवस्थी, विकेश गुप्ता, अजीत वर्मा ,कमलेश दीक्षित, प्रशांत सिंह, घनश्याम बाजपेई ,अनूप मिश्रा, अनुपम त्रिपाठी, संदीप वर्मा, फूल सिंह, अनुराग पाण्डेय, रविंद्र भदोरिया, चन्दन शुक्ला ,नीतेश वर्मा, अभय मिश्रा, पवन गुप्ता आदि भक्तों ने पाठ किया।

# ताइक्वांडो में हंसिका और प्रज्ञा ने जीता सिल्वर मेडल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गाजियाबाद में राज्य स्तर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हंसिका और प्रज्ञा ने सिल्वर मेडल जीतकर जिले का मान बढ़ाया।

सीजी पब्लिक स्कूल सेक्टर 15 वसुंधरा गाजियाबाद में चल रही राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए 31 मई को जिले के 22 खिलाड़ी गाजियाबाद रवाना हुए थे। बीते दिन हुई प्रतियोगिता में नेकपुर चौरासी निवासी धीरेंद्र यादव की पुत्री प्रज्ञा यादव ने अंडर-62 किग्रा. भार वर्ग और खुदागंज निवासी विपिन पाल की पुत्री हंसिका पाल ने 69 किग्रा. भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। कोच अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अभी प्रतियोगिता चल रही है।

प्रज्ञा यादव और हंसिका यादव ने 'अमर उजाला' को मोबाइल पर बताया कि कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। कोच अजय प्रताप सिंह ने भी अभ्यास में काफी मदद की। दोनों खिलाड़ियों का सपना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने का है।

## 'विद्युत विभाग आपके द्वार' एप लांच, विभाग से उपभोक्ताओं को जोड़ेगी नई व्यवस्था

# बिजली मीटर रीडर के साथ अब लाइनमैन भी जाएंगे

नई पहल

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बिजली उपभोक्ताओं को बिलिंग आदि की समस्या न हो, कनेक्शनधारक सीधे उच्चाधिकारियों से जुड़ सकें, इसके लिए विभाग ने 'विद्युत विभाग आपके द्वार' एप लांच किया है। इस एप पर कनेक्शनधारक का सारा विवरण अपलोड किया जाएगा। उनकी समस्याओं आदि को भी अपलोड करना होगा। प्रत्येक मीटर रीडर के साथ अब लाइनमैन भी जाएंगे। इसके लिए उनकी आईडी भी बनाई गई है।

अभी तक घर-घर जाकर मीटर रीडर रीडिंग व बिल आदि का कार्य देखते थे। इसमें बिलिंग का खेल भी चलता था। उपभोक्ताओं की समस्याओं को मीटर रीडर दबा देते थे। अब विभाग ने मीटर रीडर के साथ लाइनमैन की ड्यूटी लगाई है, जो रीडिंग करेगा। इसके साथ ही विभाग ने 'विद्युत विभाग आपके द्वार' एप लांच किया है। इस एप पर उपभोक्ता की आईडी, नाम, ट्रांसफार्मर कोड, किस पोल से उपभोक्ता के यहां कनेक्शन है, मीटर की स्थिति, मीटर रीडिंग, उपभोक्ता को बिल सही मिल रहा या नहीं आदि जानकारी फीड की जाएगी।

अगर कहीं बिजली चोरी होते मिली तो उसे भी फीड करना होगा। इस एप के माध्यम से दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से जुड़े अधिकारी उपभोक्ता की आईडी डालकर सीधे सारी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उपभोक्ताओं की बिलिंग आदि की समस्या भी दूर हो जाएगी। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि बिलिंग आदि की समस्या को दूर करने के लिए विभाग ने 'विद्युत विभाग आपके द्वार' एप जारी किया है। सभी एक्सईएन, एसडीओ व जेई को निर्देश दिए गए हैं कि वह मीटर रीडर के साथ लाइनमैन की ड्यूटी लगाकर उनके मोबाइल में यह एप लोड करवाएं। इसी एप के जरिए ही उपभोक्ता का सारा विवरण लोड करवाएं।

### केबिल बक्सा फटने से 30 गावों की 13 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप



**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** शनिवार देर रात आई आंधी व बरसात के चलते गांव ललई के पास से गुजरी 33 हजार केवी लाइन का केबिल बक्सा रात करीब 12.30 बजे फट गया। इससे शमसाबाद कसबा समेत 30 गांवों की आपूर्ति बंद हो गई। रात में ही अधिकारियों के निर्देश पर लाइनमैनों ने पेट्रोलिंग शुरू की। पेट्रोलिंग के दौरान फाल्ट पकड़ में आया। रात में ही केबल बक्सा को ठीक करना शुरू किया गया। पूरी रात कर्मचारी केबल बक्सा ठीक करने में जुटे रहे। दोपहर करीब 1.30 बजे केबल बक्सा ठीक कर आपूर्ति चालू की गई। जेई अनिल गौतम ने बताया कि आंधी-पानी में केबल बक्सा फटने से करीब 13 घंटे आपूर्ति बाधित रही।

### भीषण गर्मी के चलते फुंका ट्रांसफार्मर

**फर्रुखाबाद।** भीषण गर्मी के चलते लकूला उपकेंद्र से जुड़े गांव नोनमगंज में लगा 100 केवीए ट्रांसफार्मर का एक फेस सुबह जल गया। इसके चलते लगभग दो घंटे आपूर्ति बाधित रही। गांव नोनमगंज में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का एक फेस सुबह करीब छह बजे जल गया। इससे आपूर्ति बाधित हो गई। जानकारी मिलने पर एसडीओ रवि पांडेय ने लाइनमैनों को मौके पर भेजा। लाइनमैनों ने फेस ठीक कर सुबह करीब आठ बजे आपूर्ति चालू की। एसडीओ ने बताया कि ट्रांसफार्मर का एक फेस जल गया था, जिससे आपूर्ति बाधित हुई। इस ट्रांसफार्मर से लगभग 40 कनेक्शन हैं। वहीं जसमई उपकेंद्र से जुड़े गांव पचपुखरा में लगभग चार दिन से लो वोल्टेज की समस्या बनी है। इसके चलते ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अखिलेश, पातीराम और रामखेलावन आदि ग्रामीणों का कहना है कि चार दिन से 80 से 100 वोल्टेज ही बामुश्किल आ रहे हैं, जिससे ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे। ट्यूबवेल न चलने से गर्मी में मक्का फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। कई बार इसकी शिकायत स्थानीय बिजली अधिकारियों से कर चुके हैं। मगर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। एक्सईएन ग्रामीण सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो स्थानीय जेई से कहकर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि ट्रांसमिशन से भी वोल्टेज कम आ रहे हैं।


आसमान में तेज आवाज के साथ चमकी बिजली। अमृत विचार

# देर रात हुई हल्की बारिश से तापमान में आंशिक गिरावट

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में देर रात अचानक मौसम ने करवट बदली। पहले कड़ाके की बिजली के साथ तेज हवा चली। फिर रात बारह बजे के करीब शहर क्षेत्र में बारिश शुरू हुई,जो 15 मिनट तक चलती रही। बारिश होने से लोगों भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है।

जिले में मई महीने में ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था।जिससे गर्मी का प्रकोप काफी हद तक बढ़ गया।नौतपा शुरू होने के बाद पुराने रिकार्ड तोड़ते हुए पारा 45 डिग्री के पार पहुंचा।शनिवार -रविवार की मध्य रात हुई बारिश से लोगों को थोड़ी राहत की सांस ली है। बारिश जब बंद हुई तो जमीन से तपन निकलने लगी।जिससे कुछ ही घंटे बाद पुनः उमस जैसा माहौल नज़र आया।

### शहर में कई जगहों की बिजली गुल

देर रात कुछ देर तक हुई बारिश के बाद बिजली व्यवस्था शहर क्षेत्र में चौपट हो गई।चौक फीडर, परशुराम नगर, सुतहट्टी, खतराना सहित कई मोहल्लों में रात भर बिजली कटौती रही। यहीं हाल लकूला फीडर के अंतर्गत शांति नगर, विर्राबाग, गंगानगर आदि मोहल्लों का रहा। हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने आरोप लगाया की जब चौक फीडर के जेई अजय कुमार को बिजली कटौती की जानकारी को फोन किया, तो उन्होंने फोन स्विच आफ कर लिया।

# स्काउट-गाइड ने बताए सुरक्षित यात्रा के गुर

**फर्रुखाबाद।** स्काउट-गाइडस ने रविवार को रेलवे स्टेशन फतेहगढ़ में रेल संरक्षा अभियान चलाया। स्काउट-गाइडों ने आते-जाते यात्रियों को सुरक्षित रेल यात्रा के नियम बताए।

पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इज्जतनगर महादेवी वर्मा ग्रुप फतेहगढ़ की ओर से रेलवे स्टेशन फतेहगढ़ में ग्रुप लीडर किरन कश्यप के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट-गाइड ने यात्रियों से कहा कि प्लेटफार्म, ट्रैक या सड़क पर चलते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। इससे दुर्घटना हो सकती है, जिससे आपकी जान भी जा सकती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी यात्रियों को जागरूक किया गया। यात्रियों को बताया गया कि वह लोग यात्रा करते समय ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें। पायदान और रेल की छत पर बैठकर यात्रा न करें। बिना टिकट यात्रा करने पर जुर्माना व जेल दोनों हो सकती है, इसलिए टिकट लेकर ही यात्रा करें। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नीतू व गाइड कैप्टन ज्योति शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# ट्रक चालक का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बिहार प्रान्त में ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत में ट्रक चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम कुडरा कुबेरपुर निवासी ट्रक चालक रिंकू(34) पुत्र स्वर्गीय महेंद्र पाल की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रिंकू पिछले 10 वर्षों से ट्रक चलाकर गुजर बसर करता था। बीते दिवस वह ट्रक पर माल लाद कर गोरखपुर से वापस आ रहा था। बिहार बॉर्डर के पास जनपद किशनगंज के हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई ।जिससे ट्रक में आग लग गई। दुर्घटना मे रिंकू ट्रक के अंदर फंस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। क्षेत्रीय पुलिस ने मृतक ड्राइवर का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रक पर रिंकू का एक और साथी कायमगंज फर्रुखाबाद निवासी रक्षपाल यादव भी मौजूद था। जो किसी प्रकार बच गया। रक्षपाल ने फोन से रिंकू के घर पर सूचना दी। रिंकू की मौत की सूचना पर परिजन शव लेने के लिए जनपद किशनगंज रवाना हो गए थे। स्थानीय पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बीती देर रात्रि शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां माया देवी अपने पुत्र के शव से लिपटकर करुण क्रंदन कर रही थी। मौके पर मौजूद लोगों की आंखे नम हो गई।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कायमगंज के गांव डंडी गड़ी निवासी 22 वर्षीय शादाब की संदिग्ध अवस्था में मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया।

# गृह कलह से तंग महिला ने फांसी लगाई, मौत

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र में गृह कलह से तंग महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला को डॉक्टर ग्राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।

थाना क्षेत्र के गांव बदनपुर के रहने वाले वीर सिंह की पत्नी अवंतिका (27) ने आज अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।अवंतिका का पति वीर सिंह उसे डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया ।जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ध्रुव सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया और शव मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दे दी। वीर सिंह का कहना है कि अवंतिका के पेट में दर्द रहता था। इस वजह से वह परेशान रहती थी। वह कई बार आत्महत्या करने की बात सा चुकी थी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# हाईवे पर बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, एक गंभीर

संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद

- हेलमेट नहीं लगाए थे बाइक सवार तीनों युवक

**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र में दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इनमें से एक की शिनाख्त जिला अस्पताल लोहिया में परिजनो के पहुंचने पर हो गई है। वही एक मृतक युवक व घायल की शिनाख्त को शाम तक पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ती रही। एक पेट्रोल पंप की पर्ची मिलने से दोनों की पहचान हो सकी। घायल युवक को गंभीर हालत में सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बाइक सवार तीनों युवा हेलमेट नहीं लगाए थे।

राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव चाचूपुर के पास रविवार को दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एसएचओ राजेपुर रणविजय सिंह ने घायलों को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ध्रुव राज ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक का इलाज शुरू कर दिया है। एक मृतक की पहचान सत्येंद्र निवासी नगला टिकुरिया के रूप में हुई है। बताया गया है कि सत्येंद्र जयपुर में नौकरी करता था। 15 दिन पहले उसकी पत्नी कैंट के किसी व्यक्ति के साथ चली गई थी। जिसकी वजह वह छुट्टी पर आया था। इसी बात को लेकर वह अपनी ससुराल चाचूपुर गया हुआ था। जहां से लौटते समय या हादसा हुआ और सत्येंद्र की मौत हो गई। दूसरे बाइक चालक और घायल की शिनाख्त देर शाम को हो सकी। उसकी पहचान कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के बुढ़नामऊ निवासी सूरज के तौर पर हुई। दूसरे मृतक की पहचान कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के बुढ़नामऊ निवासी बंटू राठौर (25) पुत्र शिवकुमार के तौर पर हुई।

# दुग्ध वाहन की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


दुर्घटना के बाद एकत्र भीड़ व पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दुग्ध वाहन की टक्कर लगने से राजमिस्त्री की मौके पर मौत हो गई। राजमिस्त्री की बाइक में टक्कर मारकर दुग्ध वाहन लेकर चालक फरार हो गया।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव त्योरी फतनपुर के पास राजमिस्त्री भगवान दास पुत्र चिरौंजीलाल अपने घर गांव फतनपुर से अपने बहनोई गांव बमरुलिया के मकान निर्माण का कार्य करने जा रहा था। तभी सामने से आ रहे दुग्ध वाहन ने बाइक सवार राजमिस्त्री के जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजमिस्त्री की मौके पर मौत हो गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दुग्ध वाहन चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**छात्रा भाई समेत दुर्घटना में घायलः** फर्रुखाबाद। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव उखरा निवासी यज्ञपाल का 25 वर्षीय पुत्र राघव बाइक से 18 वर्षीय बहन अनम्या को कस्बा नवाबगंज स्थित राजेंद्र सिंह कॉलेज में बीएससी तृतीय बर्ष का प्रैक्टिकल दिलाने के लिए जा रहा था। जैसे ही राघव नगला बेग पुलिया के पास पहुंचा। तभी राघव की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसमें राघव और उसकी बहन अनम्या गम्भीर रूप से घायल हो गई । स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां से जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

### प्रधान पुत्र की अहमदाबाद में मार्ग दुर्घटना में मौत

**कायमगंज।** पूरी लगन से यूपीएससी की तैयारी कर रहा प्रधान पुत्र अहमदाबाद पेपर देने गया था। मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिससे उसकी मौत हो गई ।मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सभी लोग रोने-बिलखने लगे। कायमगंज क्षेत्र के गांव रजपालपुर निवासी ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र राहुल अहमदाबाद पेपर देने गया था। वहां मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। जिससे उसकी मौत हो गई। 30 मई की रात पुलिस ने मौत की जानकारी परिवारीजनों को दी।

फर्रुखाबाद विकास मंच

## गर्मी में राहगीरों के साथ पशु-पक्षियों की भी संस्था बुझा रही प्यास

# शहर में 70 जगह शीतल जल, 200 जगह मवेशियों को पानी

संवाददाता, फर्रुखाबाद


मोहन अग्रवाल।



श्मशान घाट पर ठंडा पानी पी रहे लोग। अमृत विचार



नांद में पानी पी रही गाय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जहां एक तरफ गर्मी चरम पर है। फर्रुखाबाद में भी तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच रहा है। इस चिलचिलाती धूप में निकलने वाले लोगों को लिए ठंडा व शुद्ध जल मिल जाना औषधि समान है।वही फर्रुखाबाद विकास मंच शहर के साथ बाशिंदों की गर्मी में प्यास बुझाने के साथ बेजुबानों का भी ख्याल रख रहा है। शहर के 70 प्रमुख स्थानो पर पानी के ड्रम संगठन रखवाता है। उनमें बर्फ की सिल्लियां भी डलवाई जाती हैं। पूरे कार्य को संचालित करने हेतु पानी और बर्फ हर ड्रम में उपलब्ध रहे इसके लिए संगठन की एक विशेष टीम निरंतर सक्रिय रहती है। शहर क्षेत्र में सरकारी वाटर कूलर या तो खराब है और जो चलते भी हैं तो ठंडा पानी नहीं देते हैं। ग्रामीण क्षेत्र से शहर में आने वाले राहगीरों के लिए सबसे अधिक दिक्कत होती है। होटल व ढाबों पर पीने का पानी भी बोतल बंद होकर बिकता है।हर आम व्यक्ति के लिए 20 की पानी की ठंडी बोतल खरीद पाना भी संभव नहीं है।

स्वार्थ की दुनिया में जहां हर व्यक्ति मदद से मुंह चुराता है ऐसे में शहर के प्रमुख चौक चौराहा और यात्री प्रतिक्षालयों में प्यास बुझाने के लिए प्याऊ खोलने की मुहिम फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल वर्षों से चला रहे है। मोहन अग्रवाल ने बताया कि उनके पिता सुरेश चंद्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में 2013 में 11 पानी के ड्रम रखकर जल सेवा शुरू की। इसके बाद यह कार्य 2024 तक निरंतर जारी है। अब 70 जगह पानी के ड्रम रखे जा रहे हैं। ठंडा पानी मिल सके इसके लिए हर ड्रम में बर्फ की सिल्लियों को डाला जाता है। फर्रुखाबाद विकास मंच का जन सेवा संकल्प रथ सुबह 7:00 बजे बर्फ की सिल्लियों को लेकर शहर में निकलता है। जहां-जहां ड्रम रखे हैं, उनमें सिल्ली डालकर पानी भरवाने का काम करता है। जिन घरों या प्रतिष्ठानों के बाहर ड्रम रखे गए हैं, उनको भी बार-बार पानी डालने के लिए जिम्मेदारी दी गई है। इस तरह से शहर में जगह-जगह रखें पानी के ड्रमों से प्रतिदिन भीषण गर्मी में हजारों लोग अपने गलों को तर करते हैं।

भीषण गर्मी में जहां इंसान ठंडे पानी के लिए परेशान रहता है। वहीं बेजवानों को शहर में पानी ही नसीब होना मुश्किल हो जाता है। फर्रुखाबाद विकास मंच ने 2024 से बेजूवानों के लिए भी बड़ी मुहिम शुरू की। 200 अलग अलग जगह को चिन्हित कर पानी की नांद रखवाई गई। संगठन के लोग यह भी सुनिश्चित करते हैं कि प्रतिदिन पानी की नाद में बेजुबानों के लिए पानी भरा जाए।

# कायमगंज विस क्षेत्र की सर्वाधिक 32 चक्रों में होगी मतगणना

संवाददाता, फर्रुखाबाद




**अमृत विचार।** पिछली 13 मई को जनपद में हुए लोकसभा चुनाव की मतगणना आगामी 4 जून 2024 दिन मंगलवार को सम्पन्न कराई जायेगी। लोकसभा की विधानसभा कायमगंज की मतगणना सर्वाधिक 32 चक्रों में समाप्त होगी। जिला प्रशासन नें अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी की है। मतगणना केंद्र सातनपुर आलू मंडी में सम्पन्न होगी। दरअसल जनपद में 40 लोकसभा फर्रुखाबाद में कुल 5 विधानसभा आती है। जिसमे से अमृतपुर, कायमगंज, सदर व भोजपुर जनपद में एटा की अलीगंज विधानसभा भी फर्रुखाबाद की पांचवी लोकसभा में शामिल है। लिहाजा बात करें मतगणना की तो जनपद में प्रत्येक विधानसभा की मतगणना के लिए कुल 14-14 टेबिले लगाई जाएगी। कायमगंज विधानसभा में सर्वाधिक 32 चक्र, भोजपुर विधानसभा में 25 चक्र, अमृतपुर विधानसभा में 26 चक्र, फर्रुखाबाद सदर विधानसभा में 28चक्र व अलीगंज विधानसभा में कुल 30 चक्र में मतगणना करायी जायेगी। सातनपुर मंडी के आस-आस आनें जाने वाले रास्तों आदि जगह पर बैरिकेटिंग लगायी जा रही है। ताकि मतगणना के दौरान परिंदा भी पर न मार सके।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।


## संपादकीय

# उत्साहजनक वृद्धि

किसी भी देश की उन्नति व समृद्धि के लिए मजबूत अर्थतंत्र का होना बहुत आवश्यक है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था से ही हम देश की सुरक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक खबर आई है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.8 फीसदी रही है। वहीं पिछले साल की समान तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.1 फीसदी रही थी। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है। जीडीपी के यह आंकड़े अनुमानों से कहीं बेहतर रहे हैं। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। गौरतलब है कि यह वृद्धि दर एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत और आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। कोरोना काल के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था में उथल पुथल है। चीनी अर्थव्यवस्था गिरते जीडीपी से जूझ रहा है। हालांकि हाल ही में आईएमएफ ने 2024 के लिए चीन की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान को पहले के 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी कर दिया है। आईएमएफ ने आगाह किया है कि 2029 तक यह घटकर 3.3 फीसदी रह जाएगी। यह संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

'इंडियन इकोनॉमी-ए रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। जीडीपी के उत्साह जनक आंकड़े आने के बाद अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक और अच्छी खबर आई है। देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह वृद्धि घरेलू लेन-देन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा, "मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है।" सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की यह गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। साथ ही आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वाभाविक रूप से होता था।

मेरे प्यारे देशवासियों, लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो गया है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद, उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार, मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं, मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार, आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया। मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, एकता का निरंतर एहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वाभाविक रूप से होता था। कश्मीर से कन्याकुमारी ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्याकुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है-भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएं यहां राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतंत्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, एस्पिरेशनल ब्लॉक जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है।

भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व टेक्नोलॉजी लोकतंत्रीकरण को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। साथियों, नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। 21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें रिफॉर्म को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत रिफॉर्म को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में रिफॉर्म की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे रिफॉर्म 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है। हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुए अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा। भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया। आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूं कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

## प्रसंगवश

# शहर सत्ता के केंद्र

शहर सत्ता के केंद्र हैं। जितना बड़ा शहर, उतनी ही अधिक उसकी हैसियत। राजनीतिक सत्ता का केंद्र दिल्ली, तो आर्थिक सत्ता का मुंबई। फिर इनके नीचे के शहर और उनके भी नीचे के, फिर और भी नीचे होते होते अंचल के कस्बाई शहर। ये सब मिलकर गावों का दोहन करते हैं जिसके लिए ऊपर से नीचे तक बाजार का, दलाली का और शोषण का सिस्टम कायम है।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजार ने शहरों के माध्यम से मध्यकाल का सामंती तंत्र खड़ा कर लिया है। जीवन की सारी सुविधाएं- सड़क, मकान, मनोरंजन, पढ़ाई, दवाई, कमाई आदि सभी बड़े शहरों में है। कभी भारत के गांव आर्थिक रूप आत्मनिर्भर होते थे। केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन से उन पर कोई असर नहीं पड़ता था। उनका काम सिर्फ टैक्स देना था, लेकिन अब बात बदल चुकी है बाजार के आगमन ने सारे हिंदुस्तान को ऊपर से नीचे तक एक जाल में आबद्ध कर दिया है। अब मुंबई या दिल्ली को जाड़ा लगता है तो सारा हिंदुस्तान कंपकंपी का शिकार हो जाता है। "कोऊ नृप होहि हमहि का हानी" वाली बात अब बीते दिन की बात हुई। शहरों की इस सत्ता और अमीरी ने इनमें बीच भांति-भांति के लोगों को जन्म दिया है। दिल्ली के दिलशाद गार्डन के एक पार्क में सुबह टहलते हुए तरह तरह के नजारे दिखे। औरत-मर्द पूरी गति में टहलते मिले, तो एक कोने में व्यायाम करते भी। एक जगह योग कक्षा चल रही थी तो एक जगह लाठी चालन शाखा भी थी। दिल्ली जैसे शहरों में पुरुष और औरत लगभग समकक्ष स्थान रखते हैं। सिर्फ लाठी चालन शाखा को छोड़कर अन्य सारे जगहों पर औरत मर्द समान रूप से मौजूद थे।

दिल्ली में बहुत गर्मी है। पर यह कहने से क्या होगा? अब गांवों में गर्मी क्या कम है? गांवों के लगभग सारे बाग-बगीचे समाप्त हो गए। ताल तलैया पोखर भी खत्म। पहले कुंआ खोदने पर दस फीट पर ही पानी निकल आता था, अब सौ फीट बोरिंग कराना पड़ रहा है। जिस तरह से जंगल काटे गए हैं और बाग-बगीचे खत्म हुए है, आने वाले दिनों में गर्मी का और ज्यादा विकराल रूप देखने को मिलने वाला है। सो भयानक गर्मी हो या प्रचंड ठंड, बड़े शहर से भागकर कोई कहां जाएगा। विगत पांच सौ वर्षों में क्या-क्या गुल खिलाएगी, देखना बाकी है।

# भारतीय संस्कृति की पीड़ा: अपने ही घर में किरायेदार

डॉ. सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ने संस्कृति के वर्तमान अर्थ के लिए पुराने 'कृष्टि' शब्द का प्रयोग किया, जो एक तरह से 'कल्चर' का ध्वन्यात्मक दृष्टि से संवादी शब्द है। इस 'कृष्टि' शब्द का अर्थ खेती के विविध प्रकारों-बागवानी, रेशम के कीड़ों का पालन आदि अर्थों में विस्तृत हुआ। साथ ही किसी भी पदार्थ को संशोधित करके उसके स्वरूप को उत्तम बनाने के अर्थ में परिवर्धित हुआ।

इन सभी अर्थों का आधान 'संस्कृति' शब्द में करके इसे मनुष्य की सर्जनात्मक ऊर्जा के अनुसंधान के अर्थ में किया जाता है। संस्कृति इसीलिए एक सिद्ध पदार्थ नहीं है, बना-बनाया या पका-पकाया पदार्थ नहीं है। यह साध्य है, निरंतर कुछ-से-कुछ बन रहा पदार्थ है। यह निष्पन्न न होकर निष्पाद्य है। अपने को नए-नए रूप में उत्पन्न करने का भाव है। यह उसके सहज स्वभाव को ऊपर लाना है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा वे नहीं समझ सकेंगे। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। डाक्टर कपिलाजी ने मुझे एक पत्र में लिखा था कि "आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है।"

जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। दिन-रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं है, मिथक समूचे विश्व में हैं।

तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है? भारत की लोक संस्कृति पर हमला उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गयी थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी।

हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन पद्धति भी, जीवन दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण पुराण प्रसंगों में आने वाले मोटिव्स या अभिप्रायों को लेकर कुछ नेता बहुत अधिक उत्साहित रहते हैं। हमारे यहां इंटरनेट था, हमारे यहां टेस्टट्यूब था, हमारे यहां सर्जरी थी और न जाने क्या-क्या था। हमारे यहां एटमबम था, हमारे यहां हवाई जहाज था उन्हें कौन खा गया? ऐसी ऐसी हास्यास्पद बातें करके ये अपने बुद्धिबल (आग्रह) का परिचय दे देते हैं। आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल ने इस प्रवृत्ति को पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण माना था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में रेल, तार, हवाई जहाज आदि के नाम और रचनाविधि को ढूंढना अनावश्यक तो है ही, पश्चिमाक्रांत प्रवृत्ति का द्योतक भी है।

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं हैं, मिथक समूचे विश्व में हैं। मिथकशास्त्र आज एक अनुशासन का रूप ग्रहण कर चुका है। हम इस मामले में भी पीछे हैं। हम अपने पुराणों की अभिप्राय अनुक्रमणिका अभी तक नहीं बना सके। सीता का धरती से जन्म लेना, धरती में समा जाना, यज्ञ का फल खाकर दशरथ की रानियों के गर्भ होना, रावण के दस सिर होना, नाभि में अमृतकुंड, पसीने की बूंद, कान के मैल, अग्निकुंड, घट, फल आदि से जन्म होना, कुंड में नहाने से स्त्री का पुरुष बन जाना, वृद्ध का युवा बन जाना, अक्षय पात्र होना। अगस्त्यमुनि का समुद्र का आचमन कर जाना, कल्पवृक्ष, शाप-वरदान जैसी परिकल्पना। ये मोटिफ हैं। मिथकशास्त्र की। हम अध्ययन अनुसंधान की पद्धति का विकास नहीं कर सके। इन लोगों की समझ में यह बात नहीं आ पाती कि अवश्य ही मिथक इतिहास की रचना है, लेकिन मिथक इतिहास नहीं है। भारतीय संस्कृति में आत्मा की अवधारणा आधारभूत है, भारतीय संस्कृति में मनुष्य की प्रतिष्ठा है।

## सोशल फोरम

# हम न भूलेंगे

कई साल पहले की बात है। एक आर्थिक परेशानी आन पड़ी। एक नामी फाइनेंस कंपनी में समय से पूर्व एफडी तुड़ाने पहुंचे। वहां एक सज्जन से बात हुई। उन्होंने एक काउंटर की ओर इशारा किया, वहां अर्जी लिख दें। दो-चार दिन बाद मिल पाएंगे पैसे।

हमने अर्जी लिखकर काउंटर की तरफ बढ़े। वहां देखा, एक लड़की बैठी थी। बहुत सुंदर तो नहीं, लेकिन चेहरे पर शरारत और स्मार्टनेस। हमने समझा रिसेप्शनिस्ट है। अर्जी पकड़ा कर हम वापस जाने के लिए मुड़े ही थे कि उसने बैठने का इशारा किया और उसने खुद को पीछे ठेला। वो रिवॉल्विंग चेयर पर थी। ऐसी चेयर उन दिनों हमारे बत्ती विभाग में बड़े अफसरों के पास ही हुआ करती थीं। फिर वो उठी और गायब हो गई। पांच मिनट बाद वो फिर प्रकट हुई। फिर रिवॉल्विंग चेयर पर धम्म से बैठ गई। अगले पांच मिनट तक हम उसे उसी चेयर इधर से उधर लुढ़कते यानी स्किट करते हुए देखते रहे। कोई संपेरनी जैसी नाच रही हो। हैरान थे हम कि यह कर क्या रही है? फिर वो हमारी और मुखातिब हुई। एक जुंबिश ली उसने और स्किट करती हुई हमारे करीब आ गई। उसने हमें एक कागज पकड़ाया। हमने उस कागज को देखा। हमारी आंखें फटी रह गईं। वो चेक था। कुछ पल तक हम दूसरी दुनिया में रहे। उसने चुटकी बजाई, ओ हेल्लो। हम धरती पर वापस आए। इतनी जल्दी काम हो गया? कल्पना से परे। वो कह रही थी, इस स्लिप पर सिग्नेचर कर दीजिए, रिसीविंग के। हमने उसे थैंक्यू बोला तो वो मुस्कुरा दी।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

गजब की मुस्कान थी। मानो कह रही थी, इन दरो-दीवारों को गौर से देख लीजिए, इस अंजुमन में आपको आना है बार-बार। हमारा उठने का मन नहीं था, लेकिन ओवरआल हम शरीफ आदमी थे। लोक-लाज भी निभानी थी और यह बात भी हमारे दिमाग में थी कि ऑफिस में हमारा स्टेटस ऑफिसर का है। हम जमीन पर पैर दबाकर रखे ताकि ऐसा न हो कि चिकने फर्श पर गिर जाएं और हंसी का पात्र बनें। वो दिन है आज का, हम आज भी उस फाइनेंस कंपनी में जाते रहते हैं, कभी एफडी भुनाने तो कभी बनवाने। मगर वो लड़की वहां नहीं मिलती है। सोचता हूं, अब तो बाल-बच्चों वाली होगी।

**- फेसबुक वॉल से**

# चीन के जे-20 स्टील्थ फाइटर प्लेन्स का भारतीय जवाब

हम यहां इस बात पर लड़ रहे हैं कि अगली सरकार किसकी बनती है और उधर चीन ने सिक्किम से 200 किलोमीटर दूर अपने एयरफोर्स फेस पर जे-20 स्टील्थ फाइटर एयरक्राफ्ट तैनात कर दिए हैं। जे-20 नीची उड़ान भर सकते हैं और इन पर एक खास कोटिंग होने की वजह से ये रडार की पकड़ में भी नहीं आते। हिमालय की टोपोग्राफी ऐसी है कि घाटी में ये जहाज नीची उड़ान भरकर भारत के भीतर 1000-1200 किलोमीटर भीतर तक घुस सकते हैं। चीन के पास 250 के करीब ऐसे जहाज हैं।



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है।

ऐसा एक फाइटर प्लेन बनाने पर $100-120 मिलियन अर्थात् 8.5 अरब भारी रुपये तक खर्च होते हैं। लगता है उधर तिब्बत और इधर भारतीय हिमालय में हाई ऑल्टियुड वारफेयर के लिए अभी से तैयारी होने लगी है। एक दिन तो यह होकर रहेगा। ग्राउंड फोर्सेज से बात नहीं बनते देख दोनों ओर से एयरफोर्स और मिसाइल बेस बनाए गए हैं। बड़े स्तर के युद्ध से तो भारत के गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों से सिंचित मैदानी इलाकों के लिए तो पूरी हाइड्रोलॉजी ही बदल जाएगी। इससे देश में फूड क्राइसिस अवश्यंभावी है। भयंकर बाढ़ और भू-स्खलन तो होना ही है। अगर ऐसा युद्ध होता है तो इसकी कॉस्ट बहुत अधिक होगी। चीन की पीएए यद्ध को भयानक और निर्णायक बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। भारत की एयरफोर्स के खरीदे हुए विमान और असलहा कहां तक काम आएगा और हॉल ही विकसित एमके लाइट फाइटर विमान जे-20 के आगे किस तरह ठहर पाएगा, यह तो एयरफोर्स के चीफ ही बता पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी कभी-कभी ही नहीं, बल्कि इस मामले में हमेशा ही ठीक कहते आए हैं कि कांग्रेस सरकार ने देश में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में पूरी तरह से नालायकी की है। जे-20 का विकास जे-एक्स एक्स से 90 के दशक के अंत में उभरा और 2008 में चीन की एयरफोर्स ने प्रोजेक्ट 718 का समर्थन किया। 2010 तक पहले संस्करण प्रोटोटाइप ने चेंगदू विमान डिजाइन संस्थान में उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया।

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिज़ाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाज़ों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है। भारत इसका मुकाबला अपने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए मार्क 1) कैसे करेगा? अभी कैबिनेट ने डीआरडीओ की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को एएमसीए बनाने रु.15 हजार करोड़ रुपये देकर इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिए हैं जिसे हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स बनाकर देगा। इसकी खेप सन् 2028 से भारतीय वायुसेना को मिलने लगेगी। तब तक इसमें स्टील्थ कैपबिलिटी, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का इंटीग्रेशन, लॉन्ग-रेंज टार्गेटिंग एंड पायलट रहित बहुत से फंक्शन इनकार्पोरेट कर लिए जाएंगे। तब तक चीन को 'होल्ड-ऑन' पर अर्थात् रोके रखना होगा। भारत के एएमसीए-मार्क 1 प्रोजेक्ट की अधिकांश डिटेल्स क्लासिफाइड हैं।

इस मामले में चीन और भारत के बीच पांच साल का अंतराल काफी मायने रखता है। इसीलिए भारत में केंद्र सरकार की लीडरशिप में मोदी का रहना अत्यावश्यक है। डिफेंस प्रोजेक्ट्स को लेकर कांग्रेस सरकार का पिछला रिकॉर्ड बिल्कुल निराशा जनक है। अमेरिका और इंग्लैंड के कहने पर इसने भारत में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना तो दूर इसे ठीक से काम भी नहीं करने दिया। इसीलिए डिफेंस रिसर्च, डेवेलपमेंट और प्रोडक्शन में लगे हुए हमारा ढांचा चरमराने की कगार पर था जब 2014 में मोदी ने इसका आकलन किया।

# डर और अंधविश्वास

जब हमें डर लगता है। बड़े नुकसान की संभावना नजर आती है, जो भी कोशिश कर सकते है वो कर चुके होते हैं या कर रहे होते हैं। सभी फेल हो चुकी होती हैं। ऐसे समय में कोई अपना-पराया राय देता है कि फलां दरगाह/मंदिर चले जाइए। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ, जो वहां गया हो और उसकी मन्नत पूरी न हुई हो। हम सोचते है चलो ये भी सही, करके देखते हैं।



इकबाल अहमद

ऐसे हालात में दो स्थिति हो सकती हैं। या तो काम बन जाएगा या नहीं बनेगा, नहीं बना तो उस दरगाह या मंदिर के दर्शन और चढ़ावे की याद भी नहीं आएगी, क्योंकि हमने उसे एक तुक्के की तरह लिया था। वहीं अगर काम बन गया तो सबसे पहले वो चमत्कारिक वजह ही याद आती है। उस समय ये नहीं सोच पाते कि बाकी की जो मेहनत की, जुगाड़ लगाया उसका ये उसका परिणाम है।

डर के आगे जीत नहीं, उसके आगे डर लगातार कायम रहता है। अगली बार कोई निर्णायक कदम उठाने से पहले कदम उधर ही बढ़ जाते हैं। उंगलियों में अंगूठियां, गले में माला और कलाई पर धागे बढ़ने लगते हैं। व्यक्ति कितना भी आम या कितना भी खास हो डर सबका बराबर होता है। डर का निवारण बताने वाला व्यक्ति की जेब का ध्यान रखता है। जेब हल्की है तो पड़ोस के घोड़े शहीद बाबा की दरगाह काफी है। जेब में वजन है तो हाजी अली के नीचे बात नहीं होगी। यही कहानी बूढ़े बरगद वाले हनुमान जी से लेकर तिरुपति बाला जी तक जाती है। अंगूठी के रत्न में भी वर्ग संघर्ष कायम रहता है। अमिताभ बच्चन की समस्या है तो निर्दोष नीलम। राम प्रसाद कष्ट निवारण के लिए फिरोजा (चिचड़ी) चल जाएगा।

अक्सर अपनी समस्या का दोष दूसरे पर मढ़ हम सुकून पाते है। ये चढ़ावे, दर्शन और शॉर्ट टर्म परेशानी निवारण एक्सेसरीज (अंगूठी, धागे, ताबीज आदि) भी हमारी समस्या टालू मंत्र के साधन हैं। गोरेपन की क्रीम की तरह एक बड़ा आर्थिक साम्राज्य इधर भी है। फेयर वाली क्रीम लगाने से न कोई हैंडसम होता है न लवली, लेकिन खुद को लगता है कुछ तो फर्क पड़ रहा है।

कुछ वैसी ही कहानी रोज ज्यादा असुरक्षित होते जाते इंसान की है। डर बढ़ता है और निवारण यंत्र ये भरोसा दिलाते है कि कुछ तो हो रहा है, पहले से बेहतर। हथेली को फैलाकर और दबाकर भाग्य रेखा को जबरदस्ती लंबा करने की कोशिश करते रहते हैं। कीरो की लिखी किताब से भाग्य पर भरोसा बढ़ा था। वही किताब जो रेलवे स्टेशन की बुक स्टॉल से सफर पर तब खरीदी थी जब गाड़ी पांच घंटे लेट थी। टाइम पास में भी डर निवारण मिल जाता है।

# डिवाइडर से टकराया ट्राला, युवक की मौत

## अन्य सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से हुए घायल

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर शनिवार की रात को एक तेज रफ्तार ट्राला अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एटा जिले के पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी रोहित 25 वर्ष पुत्र जसवंत सिंह शनिवार की रात को ट्राला में बैठकर आ रहा था तभी बुंदेल खंड एक्सप्रेस वे पर ट्राला अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल लाई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक ट्राला छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


दुर्घटनाग्रस्त ट्राला। अमृत विचार

दूसरी घटना जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव कलवारी के पास हुई जहां बाइक से जा रहे अखिलेश पुत्र शिवपाल व हरिओम पुत्र राज बहादुर निवासी सिरसा को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना इकिदल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानिक पुर मोड केपास हुई जहां ट्रेक्टर ने आटो में टक्कर मार दी जिससे आटो में सवार सुनीता पत्नी छोटे लाल निवासी इकदिल घायल हो गई। उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ट्रेन से कटकर गई युवक की जान

**इटावा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचशील के पास रेलवे की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के मोहल्ला जय भारत कालोनी निवासी मयंक गौतम 27 वर्ष पुत्र राज कुमार किसी काम से गया था जब वह रेलवे लाइन पार कर रहा था तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# नगर पंचायत कर्मचारियों को दी हीटवेव से बचाव की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में रविवार को नगर पंचायत इकदिल में जिला आपदा प्रबंधन इकाई के संयोजन में हीट वेव एक्शन डे मनाया गया। जिसमें लोगों को वर्तमान में चल रही हीट वेव से बचने की सलाह दी गई। पौधों का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष फूलन देवी ने की। चिकित्सा विभाग पीएचसी की टीम, दैवीय आपदा लिपिक एवं आपदा विशेषज्ञ ने नगर पंचायत के कर्मचारियों को हीट वेव से बचाव के संबंध में कर्मचारियों को अहम जानकारियां दीं। कर्मचारियों को पौधे देकर उन्हें उनके संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई।

जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ अवनीश कुमार दुबे ने लोगों को सलाह दी कि जरूरी हो तब ही घरों से निकलें। सिर ढककर निकले, खूब पानी पिए, खीरा, ककड़ी, नींबू, ओ आर एस घोल आदि का पर्याप्त मात्रा में सेवन करें।


कर्मचारियों को पौधे वितरित करतीं चेयरमैन फूलन देवी। अमृत विचार

# ढोल नगाड़ों के साथ भक्तों ने निकाली नगर संकीर्तन यात्रा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के तत्वावधान में रविवार को कुंज पचराहा क्षेत्र में हरि नाम संकीर्तन और ढोल नगाड़ों के साथ नगर संकीर्तन यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा एवं आरती कर यात्रा का स्वागत किया।

संकीर्तन मंडल से जुड़े सदस्य श्रद्धालुगण सबसे पहले प्रातःकाल यात्रा के यजमान केशव नारायन सिंघल के कूंचा अनीराय मोहल्ला कुंज स्थित आवास पर पहुंचे। जहां श्री राधा माधव युगल सरकार का पूजन एवं आरती कर उनकी पालकी को कांधे पर रख यात्रा आरंभ की। जो छैराहा, पंसारी टोला, अकाल गंज, पचराहा आदि की गलियों से होती हुई पुनः यात्रा के यजमान केशव नारायन के आवास पर पहुंची। जहां नवीन अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, अरुण अग्रवाल ने सभी भक्त श्रद्धालुओं का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने यात्रा पर जमकर पुष्प वर्षा करते हुए युगल सरकार की आरती उतारी एवं शरबत, शिकंजी, बिस्किट, फल, मिष्ठान, शीतल पेय, कुल्फी आदि प्रसाद के रूप में वितरित किया।


हरि नाम संकीर्तन यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

यात्रा को सफल बनाने में मंडल शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, मंत्री विष्णु नारायन शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, राजेश वाजपेई, नरेंद्र वर्मा, कमल किशोर वाजपेई, राजेंद्र सिंह, हरि प्रकाश शुक्ला, राजीव अवस्थी, जीतू वर्मा, राम प्रकाश पांडेय, सभासद शरद वाजपेई, जय प्रकाश जैन, लालजी, विष्णु कुमार अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। मंडल के मंत्री विष्णु नारायन शोरावाल ने बताया कि शाखा के आजीवन सदस्य विजय प्रकाश सक्सेना के भाई अजीत प्रकाश सक्सेना का आज ही देहावसान हो गया, जिनके अंतिम संस्कार में शामिल हो दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

## बर्फानी समिति श्रीनगर में इस बार 18 वां भंडारा लगाएगी

**इटावा।** बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति श्रद्धालुओं के लिए इस बार कश्मीर के श्री नगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर 18 वां भंडारा आयोजित करेगी। रविवार को समिति के शादीलाल धर्मशाला स्थित कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। समिति के पदाधिकारी इन्द्र नारायण पांडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में यह तय किया गया कि भक्तों व दान दाताओं के द्वारा सहयोग राशि समिति के कार्यालय मेंसुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा शाम 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी। भंडारा संचालन के लिए सेवादार 20 जून के बाद भंडारा स्थल पंचमुखी हनुमान मंदिर श्रीनगर के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में मंत्री बृजेश मिश्रा, श्याम सिंह वर्मा, रूप किशोर अग्रवाल, शैलेंद्र सक्सेना, संजय पोरवाल, कुंवर सिंह, प्रभात वर्मा, राजकुमार अग्निहोत्री आदि रहे।


बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। अमृत विचा

# खुशखबरीः शेरनी नीरजा के तीनों शावक स्वस्थ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● मृत शावक का कराया गया पोस्टमार्टम

**अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा ने शुक्रवार की रात से लेकर शनिवार की सुबह तक चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से तीन शावक स्वस्थ है तथा यह तीनों शावक अपनी मां के साथ ही हैं। एक मृत शावक ने जन्म लिया था उसका पोस्टमार्टम कराया गया है।

सफारी पार्क में शेरनी नीरजा ने चार शावकों को जन्म दिया था इनमे से एक शावक मृत अवस्था में जन्मा था। इस मृत शावक का सफारी में ही चार डाक्टरों ने पैनल ने पोस्टमार्टम किया। सफारी में डॉ एसएन भुवा, डा आरके सिंह, डा रोबिन यादव तथा डा शैलेन्द्रसिंह की टीम ने इस शावक का पोस्टमार्टम किया। सफारी में सभी डाक्टर होने तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण सफारी में ही पोस्टमार्टम किया गया।

सफारी के डायरेक्टर डॉ अनिल पटेल ने बताया कि नीरजा के तीनों शावक स्वस्थ है तथा अपनी मां के साथ ही है। सफारी प्रशासन की ओर से शेरनी और शावकों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

# भूतपूर्व सैनिकों का सम्मेलन इटावा में

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति की इटावा इकाई की मासिक बैठक राजा रिपुदमन सिंह राजावत के आवास पर अध्यक्ष शिवजीत सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में जनपद के भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं और वीरांगनाओं की पेंशन पर विशेष चर्चा हुई। जनपद कार्य समिति ने सर्वसम्मत रूप से प्रदेश कार्यकारिणी का कार्यक्रम जिले में ही करवाने का प्रस्ताव पारित किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से पदाधिकारी आकर भूतपूर्व सैनिकों के हितों के संरक्षण और अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे। इस बारे में प्रदेश पदाधिकारियों से संपर्क कर आयोजन की तारीख आदि की जानकारी सार्वजिनक की जाएगी।


भूतपूर्व सैनिक संगठन की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। अमृत विचार

● भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति की बैठक में लिया निर्णय

बैठक में मंडल अध्यक्ष कानपुर अनिल कुमार सिंह तथा संरक्षक इंद्रजीत सिंह भदौरिया, बृजेंद्र सिंह चौहान, रामबली सिंह, उपाध्यक्ष जयसिंह राजावत, चंद्र बदन सिंह भदौरिया, ओम प्रकाश सिंह, जिला प्रबंधक सचिव आलोक सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष रामचंद्र सिंह वर्मा, हरि शंकर एवं अन्य सम्मानित सदस्यगण उपस्थित हुए।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव मिरावा बहादुर पुर में घरेलू कारणों से परेशान एक व्यक्ति ने अपने घर के बाहर रखी झोपड़ी में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। उक्त गावं निवासी शिव कुमार 45 पुत्र जगदीश चंद्र घरेलू कारणों से परेशान चल रहा था। रविवार को उसने अपने घर के बाहर रखी झोपड़ी में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगी जिससे उसकी मौत हो गई। जब वह काफी देर तब दिखाई नही दिया तो परिवार वालों ने झोपड़ी में जाकर देखा तो उसका शव फंदे पर लटका मिला। मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत

**इटावा।** भरेह थाना क्षेत्र के अंतर्गत भरेह के पास कुएं में गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई। जालौन जिले के रम्पुरा थाना क्षेत्र के गांव कुनियापुरा निवासी राम चरन 70 वर्ष पुत्र कल्लू अपनी रिश्तेदारी मे भरेह आया था। वह अचानक कुएं में गिर गया। जानकारी होने पर लोगो ने उसे कुएं से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अधिक शराब के पीने से युवक की गई जान

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बरहीपुरा में अधिक शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराया है। उक्त मोहल्ला निवासी रविंद्र कुमार 32 पुत्र विजय बहादुर शराब पीने का आदी था शनिवार को उसने अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड गई। हालत बिगडने पर परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लाए जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### भागवत कथा में हजारों भक्तों ने छका प्रसाद

**बकेवर, इटावा।** ग्राम नवादाखुर्दकला स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आचार्य नन्दकिशोर दुबे की उपस्थित में आसपास के गांवों के लोगों ने भागीदारी की। देर रात तक भंडारे के प्रसाद को ग्रहण करने वालों की भीड़ बनी रही।

### ममेरे - फुफेरे भाई-बहन ने जहर खाकर की आत्महत्या

**ताखा, इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव सरसईनावर में प्रेमी युगल ने जहर खाकर की जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक और युवती दोनों आपस में ममेरे फुफेरे भाई बहन हैं। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चल रहा था। युवती की दो दिन बाद ही रोका की रस्म अदा होनी थी। घर वाले उसकी शादी कहीं और कर रहे थे। इसी के चलते दोनों ने आत्महत्या कर ली। सरसईनावर निवासी व्यक्ति की लड़की ( 18 ) व उनके भांजे युवक ( 25 ) के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की की शादी परिजनों ने शिकोहाबाद में तय कर दी थी। जिसके रोका के लिए मंगलवार को परिजनों को जाना था। जिसकी जानकारी दोनों को हुई तो दोनों ने जहर खा लिया। जिसकी सूचना दोनों के परिजनों को हुई तो लड़की के परिजन जिला अस्पताल ले गये। वहीं लडके के परिजन पीजीआई सैफई इलाज के लिए ले गये जहां दोनों ने देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्ट मार्टम कराया है।

### जहर खुरानी का शिकार हुआ युवक

**इटावा।** खुर्जा से रोडवेज की बस से उरई जा रहा एक युवक जहर खुरानी का शिकार हो गया। जहर खुरान उसके पास से नकदी मोबाइल व अन्य सामान लूट ले गए। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुलंदशहर जिले के गांव सम्मेर पुर चरावली निवासी विमल पुत्र प्रियवर सिंह रोडवेज बस में खुर्जा से उरई जाने के लिए बैठा था तभी रास्ते में जहर खुरान गिरोह के सदस्यों ने उसे कोई नशीला पदार्थ खिला दिया जिससे वह बेहोश हो गया। बस चालक ने उसे बेहोशी की अवस्था में देखा तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। होश में आने के बाद उसने बताया कि जहर खुरान उसके पास से चार हजार रुपया नकद मोबाइल व अन्य सामान लूट ले गए।

### 15 जुलाई को होगा सिविल बार एसोसिएशन का चुनाव

**इटावा।** सिविल बार एसोसिएशन का चुनाव 15 जुलाई को कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। एसोसिएशन की एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन धर्मेंद्र कुमार बंसल ने बताया कि 2 जुलाई तक सदस्यता शुल्क गोपालजी अग्रवाल के पास अधिवक्ता जमा करें। 3 जुलाई को वर्तमान अध्यक्ष व महामंत्री सदस्यता सूची बकाया देय दर्शाते हुए उन्हें सौंप दें। 6 जुलाई को सदस्यता बकाया जमा करें। 8 जुलाई को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 9 व 10 जुलाई को नामांकन होंगे। 11 जुलाई को जांच व नाम वापसी होगी। 15 जुलाई को मतदान कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना होगी। इसकी जानकारी महामंत्री राजेश कुमार राजपूत ने दी है।

### इस महीने देखने को मिलेंगी अद्भुत खगोलीय घटनाएं

**जसवंतनगर, इटावा।** पुराने समय में जब लोग छतों पर सोया करते थे तो वे आसमान में तारों की स्थिति को देखकर समय का सटीक अनुमान लगा लिया करते थे। इसके पीछे खगोल विज्ञान काम करता था। पृथ्वी से परे वस्तुओं तथा घटनाओं का अध्ययन खगोल विज्ञान कहलाता है। हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि खगोलीय वस्तुओं का सबसे पहले अध्ययन अरस्तु ने किया था। जबकि बाद में गैलीलियो ने अपने दूरबीन के माध्यम से खगोलीय पिंडों को देखने का काम किया था। भारत के प्रथम खगोल वैज्ञानिक आर्यभट्ट थे। खगोल विज्ञान पर आधारित आर्यभट्ट द्वारा लिखित पुस्तक सूर्य सिद्धांत में विभिन्न खगोलीय घटनाओं का वर्णन मिलता है। जून के महीने में विभिन्न दुर्लभ खगोलीय घटनाएं हम सभी को आसमान में रोमांचित करने वाली है। तीन जून को भोर में सुबह सूर्योदय से दो घंटे पहले आसमान में ग्रहों का दुर्लभ नजारा नग्न आंखों से देखने को मिलेगा। लाल रंग का मंगल ग्रह तथा विशाल शनि खुली आंखों से देख सकते हैं। अन्य ग्रहों बुद्ध बृहस्पति यूरेनस तथा नेप्चून को देखने के लिए टेलिस्कोप अथवा बिनोक्युलर का प्रयोग करना पड़ेगा। 4 जून को बुध तथा बृहस्पति ग्रह पास पास दिखाई देंगे। 5 जून को चंद्रमा के पास प्लीएड्स नामक तारों का समूह नक्षत्र के रूप में दिखाई देगा। 10 जून को दिन के समय आसमान में उल्का पिंडों की बौछार देखने को मिलेगी। 16 जून को चंद्रमा के पास कन्या तारा मंडल का सबसे रोशन तारा स्पाइका देखने को मिलेगा। 22 जून को पूर्ण चंद्रमादिखाई देगा। 27 जून को चंद्रमा के सामने शनि ग्रह काले बिंदु के रूप में गुजरता हुआ नजर आएगा। 30 जून को पुच्छल तारा पृथ्वी के नजदीक से होकर गुजरेगा।


प्रदीप कुमार यादव।

# महिला से रिचार्ज के नाम पर एक लाख ठगे

**जसवंतनगर।** शुभा ने बताया मेरा एसबीआई बैक में सेविंग खाता है। एक वेबसाइट ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर धोखाधड़ी की है। वेबसाइट ने रिचार्ज करवाने के बहाने पैसे लिये और फिर कमीशन के नाम पर पैसे ब्लाक करके आर्डर का टारगेट दिया। मैने आईपी कार्ड मिशन वेबसाइट पर एक लाख के ट्रांजेक्शन को चार चैनलो में रिचार्ज करवाया। उनका अंतिम टारगेट 168000 का था। जब मैने एक लाख ट्रांजेक्शन कर लिया लेकिन 68000 का ट्रांजेक्शन नहीं कर पायी। परंतु टारगेट पूरा ना होने के कारण पूरा पैसा ब्लाक कर दिया।

# मतगणना के दिन शहर में रहेगा रूट डायवर्जन



कार्यालय संवाददाता इटावा

● चार जून को भोर तीन बजे से मगतणना समाप्त होने तक लागू रहेगी व्यवस्था


**अमृत विचार।** मतगणना के दिन शहर में मंगलवार को यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए रूट डायवर्जन किया गया। 12 बिंदुओं पर जारी किया गया डायवर्जन सुबह तीन बजे से लेकर मतगणना समाप्त होने तक लागू रहेगा। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

- करीं पुलिया से कोई भी भारी वाहन बसरेहर इटावा की ओर नहीं आ सकेंगे। यह वाहन सैफई हवाई पट्टी होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- दतावली नहर पुल से कोई भी वाहन जुगरामऊ की ओर नहीं आ सकेंगे। यह वाहन बिचपुरी खेड़ा, चितभवन होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- जुगरामऊ से कोई भी वाहन मंडी की ओर नहीं आ सकेगा। मतगणना कार्य संबंधी पास धारक वाहनों को मंडी की ओर आने दिया जाएगा। शेष वाहन पचावली चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- गेट नंबर दो के आगे रामा धर्मकांटा के सामने लगे बैरियर से मण्डी की तरफ कोई भी वाहन प्रवेश नहीं करेगा। यह सभी वाहन रोड के दोनो तरफ पार्क किए जाएंगे।
- पचावली चौराहा से कोई भी वाहन जुगरामऊ की ओर नहीं आ सकेंगे।
- फर्रुखाबाद अंडर ब्रिज पर लगे बैरीयर से मण्डी की तरफ कोई भी वाहन प्रवेश नहीं कर सकेगा। यह वाहन रेखा पैलेस के बगल वाले खाली मैदान में पार्क किए जाएंगे।
- जसवंतनगर की ओर से आने वाले वाहन फर्रुखाबाद ओवर ब्रिज से नीचे उतरने वाले सर्विस रोड पर नहीं उतर सकेंगे। मतगणना कार्य संबंध पास धारक वाहनों को पार्किंग तक आने दिया जाएगा। शेष वाहन बकेवर होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- इकदिल की ओर से आने वाले वाहन भरथना ओवर ब्रिज के ऊपर सर्विस रोड के नीचे नहीं उतर सकेंगे। यह वाहन आईटीआई, सैफई हवाई पट्टी होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। मतगणना कार्य संबंधी पास धारक वाहनों को पार्किंग स्थल में आने दिया जाएगा।
- भरथना चौराहे से मतगणना कार्य संबंधी पास धारक वाहन के अलावा कोई भी वाहन मंडी को ओर नहीं जा सकेंगें। यह वाहन भरथना चौराहे से फर्रुखाबाद अंडर पास रोड के दोनों ओर पार्क किए जाएंगे। शेष वाहन भरथना होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- भरथना अंडर ब्रिज से गलत दिशा में सर्विस रोड से कोई भी वाहन मण्डी की ओर नहीं आ सकेगा।
- चौधरी पेट्रोल पंप से कोई भी भारी वाहन भर्थना चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा। यह वाहन एसएसपी चौराहा, आईटीआई चौराहा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

उफ ! ये गर्मी

सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, जरूरी काम वाले लोग ही घरों से निकले, गर्मी के चलते बच्चे और बुजुर्ग हो रहे हैं ज्यादा परेशान

# नौतपा के आखिरी दिन 42 डिग्री रहा तापमान, सभी रहे बेहाल



कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** रविवार को नौतपा का आखिरी दिन रहा। अधिकतम तापमान 42 डिग्री ही रहा, हालांकि इस तापमान में भी 45 डिग्री की गर्मी का एहसास होता रहा। इस कारण दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। शायद ही कही कोई व्यक्ति दोपहर के समय आता जाता दिखाई दिया। जिसको बहुत जरूरी काम था वही घर से निकला अन्यथा लोग घर पर ही रहे।

रविवार का दिन होने के कारण सरकारी कार्यालय में अवकाश था। स्कूलों में पहले ही अवकाश घोषित किया जा चुका है। इसके कारण जिन्हें जरूरी काम था वही लोग घर से बाहर निकले अन्यथा लोग घरों में ही बने रहे। रविवार को शहर का मुख्य बाजार बंद रहता है इसलिए बाजार में भीड़ नहीं थी हालांकि संडे मार्केट नुमाइश के पास लगता है लेकिन गर्मी के कारण पिछले दिनों की तुलना में इस रविवार को संडे मार्केट में भी ज्यादा भीड़ नहीं रही। गर्मी का असर अभी जारी है। भीषण गर्मी के कारण लोग खासे परेशान हैं। बच्चे और बुजुर्ग कुछ ज्यादा ही परेशान रहे।

### गर्मी के साथ ही बिजली भी ले रही है कड़ी परीक्षा

■ भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली भी कड़ी परीक्षा ले रही है गर्मी के कारण फाल्ट होते रहते हैं और जिसके कारण बिजली गुल हो जाती है जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मरम्मत में जुटे रहते है, पहले फाल्ट ढूंढना और फिर उसकी मरम्मत करना एक बड़ा काम है। रविवार को भी दिन में कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज तथा कालीवाहन फीडर से संबंधित करीब दो दर्जन मोहल्ले की बिजली फाल्ट के कारण 4 से 6 घंटे तक बंद रही। इससे इन मोहल्लों के लोग खासे परेशान रहे। पुरबिया टोला, कुंज, पचराहा क्षेत्र, मिश्री टोला, वेदन टोला नखासा आदि क्षेत्रों में रविवार को दिन में चार से लेकर 6 घंटे तक बिजली गायब रही। जैसे ही एक स्थान पर फाल्ट ठीक होता तो दूसरे स्थान पर फाल्ट हो जाता और फिर उसकी मरम्मत के बाद ही बिजली सप्लाई बहाल हो पाती। इसे लेकर लोग कहते परेशान रहे। दोपहर में जब बिजली की जरूरत थी तब बिजली गोल हो गई। बिजली विभाग का कहना है कि गर्मी बढ़ने परकूलर व एसी चलाए जाने से लोड अधिक बढ़ता है जिसके कारण फाल्ट हो जाते हैं और बिजली गोल हो जाती है।

### जरूरी उपकरण ही चलाएं

**इटावा।** अधिशाषी अभियंता श्रीप्रकाश ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि ओवरलोडिंग से से बचने के लिए बिजली के जरूरी उपकरणों का ही इस्तेमाल करे। जिन उकरणों की जरुरत है उन्हे ही चलाए अनावश्यक रुप से बिजली के उपकरण ना चलाएं जिससे ओवरलोडिंग हो और फाल्ट का खतरा हो।

### हीट वेव से बचने को स्टेशन अधीक्षक ने कर्मचारियों को किया जागरूक

**इटावा।** भीषण गर्मी के मौसम में रेलवे के द्वारा अपने कर्मचारियों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। हीटवेव के चलते जहां उन्हें जागरूक किया जा रहा है। वही गमछे व ओआरएस के पैकेट भी वितरित किए जा रहे हैं। इटावा जंक्शन पर स्टेशन अधीक्षक के द्वारा स्वच्छता मित्रों को साथ प्वांइट मैन को गमछे व ओआरएस तथा ड्राइवर व गार्ड को ओआरएस वितरित किये गये। स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना ने सभी को हीट वेव के चलते जागरूक किया गया। उन्होंने सभी को बताया कि बहुत देर तक धूप में रहने से बहुत प्यास लगती है। सिर दर्द के साथ उल्टी चक्कर आना बुखार के लक्षण महसूस होते हैं। यदि इस तरह के लक्षण किसी को भी नजर आए तो उसे तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में पानी व पेय पदार्थ का सेवन करना चाहिए धूप से आकर तुरंत फ्रिज का पानी नहीं पिए तथा खेरे को हमेशा धूप में ढक कर रखना चाहिए। उन्होंने 27 स्वच्छता मित्रों के साथ प्वांइट्समैन को गमछे व ओआरएस के पैकेट वितरित किए।


हीटवेव से बचाव के लिए ओआरएस के पैकेट देते स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना।

# 300 से ज्यादा गांवों में 12 घंटे नहीं आई बिजली

## भीषण गर्मी में बिजली न आने से मचा त्राहिमाम

संवाददाता फफूंद, औरैया

- रात भर सड़कों पर टहलते रहे लोग
- सुबह उठते ही हुई पानी की किल्लत

**अमृत विचार**। असेनी से केशमपुर सब स्टेशन आई 33 केवी विद्युत लाइन में फाल्ट आने के कारण केशमपुर सब स्टेशन की विद्युत आपूर्ति 12 घंटे तक ठप रही। जिससे सारी रात फफूंद कस्बे और तीन सौ से ज्यादा गांव के लोग गर्मी से बेहाल हो उठे सुबह साढ़े नौ बजे आपूर्ति बहाल हुई तब लोगों ने राहत की सांस ली। आए दिन फाल्ट होने को लेकर उपभोक्ताओं का कहना है की चपटा सब स्टेशन का लोड रखे होने से अक्सर फाल्ट होता है।

शनिवार की रात लगभग नौ बजे कस्बे की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। देर रात तक बिजली नहीं आने से परेशान उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग से जानकारी की तो पता चला की असेनी से केशमपुर लाइन में फाल्ट आ गया है आपूर्ति जल्द दुरुस्त की जाएगी। भीषण गर्मी से बेहाल कस्बे और तीन सौ से अधिक गांव के विद्युत उपभोक्ता सारी रात बिजली की आस लगाए सड़कों पर टहलते रहे लेकिन बिजली नही आई। लगभग 12 घंटे बाद रविवार सुबह साढ़े नौ बजे बिजली आई तब लोगों ने राहत की सांस ली। बिजली नहीं आने से लोग सुबह पानी के लिए भी परेशान रहे। विद्युत उपभोक्ता गोपाल कृष्ण मिश्रा, कामिल, श्यामसिंह, अजय, संतोष, राकेश बाबू, सुनील कुमार, राजेंद्र कुमार, शिवमोहन, उपेंद्र कुमार आदि ने बताया की केशमपुर सब स्टेशन आई विद्युत लाइन पर यहां से बारह किलोमीटर दूर बने चपटा सब स्टेशन की भी लाइन जुड़ी हुई है जिससे केशमपुर की लाइन पर बेहद लोड है गर्मी के मौसम में कम वोल्टेज मिलने के साथ ही अक्सर फाल्ट भी होता है जिससे कस्बे और क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो जाती है और हजारों उपभोक्ताओं को परेशान होते है केशमपुर सब स्टेशन के अवर अभियंता ने बताया की शनिवार रात आंधी से पेड़ की एक डाल विद्युत लाइन पर आ गई थी उसे कटवा कर आपूर्ति दुरुस्त करा दी गई है।


पोल पर चढ़कर फाल्ट चेक करता विद्युतकर्मी।




### रोजाना विद्युत आपूर्ति बाधित होने से समस्या

सैनिक नगर फिटर से जुड़े उपभोक्ताओं का कहना है कि इस फीडर से मिलने वाली विद्युत आपूर्ति का कोई समय नहीं है। कब फाल्ट हो जाए कितने घंटे तक आपूर्ति न मिले, इसके लिए हम लोगों को कई घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। उसके बावजूद भी बिजली मिलने का कोई पता नहीं रहता है। कभी सुबह कभी दोपहर कभी रात भर बिजली आंख मिचौली का खेल खेलती रहती है और हम लोग परेशान रहते हैं। कई बार विद्युत अधिकारियों से इसमें सुधार की मांग की। लेकिन आज तक कोई इसका निर्णय नहीं हो सका है।

## सेहुद पावर हाउस के लोड न लेने से परेशानी

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार**। इस समय भीषण गर्मी के कारण चारों ओर बिजली की त्राहि माम मची हुई है। जहां पावर हाउस में ट्रांसफार्मर फीडर गर्मी के कारण अनावश्यक लोड में बने रहते हैं। भीषण गर्मी के चलते और ज्यादा लोड होने की वजह से ट्रांसफार्मर दगा दे जा रहे हैं।

ऐसे समय में सैनिक नगर फीडर की आपूर्ति कई कई घंटे तक बाधित रहती है। जिससे बच्चे, बड़े और बुजुर्ग सभी लोग परेशान हो जाते हैं। बिजली लाइन लंबी होने के कारण लाइनमैन को फाल्ट सही करने में घंटों का समय गुजर जाता है। जबकि बिजली विभाग द्वारा सेहुद पावर हाउस को चालू हुए छह माह हो चुके हैं। उस पावर हाउस में एसएसओ तथा लाइनमैन की तैनाती भी हो चुकी है। उसके बावजूद भी आज तक सैनिक नगर फीडर से वाशिंदों की समस्या का कोई निदान नहीं हो पाया है। माह जनवरी में ही बिजली विभाग के अधिकारी बड़े-बड़े दावे कर रहे थे कि अबकी बार गर्मियों में सैनिक नगर फीडर को गर्मी में समस्याएं नहीं होंगी। उसके बावजूद भी उस पावर हाउस में कोई भी कार्य नहीं हुआ। केवल कन्हई पुरवा, पचा पुरवा, धर्माई पुरवा, अग्नू पुरवा, अजमतपुर, बरके पुरवा गांवों को जोड़कर अधिकारियों ने इतिश्री कर ली। उसके बाद आज तक कोई भी समस्या का निदान नहीं हुआ। बाकी बचे हुए गांवों को आज तक नहीं हटाया गया। न ही कोई अधिकारी इस मामले में सही जवाब दे पा रहे हैं। जानकारी के लिए बता दे सैनिक नगर में करीब 14 से अधिक गांव जुड़े हुए थे। उसमे से 7 गांव अभी भी शहरी फीडर से जुड़े हुए हैं। वहीं बिजली विभाग अपनी ही समस्याओं के चलते उपभोक्ताओं की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे पा रहे है। तीन माह से अधिशासी अभियंता और विद्युत कर्मचारी की आपसी खींचतान के कारण दिव्यापुर बिजली विभाग का विवादों से नाता जुड़ गया है। जिसमें कुछ दिन पहले सभी अधिकारी और कर्मचारी अधिशाषी अभियंता के खिलाफ सामूहिक कार्य बहिष्कार में चले गए थे। जहां फाल्ट से कई कई घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। कभी-कभी तो रात के 12:00 बज जाते हैं और उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति उपलब्ध नहीं हो पाती है। इस भीषण गर्मी में ओवरलोडिंग के चलते ट्रांसमिशन उप केंद्र पर वोल्टेज की समस्या भी बनी हुई है। वहीं लोगों के घरों में आने वाली विद्युत सप्लाई 220 वोल्ट के बजाय 150 से 180 के बीच ही मिल पा रही है। फिलहाल सैनिक नगर फीडर की समस्या बनी हुई है। वहीं बिजली विभाग ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है। जबकि सेहुद उपकेंद्र से ग्रामीण गांव जोड़ दिए जाएं तो सैनिक नगर फीडर के उपभोक्ताओं की समस्या का निदान हो जाएगा।



सेहुद स्थित विद्युत उपकेंद्र।

- पावर हाउस को चालू हुए छह माह, आपूर्ति में कोई सुधार नहीं

# एग्जिट पोल से भाजपाई खुश सपाइयों ने बताया गलत

संवाददाता बिधूना औरैया

- सपा, कांग्रेस, बसपा कार्यकर्ताओं में दिखाई दे रही है हताशा

**अमृत विचार**। शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार दिखाये जाने से जहां भाजपाइयों में खुशी की लहर है वहीं सपा, कांग्रेस बसपा कार्यकर्ताओं में हताशा दिखाई दे रही है। हालांकि सपा कांग्रेस के लोग एग्जिट पोल को कपोल कल्पित बता रहे हैं।

शनिवार को लोग सुबह से ही शाम होने का इंतजार कर रहे थे। सातवें चरण का शाम छह बजे मतदान सम्पन्न होने के बाद जैसे ही विभिन्न टीवी चैनलों ने एग्जिट पोल में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार दिखाना शुरू किया तो भाजपाई खुशी से उछल पड़े जबकि सपा, बसपा और कांग्रेस समर्थकों के चेहरे उतर गये। सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रधानाचार्य रमेश चंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि कई बार एग्जिट पोल के नतीजे गलत साबित हुए हैं। भाजपा के प्रति जिस तरह से लोगों में आक्रोश दिखाई दे रहा था उससे यह साबित होता है कि इस बार इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह सेंगर ने कहा कि इस बार एग्जिट पोल में आये नतीजों से भी ज्यादा सीटें भाजपा जीतकर चार सौ पार का नारा साकार करेगी। उन्होंने दावा किया कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा का परचम लहरायेगा और सुब्रत पाठक की जीत होगी। एग्जिट पोल के बाद रविवार को भी चाय से लेकर पान की दुकान पर एग्जिट पोल के नतीजों को लेकर चर्चा होती दिखाई दी।



पान की दुकान पर चर्चा करते लोग। अमृत विचार

# अल्ट्रासाउंड कराने के लिए गई विवाहिता हुई गुम

संवाददाता बिधूना औरैया

**अमृत विचार**। अल्ट्रासाउंड कराने के बहाने घर से तीन दिन पूर्व निकली एक विवाहिता कहीं गुम हो गई। गुमशुदा विवाहिता के पिता ने कोतवाली पुलिस में घटना की लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हथनापुर निवासी रामरहीस पुत्र बालकराम ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी पुत्री सुनयना की शादी पांच वर्ष पूर्व फिरोजाबाद में की थी। दो माह पूर्व उसकी पुत्री अपने बच्चों के साथ मायके आई थी। 30 मई को उसकी पुत्री सुनयना अल्ट्रासाउंड कराने की बात कह कर घर से बिधूना के लिए निकली थी। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं आई तो उसने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला जबकि उसका फोन भी बंद बता रहा है। पीड़ित पिता ने कहा कि उसकी पुत्री के चार साल और 2 साल के दो बच्चे हैं। मां के बिना बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# सूर्य की तपिश से दोपहर में निकलना हुआ मुश्किल

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार**। जून माह में सूर्य देवता ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया है, जिसके कारण सूर्य देवता तन को झुलसाने का काम कर रहे हैं। साथ ही शरीर की नमी भी सूख रही है।

सुबह 9:00 के बाद घर से निकलना दुश्वार हो रहा है घर के अंदर पंखे कूलर सब बेकार साबित हो रहे हैं। दिन भर पसीना आने के कारण शरीर में अन्य बीमारियां हो रही हैं। लोग घर से निकलते ही छांव की तलाश में रहते हैं। बढ़ती तपिश के कारण गला भी सूख रहा है। इस समय सूर्य देव की किरणें शरीर में बाण की तरह चुभ रही हैं। वातावरण में नमी कम होने के कारण प्रचंड गर्मी का एहसास हो रहा है हवाओं का तापमान भी बढ़ा हुआ है। अब लोगों ने सुबह टहलना कम कर दिया है। सुबह 7:00 बजते ही सूर्य देव की किरणें पृथ्वी पर तेजी से फैल जाती हैं। सरकारी तथा निजी कार्यालय दुकान पर जाने के लिए लोगों जमकर पसीना बहाना पड़ रहा है। दोपहर 12 बजे से शाम 4:00 बजे तक इस समय 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जिन घरों में एसी लगे हुए हैं उनके घर लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही है। पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं कूलर में लोगों को राहत नहीं मिल रही है। इधर-उधर शीतल जल के लिए भटकते नजर आ रहे है रास्ते मे लोग छाया ढूंढते रहते हैं। राह में चलते हुए लोग छांव की तलाश करते रहते हैं। इस भीषण गर्मी में इंसान के साथ पशु पक्षी भी परेशान है। राहत पाने के लिए पानी को ढूंढते रहते हैं। डॉक्टर भी लोगों को सलाह दे रहे हैं यदि रास्ते में आप जा रहे हैं आपको प्यास नहीं लग रही है तब भी कुछ ना कुछ पानी जरूर पीएं, जिससे गर्मी के दिनों में बीमार होने से बचा जा सके। इसलिए पानी को पीते रहें। पानी की कमी से डायरिया की शिकायत भी हो रही है। हल्के रंग के कपड़े से पसीना सूखने वाले कपड़े पहने धूप से बचाव के लिए छाता टोपी चप्पल का प्रयोग करें। खुले में कार्य न करें आने जाने से पहले अंगौछा साथ लेकर जाएं। इस गर्मी में शरीर में पानी की कमी होने से लो ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ जाता है।


गर्मी के चलते सड़क पर पसरा सन्नाटा।


गर्मी से राहत पाने को पेड़ के नीचे बैठा व्यक्ति व प्यास बुझाते राहगीर।

- घर से निकलने पर अंगौछा व छाता साथ लेकर निकलें

### पानी का अधिक से अधिक उपयोग करें : डॉ. सुनील

**ककोर, औरैया**। इस समय देश के काफी हिस्सों में 'लू' का प्रकोप चल रहा है, इससे बचने के लिए कुछ दिन सावधानी बरतें और पानी का अधिक से अधिक उपयोग करें। सीएमओ डॉ सुनील कुमार वर्मा ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि, हमारे शरीर का तापमान हमेशा 37 डिग्री सेल्सियस होता है, इस तापमान पर ही हमारे शरीर के सभी अंग सही तरीके से काम कर पाते है। पसीने के रूप में पानी बाहर निकालकर शरीर 37 सेल्सियस तापमान मेंटेन रखता है, लगातार पसीना निकलते वक्त भी पानी पीते रहना अत्यंत जरुरी और आवश्यक है। पानी शरीर में इसके अलावा भी बहुत कार्य करता है, जिससे शरीर में पानी की कमी होने पर शरीर पसीने के रूप में पानी बाहर निकालना बंद कर देता है जब बाहर का टेम्प्रेचर 45 डिग्री के पार हो जाता है और शरीर की कूलिंग व्यवस्था ठप हो जाती है, तब शरीर का तापमान 37 डिग्री से ऊपर पहुंचने लगता है। शरीर का तापमान जब 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तब रक्त गरम होने लगता है और रक्त में उपस्थित प्रोटीन पकने लगता है (जैसे उबलते पानी में अंडा पकता है) मौसम के कारण स्नायु कड़क होने लगते है इस दौरान सांस लेने के लिए जरूरी स्नायु भी काम करना बंद कर देते हैं। शरीर का पानी कम हो जाने से रक्त गाढ़ा होने लगता है, ब्लडप्रेशर कम हो जाता है, महत्वपूर्ण अंग (विशेषत: ब्रेन) तक ब्लड सप्लाई रुक जाती है जिससे व्यक्ति कोमा में चला जाता है और उसके शरीर के एक- एक अंग कुछ ही क्षणों में काम करना बंद कर देते हैं, और उसकी मृत्यु हो जाती है। गर्मी के दिनों में ऐसे अनर्थ टालने के लिए लगातार थोडा थोडा पानी पीते रहना चाहिए, और हमारे शरीर का तापमान 37 डिग्री मेंटेन किस तरह रह पायेगा इस ओर ध्यान देना चाहिए। साथ उन्होंने बताया कि ठंडे पानी से नहाएं मांस- अंडे, तेज गरम मिर्च मसाले, तला हुआ भोजन, बाहर का भोजन इत्यादि का सेवन करने से बचें। फल और सब्जी जैसे खीरा, टमाटर, ककड़ी इत्यादि का भोजन में ज्यादा प्रयोग करें।

# 11 हजार वोल्टेज के तार पर गिरा पेड़

संवाददाता अटसू, औरैया

**अमृत विचार**। रविवार को प्राइमरी स्कूल अटसू में सब्जी मंडी के बगल में एक पुराना नीम का पेड़ अचानक 11000 वोल्टेज की लाइन पर गिर गया। पेड़ गिरने अफरातफरी मच गई। लेकिन कोई बड़ा हादसा न होने से लोगो नें ईश्वर को धन्यवाद दिया कि सबकी जान बच गई।

सब्जी मंडी के बगल में प्राइमरी स्कूल की बाउंड्री के पास एक नीम का पेड़ कई वर्ष पुराना था। जो शाम को लगभग 5 बजे 11000 की विद्युत लाइन पर गिर पड़ा जिसके पास कई दुकानदार सब्जी फल और चाट आदि की ठेली लगाकर अपना जीवन यापन करते हैं। और साथ ही फफूंद मुख्य मार्ग पर दिन भर यात्रियों का आना जाना रहता है। ऐसी जगह नीम का पेड़ गिर जाने से बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। कई जानें भी जा सकती थीं। लेकिन कहते हैं कि ऊपर वाला सदैव अच्छा ही करता है। कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।


गिरा पड़ा नीम का पेड़। अमृत विचार

## विवेक दीक्षित का जन्मदिन मनाया

**ककोर**। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद औरैया के जिला कोषाध्यक्ष विवेक दीक्षित का जन्मदिन उनके पैतृक निवास नौली में मनाया गया। जिसमें संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे। प्रदेश सचिव पंडित बृज किशोर तिवारी एवं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गिरीश तिवारी एवं जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी ने पैतृक निवास नौली पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी। जिला अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने उनका तिलक किया।

# विजय जुलूस निकालने पर होगी कार्रवाई : सीओ

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार**। थाना परिसर में रविवार को लोकसभा चुनाव के मतगणना को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ राममोहन शर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा हुई की मतगणना के दिन क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बना रहे। तथा किसी भी परिस्थिति में कोई अप्रिय घटना नहीं हो। जीत हार किसी की हो सभी आपसी भाईचारा बनाकर रहेंगे। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी पार्टी कार्यकर्ता के द्वारा विजय जुलूस निकाला और किसी के द्वारा कोई अफवाह फैलाया गया तो उसको बक्सा नहीं जाएगा। थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम ने जनता से अपील की कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा। अगर किसी ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई तो उसके खिलाफ सख्त करवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### 11 बिछड़े परिवारों को मिलाया गया

**औरैया**। रविवार को महिला थाना प्रभारी रीना गौतम की अध्यक्षता में 11 परिवार जो कि आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनों से अलग रह रहे थे एक दूसरे के साथ रहने को राजी नहीं थे जिसके कारण परिवार टूटने की कगार पर था जिसे समझा-बुझाकर पति-पत्नी के मध्य मन मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाकर हंसी खुशी विदा किया गया।

### झगड़े में फायर करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**फफूंद, औरैया**। बीते शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव हजियापुर में खेत से मिट्टी खोदने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। झगड़े के दौरान गांव सीहापुर निवासी संत कुमार उर्फ़ लाल जी यादव 26 वर्ष पुत्र कुंजबिहारी ने गांव हजियापुर निवासी सुमित कुमार के ऊपर फायर कर दिया था। दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार को फफूंद थाने में जानलेवा हमला करने का मुक़दमा दर्ज हुआ था। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने अपने हमराहियों के साथ अभियुक्त संत कुमार को रात में ही घर के सामने बनी कोठी से गिरफ्तार कर लिया था। उसके पास से एक 12 बोर का तमंचा, एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।

### निर्जला एकादशी पर राहगीरों को पिलाया शर्बत

**अछल्दा**। निर्जला एकादशी के मौके पर श्रद्धालुओं ने स्टाल लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। कस्बा के हरीगंज तिराहे पर कस्बा के संभ्रात लोगो ने राहगीरों को मीठे पानी शर्बत पिलाया गया। इस मौके पर कस्बे के संभ्रात लोग मौजूद रहे।

### धर्म की हानि होने पर अवतार लेते हैं प्रभु

**अयाना, औरैया**। अयाना कस्बा स्थित कौशल्या वाटिका मं चल रही भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को आचार्य श्यामजी द्विवेदी ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है तब भगवान स्वयं अवतार लेकर पाप का विनाश करते हैं। कथा का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि समाज और मन के लिए शांति ही सर्वोपरि है। बिना शांति के कोई भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। मनुष्य को चाहिए कि वह दूसरों के सुख- दुख का उत्तर इस प्रकार दें कि जैसे वह उसके अपने हों। कंस के अत्याचार से धर्म पर संकट छाने पर प्रभु श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर अवतार लिया। कृष्ण जन्म के दौरान कथा पंडाल जय कन्हैया लाल की जयकारों से गूंज उठा। कथा के दौरान परीक्षित छोटे लाल गुप्ता प्रधान, मीरा गुप्ता, सुरेंद्र, प्रदीप गुप्ता, विनोद, डीसी गुप्ता, राहुल, श्याम जी, अंकुश चक, दिलीप चक, जीतू शुक्ला, पंकज शर्मा, अत्ते भदौरिया आदि मौजूद रहे।

### पापियों को पाप से मुक्ति दिलाती है भागवत कथा

**ककोर, औरैया**। श्रीमद् भागवत कथा समाधान पुरवा में भगवताचार्य रचना शास्त्री ने रविवार को परीक्षित हरिओम व सोनी राजपूत सहित भक्त श्रोताओं को बताया कि सदाचार ही श्रीमद्भागवत कथा का मूल मंत्र है ऐसे में सभी को सदाचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का मौका उन्हीं भक्तों को मिलता है, जिन पर ईश्वर की असीम कृपा होती है। मनुष्य योनि योनियों में सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसी योनी में यज्ञ दान तप जप पूजा पाठ होते हैं और अगले जन्मों में मानव को इन्हीं पुण्यों का फल प्राप्त होता है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण कालीदह लीला प्रसंग का वर्णन करने के साथ गोवर्धन पूजा कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि इंद्र का घमंड चूर करने के लिए ब्रजमंडल में इंद्र की पूजा बंद करा दी जिस पर आक्रोशित इंद्र ने बारिश शुरू कर दी जिससे हाहाकार मच गया श्री कृष्ण ने ब्रज वासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठा लिया।

**चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3** | मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. कैलाश यादव ने फीता काटकर फाइनल मैच का किया उद्घाटन और खिलाड़ियों को दीं शुभकामनाएं

# फाइनल में भिंड को हरा कर चौरेला की टीम बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार**। पंचनद चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का फाइनल मुकाबला भिंड और चौरेला टीमों के बीच खेला गया। जालौन, इटावा और भिंड सीमा के बीहड़ों में स्थित चौरेला ग्राउंड पर मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. कैलाश यादव ने फीता काटकर फाइनल मैच में खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि खेल को जीवन में उतारना चाहिए। खिलाड़ी पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी से खेलें।

चौरैला टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भिंड टीम निर्धारित 15 ओवर भी नहीं खेल पाई। भिण्ड टीम 13.4 ओवर में 74 रन पर आल आउट हों गई। भिण्ड टीम के खिलाड़ी अवनीश ने सर्वाधिक 2 छक्का सहित 14 रन का योगदान दिया।

चौरेला टीम के खिलाड़ी विनीत और शिवम ओझा ने 3-3 विकेट झटके। जवाब में उतरी चौरेला टीम 13 ओवर में 7 विकेट के नुकसान से 75 रन बनाकर जीत हासिल की। चौरेला टीम को एक-एक रन के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। चौरेला टीम के खिलाड़ी पुनीत ने सर्वाधिक 4 चौके सहित 19 रन का योगदान दिया। चौरेला खिलाड़ी आशीष 18 रन बनाने के साथ 2 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे।

चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 का 16 दिवसीय समापन समारोह में अतिथि के तौर पर पधारे वरिष्ठ कथाकार ए. असफल ने कहा कि चौरेला गांव कुख्यात दस्यु सरगना जगजीवन परिहार के नाम से जाना जाता था लेकिन अब यह गांव खेल गांव बन चुका है। यहां खेल का आयोजन लगातार सुचारू रूप से चलाया जाए। सूरजरेखा त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि चंबल आश्रम, हुकुमपुरा में आयोजित दूसरे सीजन की पहले भी गवाह बन चुकी हूं। खिलाड़ियों की कोई जाति नहीं होती। आप चंबल अंचल के स्वतंत्रता संग्राम के रणबाकुरों की याद में मैच खेल रहे हैं।

इतिहासकार देवेंद्र सिंह चौहान ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि चौरेला ग्राउंड की पिच पर आप पूरी शिद्दत के साथ खेलें। चंबल में सच के लिए बगावत की परम्परा रही है। चाहे जो भी कुर्बानी देनी पड़े।


विजेता टीम को ट्राफी देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

- फाइनल मैच के मैन आफ द मैच बने आशीष

### चौरेला की टीम को मिली ट्राफी व 11000 रुपये

चौरेला टीम को चंबल घाटी के आदि विद्रोही लालजू सिंह स्मृति ट्राफी के साथ 11000 रुपए नगद राशि और सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र से नवाजा गया।

### उपविजेता भिंड को मिले 8000 रुपये

को क्रांतिवीर दौलत सिंह कुशवाह स्मृति ट्राफी के साथ 8000 रुपए की नकद राशि, टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। 16 दिवसीय चंबल क्रिकेट लीग सीजन- 3 में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले चौरेला टीम के खिलाड़ी विनीत को क्रांतिवीर जीता स्मृति मैन आफ द सीरीज ट्राफी प्रदान की गई। एम्पायर की भूमिका राम दुबे और प्रदीप भदौरिया ने निभाई। स्कोर बुक में दर्ज करने का काम देवेंद्र सिंह और सचिन परिहार ने किया। स्कोर बोर्ड पर लिखने का काम दीपक परिहार ने किया। लाइव कमेंट्री अशोक दुबे और फ़ोटो-वीडियो डॉक्यूमेंट आदिल खान ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन चंबल क्रिकेट लीग संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने किया।

## एक नजर

### बिजली अभियंताओं का महाधिवेशन 27 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ का 39वां वार्षिक महाधिवेशन 27 जून को राजधानी में आयोजित होगा। वार्षिक महाधिवेशन में बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने, राजस्व वसूली में वृद्धि करने, बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने व बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, विकास की अन्य संभावनाओं, अभियंताओं के अपेक्षित योगदान और अभियंताओं की विभिन्न लम्बित समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किये जायेंगे।

### हीटवेव को लेकर डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

**अमृत विचार, लखनऊ :** हीटवेव से परेशान होते पुलिस कर्मियों को लेकर डीजीपी प्रशान्त कुमार ने गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी नींबू, इलेक्ट्राल, ग्लूकोज एवं ओआरएस घोल आदि प्रयोग करते रहे एवं अधिक प्रोटीन तथा वसायुक्त भोजन से परहेज करें। उन्होंने उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से पुलिस कर्मियों को सत्तू, छाछ, दही आदि के सेवन के लिए प्रेरित करें। डीजीपी ने कहा कि यातायात कर्मी दोपहर में चौराहों पर ड्यूटी करते हैं। अत: उनके बूथ और शेड को ठीक करा लिया जाए। साथ ही वहां पर पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए।

# 179 विशेष प्रेक्षक रखेंगे मतगणना पर पैनी नजर

**75** जिलों में बनाए गए 81 केंद्र, लोकसभा व विधानसभा के लिए अलग-अलग होगी मतगणना

**18** वर्ष से ऊपर के व्यक्ति बन सकेंगे मतगणना एजेंट सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

**37** लोकसभा क्षेत्रों की दो जिलों में और 35 की एक जिले में होगी मतगणना

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतगणना के लिए 179 विशेष प्रेक्षक तैनात किये हैं। विशेष प्रेक्षक मतगणना पर सतर्क नजर रखेंगे। 75 जिलों में 81 मतगणना केंद्र बनाएं जाएंगे। लोकसभा व विधानसभा सीटों के लिए अलग-अलग हाल में मतगणना होगी। सभी मतगणना व सीलिंग की कार्रवाई सीसीटीवी की निगरानी में की जाएगी। मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व त्रुटिरहित मतगणना के लिए तैयारी पूरी हो गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 15 प्रेक्षक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को दो-दो विधानसभा क्षेत्र और 60 को तीन-तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग अफसर और 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर के जरिये सम्पन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आगरा, मेरठ, आजमगढ, देवरिया, सीतापुर व कुशीनगर जिलों में मतगणना दो-दो केंद्रों पर होगी। आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना दो जिलों में और 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना एक जिले में होगी। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना जिला निर्वाचन कार्यालयों के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउंड में मतगणना सम्पन्न होगी।



मतगणना संबंधी जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

### 851 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

मतगणना के जरिये कुल लोकसभा सीटों पर 851 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। चुनाव मैदान में रहे इन प्रत्याशियों में 771 पुरुष व 80 महिला हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में व सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। प्रत्याशियों को मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए निधारित मानक का पालन करना होगा।

### विस सीटों के लिए अलग रिटर्निंग अफसर तैनात

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव वाली सीटों शाहजहांपुर की ददरौल, लखनऊ पूर्व, बलरामपुर की गैंसड़ी व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) पर मतगणना के लिए अलग-अलग रिटर्निंग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के लिए चार रिटर्निंग अफसर व 26 सहायक रिटर्निंग अफसर तैनात किये गये हैं।

### इन नंबरों पर करें शिकायत

प्रत्याशी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता के जरिये मतगणना शुरू होने की तारीख से तीन दिन पूर्व शाम पांच बजे तक मतगणना एजेंट बनाये जाने के लिए प्रारूप-18 पर रिटर्निंग अफसर के समक्ष आवेदन किया गया है। मतगणना एजेंट नियुक्त करने के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को मतगणना एजेंट बनाया जा सकता है। केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष को मतगणना एजेंट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। केन्द्र व राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को मतगणना एजेंट बनाये जाने पर भी प्रतिबंध है। ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद आदि को एजेंट बनाये जाने के संबंध में कोई प्रतिबंध नहीं है।

### 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 01 जून तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4768 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,44,490 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस भेजे गए है, जिनमें से 27,05,146 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5423 केन्द्रों पर छापा मारा गया और 188 केन्द्रों को सील किया गया है।

# दुबई और ओमान से शुरू होगा दशहरी के निर्यात का सफर

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** फलों का राजा दशहरी के निर्यात की तैयारी शुरू हो गई है। दशहरी के इस सफर की शुरुआत दुबई और ओमान के निर्यात के साथ शुरू हो जाएगी। आगामी 10 जून के बाद आम की यह पहली खेप रवाना हो जाएगी। इन दोनों स्थानों पर 18-18 एमटी आम भेजा जा रहा है। मैंगो पैक हाउस में इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

**छह देशों से आर्डर:** बागवानों के मुताबिक दुबई, ओमान के साथ ही कुवैत, सऊदी अरब, इंग्लैंड और रूस आदि से बडे.आर्डर आ रहे हैं। फिलहाल दुबई और ओमान आम निर्यात किए जाने की तैयारी है। मैंगो पैक हाउस तैयार है। आम के टूटने का क्रम दस से शुरू हो जाएगा।

**निर्यात वाले प्रति आम का वजन करीब 400 ग्राम होना जरूरी:** रहमान खेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस के जीएम अकरम बेग बताते हैं कि निर्यात के लिए विशेष तरह के आम का चयन होता है। इसका वजन करीब 400 ग्राम होता है। आम बिल्कुल दाग रहित और साफ होता है। टूटने के बाद विशेष तरह से प्रोसेस कर उसे पैक किया जाता है। उसके बाद तय देशों से आए आर्डर के मुताबिक भेजा जाता है।



▸▸ दोनों जगहों पर जाएगा 18-18 एमटी आम

### बीते वर्षों का आंकड़ा

| वर्ष | निर्यात एमटी |
|---|---|
| 2020 | 388 |
| 2021 | 437 |
| 2022 | 46 |
| 2023 | 18 |

### अब तक ये देश ले चुके हैं दशहरी का जायका

बीते वर्षों में दुबई, ओमान, लंदन, जर्मनी, दोहा, यूके, नेपाल, इटली, ईरान, जेद्दा, भूटान, बहरीन, रसिया, माले, स्वीटजरलैंड आदि देशों के लोग आम की विभिन्न किस्मों का स्वाद चख चुके हैं।

# टोल टैक्स बढ़ाने का आदेश प्रभावी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कारों पर नहीं बढ़ाया गया है टोल टैक्स

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को देखते हुए टोल टैक्स बढ़ाने का रूका हुआ आदेश अब प्रभावी हो गया है। टोल टैक्स में लगभग 5 से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो मासिक पास पर भी लागू होगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश में हाइवे पर रविवार रात से टोल टैक्स बढ़ जाएगा। राज्य में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। इसके साथ ही कई ऐसे हाईवे भी हैं जो कहीं न कहीं इन एक्सप्रेस वे से जुड़ते हैं। इन सभी पर पड़ने वाले टोल प्लाजा पर बढ़ा हुआ टोल वसूला जाने लगा है।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कार, बस और ट्रक के लिए टोल टैक्स बढ़ा दिया है। टैक्स में 5 से 25 रुपये बढ़ाए जा रहे हैं। 2 जून की रात से ये टैक्स बढ़ जाएगा। टोल प्लाजा पर नए दरों की सूची भी चस्पा कर दी गई है। दरअसल, एनएचएआई ने 1 अप्रैल से टोल टैक्स की दरें बढ़ा दी थीं, लेकिन इसे चुनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। 1 जून को वोटिंग खत्म होने के 02 जून की रात 12 बजे से इसे लागू करने के आदेश जारी हो गए हैं। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि कारों पर कोई टोल नहीं बढ़ाया गया है।

# खुद पर उठे सवालों के बीच मोदी के साथ सारथी की तरह रहे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की ओर से खुद पर उठ रहे सवालों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सारथी की तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रहे। प्रचार के दौरान दोनों जहां भी साथ रहे बेहतर समन्वय देखने को मिला। शनिवार को सर्वे एजेंसियों की रिपोर्ट में एग्जिट पोल के नतीजों ने भाजपा और एनडीए को जोश से भर दिया है। ऐसे में चर्चा हो रही है कि उप्र. में मोदी और योगी की जोड़ी एक बार फिर प्रभावी साबित हुई है।

दरअसल, पिछले दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा योगी आदित्यनाथ को उनके पद से हटाए जाने को लेकर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी कहा कि वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

चुनाव के दौरान मेरठ से लेकर मिर्जापुर तक मोदी और योगी तकरीबन 21 कार्यक्रमों में एक दूसरे के साथ रहे। इस दौरान 13 जनसभाएं, 5 रोड शो, वाराणसी में नामांकन और काशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान दोनों नेताओं का एक दूसरे के प्रति आपसी विश्वास को बढ़ाने वाले संवादों की चर्चाएं हर जगह हुईं। इस दौरान कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए, जिसने जनता के बीच प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच भरोसे को मजबूत किया।

### हाथ पकड़ने वाला वीडियो हुआ वायरल

पीलीभीत में आयोजित जनसभा के दौरान जब मुख्यमंत्री उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री के पीछे से डायस की ओर जाना चाहते थे, तभी प्रधानमंत्री द्वारा उनका हाथ पकड़कर सामने से जाने के लिए आग्रह करना सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ। विश्वनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री को त्रिशूल भेंट करने वाला वीडियो भी लंबे समय तक ट्रेंडिंग बना रहा।

# आवक कम, मौरंग-बालू हुई महंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मौरंग का ट्रक 60 से 70 हजार रुपये में हुआ

**अमृत विचार:** कुछ खदानों पर खनन रोके जाने के साथ ही मौरंग की कीमतों ने तेजी पकड़ ली है। इससे लाल मोटी बालू कहा जाने वाला मौरंग का ट्रक 60 से 70 हजार रुपये में पहुंच गया है। वहीं बालू की कीमतों में भी तेजी दर्ज की गई है।

25 हजार रुपये वाले बालू के ट्रक की कीमत अब 25 से बढ़कर 30 हजार रुपये हो गई है। भवन सामग्री विक्रेताओं का मानना है कि 15 जून के बाद एक बार कुछ दिनों के लिए पट्टा जरूर दिया जाएगा जिससे बरसात के वक्त किसी भी तरह की दिक्कतें न हों।

### भवन सामग्री

| | मई (आखिरी सप्ताह) | जून (प्रथम सप्ताह) |
|---|---|---|
| मौरंग- | 60,000 | 70,000 |
| बालू- | 25,000 | 30,000 |

नोट : रुपये प्रति ट्रक (एक हजार घनफीट)

भवन निर्माण सामग्री में अचानक बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इसमें मौरंग और बालू खासतौर पर महंगी है। खनन कम होने से इनकी कीमतों में बड़ा अंतर आया है। उम्मीद है सरकार 15 जून तक कुछ दिनों के लिए पट्टा जारी करेगी जिससे बरसात में होने वाली भवन सामग्री की कमी से बचा जा सके। यहीं नहीं सरिया के दाम में भी मामूली अंतर आया है। प्रति टन जो सरिया 60 से 62 हजार रुपये थी वह बढ़कर 64 हजार रुपये हो गई है। **- श्याममूर्ति गुप्ता, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सीमेंट व्यापार संघ**

# सूखे से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** भूमि संरक्षण को बढ़ावा देने, सूखे की स्थिति से बचने और भू-क्षरण की रोकथाम के लिए सेंटर फॉर एनवायरमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट(सीड) द्वारा 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) तक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सीड के सीईओ रमापति कुमार ने रविवार को बताया कि इस साल अभियान की थीम 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य और हम है' है। इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश जलवायु परिवर्तन के लिहाज से देश में सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में मुख्य है। इसलिए अभियान में नागरिकों के द्वारा भूमि व जल संरक्षण के लिए संकल्प एवं पौधरोपण, अनाथालय में बच्चों के साथ जागरूकता प्रसार, हैंड प्रिंट, क्विज, पेंटिंग आदि रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है।

# इटावा लॉयन सफारी से लाए बब्बर शेर से मिले योगी

**अमृत विचार लखनऊ:** दो महीने तक लोस. चुनाव प्रचार में व्यस्त रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिड़ियाघर में लगभग एक सप्ताह पहले इटावा लॉयन सफारी से लाए गए बब्बर शेर पांच साल के भरत और शेरनी सात साल की गौरी को भी देखा।

# आग बुझाने वाले सिलेंडर चलाना तो दूर खोल तक नहीं पाते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चिकित्सा शिक्षा विभाग में संपन्न बैठक में जताई गई चिंता दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

▸▸ कर्मचारियों को किया जाए प्रशिक्षित : अविनाश चंद्र

**अमृत विचार:** चिकित्सा संस्थान हो या सरकारी अस्पताल, सभी में अग्निशमन सुरक्षा संबन्धी सिस्टम तो उपलब्ध होते हैं, मगर आग लगने की स्थिति में संस्थान के कर्मचारी आदि आग बुझाने वाले सिलेंडर चलाना तो दूर खोल नहीं पाते हैं। क्योंकि उन्हें प्रशिक्षण नहीं मिला होता है। इसलिए संस्थान से अपेक्षा है कि आग बुझाने वाले सिलेंडर निर्धारित तिथि के बाद दुबारा रिफिंग को भेजने के पहले, अधिकारियों व कर्मचारियों को सही प्रशिक्षण दिया जाये, हर एक को सिलेंडर प्रयोग करने का अवसर दिया जाये, जब तक सिलेंडर पूरी तरह से खाली न हो जाये।

यह महत्वपूर्ण सलाह रविवार को एनेक्सी भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा बुलाई गई बैठक में उप्र.अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि सिलेंडर खाली न होने की दशा में, गैस भरने वाली कंपनी भी सिलेंडर को साफ कर तारीख बदलकर भेज दे देती हैं, क्योंकि उन्हें भी पता है हर सिलेंडर उपयोग नहीं होता है। इससे सरकारी धन का व्यर्थ खर्च भी होता है और सुरक्षा के मानक भी टूटते हैं। इसलिए सिलेंडर खाली करके ही रिफिल के लिए भेजना चाहिये।

अविनाश चंद्र ने आगे बताया कि हॉस्पिटल भवन का इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराना चाहिये। समय समय पर इलेक्ट्रिक वायरिंग के साथ ही वर्तमान इलेक्ट्रिक लोड और तारों की क्षमता चेक करानी चाहिये। इसके अलावा उन्होंने बताया कि एयर कंडीशनर और विद्युत चालित जीवन रक्षक उपकरण लगातार न चलायें, वैकल्पिक व्यवस्था जरूर रखें। ऑक्सीजन टैंकों का भंडारण के मानक जरूर पूरे करने चाहिये, क्योंकि आमजन द्वारा लापरवाही के साथ धूम्रपान करना कभी भी घातक हो सकता है।

### गठित हो चार टीम

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि फायर अलार्म या पब्लिक एड्रेस सिस्टम दुरुस्त होना चाहिये, आग लगने की स्तिथि में जानमाल की सुरक्षा में उपयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल्स में इवैक्यूएशन टीम, फायर फाइटिंग टीम, सर्च एंड रेस्क्यू टीम और को-ऑर्डिनेशन एंड मेडिकल टीम जरूर गठित की जाये।

# 1912 को और प्रभावी बनाने की तैयारी

**अमृत विचार,लखनऊ:** भीषण गर्मी में बिजली समस्याओं के निदान के लिए टोल फ्री नंबर 1912 को और बेहतर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने संबंधित अफसरों को उपभोक्ताओं की हर कॉल का जवाब सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

अप्रैल 2017 में इस टोल फ्री नंबर की शुरुआत की गई थी। कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने इस सेवा को और प्रभावी व क्रियाशील बनाने के लिए समुचित कदम उठाने के निर्देश दिये हैं।


## वर्ग पहेली-89

**बाएं से दाएं**

1. 1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।
2. 1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दख़ल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।
4. 1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।
7. 1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।
8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।
2. 1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।
3. 1. कंकड़
4. 1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।
5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।
6. टेक या सहारा लगाना।



### वर्ग पहेली -88 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठ | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

## सुडोकू-2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 3 | | | 4 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 9 | |
| 1 | | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 3 | | | 6 | 5 | | | 1 | |
| | | 8 | 1 | | 3 | 7 | | |
| | 4 | | | 9 | 7 | | | 6 |
| | 9 | | 4 | | | 3 | | 7 |
| | 2 | | 9 | | | | 6 | |
| | | 7 | | | 6 | | 5 | |

### सुडोकू -1 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 9 | 3 |
| 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 7 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 4 जून 00 .18 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज अति धार्मिक होने से भी आपको समस्या हो सकती है। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन रही है। आप नई शुरुआत करने को लेकर उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के प्रति आपके मन में नकारात्मक भाव आएंगे, लेकिन आपको अपनी कमियों पर विचार करना होगा।

**वृष:** आज सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। शत्रु आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन:** आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। व्यवसाय में तरक्की होने से आपका मनोबल बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**कर्क:** आज सॉफ्टवेयर क्षेत्र के व्यवसाय से जुड़े लोगों को निवेशकों के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। पुराने संपर्क का आपको लाभ मिलेगा। आप कई सारे कार्य एक साथ कर पाएंगे। निर्माण कार्यों में आपको अच्छी प्रगति देखने को मिलेगी।

**सिंह:** आज आपकी कठोर भाषा से उच्च अधिकारी नाराज हो सकते हैं। चेहरे पर मुंहासे और दाग जैसी समस्या होने की आशंका है। विवाह आदि कार्यक्रमों को टालना फिलहाल हितकारक होगा। अनावश्यक कारणों से यात्रा होने की संभावना है।

**कन्या:** आज झगड़ा होने की भी संभावना है जिसके दौरान आप कुछ हिंसक भी हो सकते हैं। अपनी मान्यताओं को किसी पर न थोपें। अग्नि से जुड़े उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको काफी सतर्क रहना चाहिए।

**तुला:** आज आप व्यवसाय को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोग आपसे काफी प्रभावित रहने वाले हैं। नई जॉब की शुरुआत कर सकते हैं। नए प्रेम संबंधों के उभरने की संभावना बन रही है। विदेशी भाषा का प्रयोग सीख सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपका कोई भी अहित नहीं होगा। मौसम में बदलाव के कारण बुखार और सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। नए कारोबार की योजना बना सकते हैं।

**धनु:** आज आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। यद्यपि आपको कार्यालय में कुछ तकनीकी परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा। अंतरिक्ष और जैव-रसायन जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहने वाला है।

**मकर:** आज यदि आप निजी कंपनियों में काम कर रहे हैं तो आपको बॉस के नखरों को सहना पड़ सकता है। परिजनों पर गुस्सा न निकालें। धर्म-कर्म को लेकर अंधविश्वासी न बनें। सरकारी कार्यों में रुकावट के संकेत हैं। आप अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती है। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका संपर्क बनेगा। स्वजनों की अनदेखी न करें। आप कुछ नया जानने को लेकर उत्सुक हो सकते हैं। फिल्मों और कहानियों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा।

**मीन:** आज नए कारोबार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। यूरिन संक्रमण जैसी समस्याओं से घिर सकते हैं। आपको सेहत का ध्यान रखना होगा। कड़वी बातों के कारण जीवनसाथी नाराज हो सकता है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 4 जून 00 .05 तक तत्पश्चात भरणी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10 .11
- जोश — शाम : 05 .22

&pictures
- कहो न प्यार है — सुबह : 10 .40
- फुटफेरी — रात : 08 .00

Sony Pix
- जिओस्ट्राम — सुबह : 10 .21
- 2012 — रात : 09 .00

Zee Cinema
- पहेली — सुबह : 11 .05
- जोड़ी नं. 1 — रात : 07 .20

Colors Cineplex
- सूर्या सिंगम 2 — दोपहर : 12 .00
- द वॉरियर — रात : 08 .04

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू एक होटल में स्कीम देखी और डिनर करने पहुंचा।
वेटर- सर आपका बिल।
गप्पू- लो कार्ड रख लो।
वेटर-लेकिन सर ये तो आप की शादी का कार्ड है।
गप्पू- तो फिर बहार क्या मजाक में लिख रखा है कि 'ऑल काड्र्स एक्सेप्टेड'...

बब्लू- बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है।
डब्लू- अच्छा, तुम्हारी पत्नी क्या कहती है?
बब्लू- कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके।

## बिन पानी सब सून



भीषण गर्मी पड़ने के कारण कई राज्यों में पेयजल की किल्लत गहरा गई है। रविवार को पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में रविवार को लोगों ने दिल्ली जल बोर्ड के एक टैंकर से लाइन लगाकर पानी भरते देखा गया। ● एजेंसी

## हूती ने लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत पर किया हमला

**सना।** यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे आमतौर पर हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और कई जहाजों पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा हूती नौसेना की मिसाइल इकाइयों और ड्रोन ने छह अभियान चलाए हैं।

अमेरिकी विमानवाहक पोत ड्वाइट आइजनहावर पर उत्तरी लाल सागर में मिसाइलें और ड्रोन के साथ कई लोगों ने हमला किया था। इसके अलावा लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक पर भी हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा आंदोलन की ताकतों ने लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में उन जहाजों पर हमला किया जो उन कंपनियों से संबंधित थे।

# जीवन है अनमोल इसलिए हेलमेट का सही चयन जरूरी

### इन मौकों पर विशेष ध्यान रखें

- ऑफिस आने-जाने वक्त बाइक का इस्तेमाल के समय
- प्रोफेशनल बाइक राइडिंग के वक्त
- हाईवे पर बाइक से लॉन्ग ट्रैवल के समय

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में भारत में सड़क दुर्घटना में 1,68,491 लोगों की मौत हो गई, जिसमें से 52000 लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के मुताबिक दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। लेकिन भारत में तो अधिकांश लोग सिर्फ चालान से बचने के लिए हेलमेट पहनते हैं। इसलिए वे सस्ते और कमजोर हेलमेट खरीद लेते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हेलमेट की क्वालिटी कैसी है। इसलिए आज बात हेलमेट क्वालिटी की। अगर आप हेलमेट खरीदने जा रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें। क्वालिटी चेक कैसे करें।

### हेलमेट सर्टिफिकेशन अवश्यक, मानदंडों का पालन करना अनिवार्य

हेलमेट बनाते हुए सुरक्षा के कुछ जरूरी मानदंडों का पालन करना अनिवार्य होता है। विभिन्न देशों में अलग-अलग संस्थाएं इसे सर्टिफाइड करती हैं। डॉट- यह सबसे कॉमन सर्टिफिकेशन है, लेकिन यह सबसे सुरक्षित नहीं है। ईसीई सर्टिफिकेशन- इसका सबसे कॉमन ईसीई 22.05 है। हालांकि नया मानक ईसीई 22.06 है। स्नेल- यह अमेरिकन संस्था है, जो हर 5 साल में अपने टेस्ट के मानकों को अपडेट करती है। आईएसआई- भारत में हेलमेट आईएसआई सर्टिफिकेशन के साथ होना जरूरी है। हालांकि इसके पास कोई मानक टेस्ट प्रक्रिया नहीं है, लेकिन एक मानदंड यह है कि वजन बहुत ज्यादा नहीं होना चाहिए।



### हेलमेट खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- हवा और साउंड के लिए प्रॉपर वेंटिलेशन
- ऊपरी हिस्से में अंदर की तरफ सॉफ्ट कुशनिंग
- हेलमेट का ग्लास एरिया और आई व्यू
- हेलमेट का साइज ऐसा हो जो सिर में बिल्कुल फिट रहे

### ऐसे जांचें अच्छी क्वालिटी है या नहीं

दोपहिया वाहन चलाते हुए सबसे बुनियादी और जरूरी चीज है हेलमेट। हेलमेट ऐसा होना चाहिए कि सिर पर चाहे कितने जोर की चोट लगे, सिर बिल्कुल सही-सलामत रहे। इतना मजबूत होना चाहिए कि हथौड़ा मारो तो भी नहीं टूटे। हेलमेट कोई फैशन एक्सेसरी तो है नहीं।

## एक नजर

### जर्मनी में बाढ़ के बीच 600 लोगों को निकाला

**फ्रैंकफर्ट।** दक्षिणी जर्मनी में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ के कारण 600 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकालना पड़ा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण डोनौ, नेकर और गुएन्ज़ सहित कई नदियों में जल स्तर बढ़ गया है, जिससे तटीय शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। कई क्षेत्रों में जल स्तर एक सदी में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। स्थानीय प्राधिकारी ने कहा कि रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे तक बवेरिया के 10 जिलों ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है।

### नेपाल में जीप दुर्घटना में छह भारतीय पर्यटक घायल

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में रविवार को एक झील के पास जीप पलट जाने से छह भारतीय पर्यटक घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक घायल हुए पर्यटकों में अधिकतर वरिष्ठ नागरिक थे। खैरेनी नगरपालिका के वार्ड नंबर-12 के अध्यक्ष केदारनाथ पंटा ने बताया कि यह दुर्घटना खैरेनी में दराई झील के पास उस वक्त हुई, जब ये पर्यटक जंगल सफारी के लिए चितवन राष्ट्रीय उद्यान की ओर जा रहे थे।

### ईरान ने स्वीडन के राजदूत को तलब किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तेहरान के खिलाफ अपने देश के निराधार और पक्षपातपूर्ण आरोपों पर स्वीडन के राजदूत को तलब किया। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने स्वीडिश दूत के साथ बैठक के दौरान स्टॉकहोम में एक स्वीडिश अधिकारी द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों के खिलाफ तेहरान के विरोध से अवगत कराया। इरना के अनुसार यह टिप्पणी दुष्प्रचार पर आधारित और इज़रायल के प्रभाव में की गई थी।

### वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए मजबूत कदम जरूरी

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने कोविड-19 और एमपॉक्स जैसी वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर तैयारी में सुधार करने संबंधी नए कदमों को शनिवार को मंजूरी दी और वृहद संधि पर सहमत होने के लिए नयी समय सीमा तय की। डब्ल्यूएचओ ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में संशोधन करने पर सहमति जताई जैसे कि वैश्विक महामारी आपातकाल शब्द को परिभाषित करना और विकासशील देशों को वित्तपोषण एवं चिकित्सा उत्पादों तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करना।

# चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतारा अंतरिक्ष यान, मिट्टी के लेगा नमूने

## चाइना के मून मिशन के लिए काफी अहम माना जा रहा है यह चंद्रयान


**बीजिंग, एजेंसी**

- मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया

चीन के स्पेस मिशन ने रविवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। बीते माह लॉन्च किए गए चांग ई-6 मून लैंडर ने लगभग एक महीने बाद रविवार सुबह चांद के सुदूर हिस्से पर सफल लैंडिंग की। ये लैंडिंग चीन के मून मिशन के लिए काफी अहम मानी जा रही है। इसके जरिए चीन चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने वाला पहला देश बनना चाहता है। चीन की स्पेस एजेंसी के मुताबिक चांग''ई-6 लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरा। यहां से चंद्रमा की सतह के नमूने इकट्ठा करना शुरू करेगा।

यह चीन का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन है। पहली बार चीन ने ही 2019 में अपने चांग''ई-4 मिशन के जरिए ऐसा किया था। सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 की सफलता से चीन चांद पर बेस बनाने में अमेरिका और दूसरे देशों से आगे निकल सकता है। अगर सब उम्मीद के मुताबिक हुआ तो लैंडर चांद की सतह से 2 किलो के सैंपल लाएगा। सैंपल लेने के लिए लैंडर में ड्रिल कर खोदने और फिर मलबे को उठाने की मैकेनिकल आर्म लगाई गई है।

सैंपल को लैंडर के सबसे ऊपर लगे हिस्से में रखा जाएगा। इसके बाद एक दूसरा स्पेसक्राफ्ट चांद के इस हिस्से में भेजकर लैंडर को वापस धरती पर लाया जाएगा। इसकी लैंडिंग 25 जून के आसपास मंगोलिया में होगी। चांद के इस हिस्से पर लैंडिंग दूसरे हिस्सों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल है। इसकी वजह ये है कि चांद के इस हिस्से में अंधेरा होता है, ये उबड़-खाबड़ है। इसके चलते यहां संपर्क मुश्किल होता है और लैंडिंग में परेशानी आती हैं।



चंद्रमा की सतह पर रोवर की प्रतीकात्मक फोटो।

### इसलिए सैंपल जुटाना चाहता है चीन

चीन को 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चीन एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर जो सैंपल लेकर आएगा उनसे चंद्रमा, पृथ्वी और सौर मंडल के बनने और उनका विकास होने से जुड़े सुराग मिल पाएंगे। इस डेटा का इस्तेमाल चीन के आने वाले मून मिशन्स में होगा। 2020 में चीन का चांग ई-5 भी चांद से 1.7 किलो सैंपल लेकर लौटा था। हालांकि, ये सैंपल चांद के पास के इलाके ओशिएनस प्रोसेलेरम से लिए गए थे। चीन तीन और मून मिशन की तैयारी में है।

### पिछले साल भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर उतारा था प्रज्ञान रोवर

भारत पिछले साल चंद्रमा के कम खोजे गए दक्षिणी ध्रुव हिस्से के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। प्रज्ञान रोवर को लेकर पहुंचा चंद्रयान-3 का लैंडर वहां सफलतापूर्वक उतरा था। चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक मिशन भेजना ज्यादा मुश्किल है क्योंकि यह पृथ्वी के सामने नहीं होता जिसके कारण संचार बनाए रखने के लिए रिले उपग्रह की आवश्यकता होती है। साथ ही यह हिस्सा अधिक उबड़-खाबड़ है जहां लैंडर के उतरने के लिए बहुत ही कम समतल भूमि है।

## दिव्यांगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शुरू किया अभियान

**वाशिंगटन।** अमेरिका स्थित एक गैर सरकारी संगठन ने शनिवार को बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए एक पहल का घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य पहले साल के दौरान भारत में 10 हजार लोगों की मदद करना है। हितार्थ परियोजना के तहत अमेरिका स्थित वायस ऑफ स्पेशियली एबल्ड पीपुल (वीओएसएपी) ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए परिवार एनसीपीओ (नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ पैरेंट्स ऑर्गेनाइजेशंस) के साथ साझेदारी की है।

इसमें कहा गया है कि इस साझेदारी का मकसद बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को जरूरी चिकित्सा, दंत चिकित्सा, ओपीडी सेवा सुलभ कराने में सहायता करना तथा भारत सरकार की 'निरामय' योजना के तहत प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति प्राप्त कराना है। वीओएसएपी के कैलिफोर्निया स्थित संस्थापक प्रणव देसाई ने कहा हम वीओएसएपी प्रभाव को विस्तारित करने के लिए इस नए मॉडल के साथ उपलब्ध अवसरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो भारत सरकार के मौजूदा कार्यक्रमों और परिवार जैसे हमारे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित साझेदारों की ताकत का लाभ उठाता है।

# जेलेंस्की बोले- चीन के दखल से जंग लंबी खिंचेगी

**सिंगापुर, एजेंसी**

- वह रूस को हथियार मुहैया करा रहा, दुनिया के लिए गलत संदेश

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन-रूस जंग में चीन रूस का समर्थन कर रहा है। चीन के दखल से यह जंग लंबे समय तक चलेगी। जेलेंस्की ने यह बात सिंगापुर में आयोजित शांगरी ला मंच में कही है। जेलेंस्की ने कहा कि चीन का यह कदम दुनिया के लिए गलत संकेत है। इससे चीन की नीतियां भी गलत साबित होती हैं। चीन कहता है कि वह हर देश की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। इसके बाद किसी देश को बर्बाद करने के लिए हथियार या समर्थन देना कोई अच्छी बात नहीं है।

अमेरिका भी चीन पर यही आरोप लगा चुका है कि वह लगातार रूस को हथियार दे रहा है। इसके लिए कई बार चीन को चेतावनी दी गई है पर चीन ने इन आरोपों को खारिज किया है।

जेलेंस्की ने कहा कि चीन लगातार दावा करता रहा है कि वह शांति समर्थक है, जबकि वह लगातार रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। फरवरी 2022 से शुरू हुई जंग के बाद चीन लगातार रूस से अपने संबंध मजबूत बनाने में लगा है।

**रूस कई देशों को इस सम्मेलन में शामिल होने से रोक रहा :** जेलेंस्की ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन को बाधित करने के लिए रूस कई देशों को दिए जाने वाले कृषि, खाद्य और रासायनिक उत्पादों पर बैन लगाने की धमकी दे रहा है। रूस कई देशों से कह रहा कि वे इस शिखर सम्मेलन में न जाए। जेलेंस्की ने कहा कि शिखर सम्मेलन में चीन के शामिल नहीं से पता चलता है चीन किसे चाहता है।



### रूस के हमलों के बाद यूक्रेन में हुई बिजली गुल

**कीव।** रूस द्वारा बुनियादी ऊर्जा ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने और पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में बढ़त हासिल करने का दावा किए जाने के एक दिन बाद यूक्रेन ने रविवार को देश के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू कर दी। शनिवार को ऊर्जा संयंत्रों को लक्ष्य बनाकर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद यूक्रेन के तीन इलाकों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। इन हमलों में कम से कम 19 लोग घायल हुए हैं।

## कुवैत में नए क्राउन प्रिंस बने शेख सबा

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने शेख सबा अल-खालिद अल-सबा को नया क्राउन प्रिंस नियुक्त करने का फरमान जारी किया है। कुवैत के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी।



1953 में कुवैत में जन्मे शेख सबा ने पहले 2019 से 2022 तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। कुवैत विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, नए राजकुमार ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि, सऊदी अरब में राजदूत और विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

## कचरे से लदे 600 से अधिक गुब्बारे दक्षिण कोरिया में गिराए

**सोल, एजेंसी**

- उत्तर कोरिया की कारस्तानी दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा

उत्तर कोरिया के कचरा ढोने वाले 600 से अधिक गुब्बारे लगातार पांच दिनों से जीपीएस सिग्नल जाम होने के बीच दक्षिण कोरिया में गिरे है। सोल की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने 600 से अधिक गुब्बारों का पता लगाया है जो दोनों कोरिया को अलग करने वाली सैन्य सीमांकन रेखा के पार तैरते हुए शनिवार रात आठ बजे से रविवार सुबह दस बजे के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे थे। जेसीएस के अनुसार गुब्बारों में पिछले गुब्बारों की तरह ही सिगरेट के टुकड़े, कागज और प्लास्टिक की थैलियां जैसे कचरे के विभिन्न टुकड़े थे। दक्षिण कोरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए प्योंगयांग विरोधी पर्चों के खिलाफ जैसे को तैसा कार्रवाई की चेतावनी दी।



## अमेरिका में हुई गोलीबारी में दो की मौत, सात घायल

**अमेरिका।** उपनगरीय पिट्सबर्ग के एक बार में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एलेगनी काउंटी पुलिस ने कहा कि उसने पेन हिल्स के बॉलर्स हुक्का लॉंज और सिगार बार में सुबह के वक्त हुई गोलीबारी के मामले में कार्रवाई की है।

पुलिस ने बयान में कहा कि रविवार तड़के तीन बजे के आसपास बचावकर्मियों को बार के अंदर एक पुरुष और एक महिला के शव मिले। इसके अलावा, सात व्यक्ति घायल भी हुए हैं। बयान के अनुसार, घायलों को क्षेत्र के अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से एक की हालत नाजुक है।

# नाबालिग के मां-बाप 5 तक हिरासत में

**पुणे, एजेंसी**

पुणे की एक अदालत ने रविवार को पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता को सबूत नष्ट करने के मामले में 5 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। महाराष्ट्र के पुणे शहर में 19 मई को हुई कार दुर्घटना के बाद नाबालिग के रक्त के नमूने बदले जाने में उनकी कथित भूमिका के लिए दोनों के खिलाफ जांच की जा रही है।

इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी। नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल को 1 जून को यह खुलासा होने के बाद गिरफ्तार किया गया था कि नाबालिग के रक्त के नमूने को मां के नमूने से बदल दिया गया था। आरोपी के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल को मामले में सबूत नष्ट करने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता को यहां की एक अदालत में पेश किया और उनकी रिमांड का अनुरोध किया। दोनों को पांच जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने अदालत को बताया कि अग्रवाल दंपति ने दुर्घटना से संबंधित सबूतों को नष्ट करने की साजिश रची।



### पुणे कार हादसा

- रक्त के नमूने बदले जाने के मामले में चल रही जांच
- सुबूत नष्ट करने पर कोर्ट से माई गई थी दोनों की हिरासत

### घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज बरामद किए

दंपति के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि पुलिस ने उनके घर की तलाशी ले ली है और उनके घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज बरामद किये हैं। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के सबूतों को मिटाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो एक जमानती अपराध है इसलिए दंपति को न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए।

## बॉलीवुड हलचल

### सोनू सूद की फिल्म फतेह में हुयी नसीरउद्दीन साह की एंट्री



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह में नसीरउद्दीन साह की एंट्री हो गयी है। सोनू सूद काफी दिनों से फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में बने हुये हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनू सूद ने लिखा, नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है, उसका निर्देशन करना मेरे लिए बेहद खास रहा। आपको फतेह पर काफी गर्व होगा सर। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकनील फर्नांडीस अहम रोल में नजर आने वाली हैं।

### सन्नी देओल, प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी हो गयी है। आमिर खान निर्मित और राजकुमार संतोषी निर्देशित गदर 2 के बाद अब दर्शकों को सन्नी देओल की लाहौर 1947 का बेसब्री से इंतजार है।



इस बात की जानकारी प्रीति जिंटा ने अपने एक पोस्ट के जरिए दी है। प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें फिल्म के सेट की कई सारी तस्वीरें नजर आ रही हैं। शूटिंग रैप अप होने की खुशी में सेट इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि लाहौर 1947 का रैप अप और मैं इस अविश्वसनीय अनुभव के लिए पूरी कास्ट और क्रू की जितनी आभारी हूं, उतना कम है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी इस फिल्म की उतनी ही सराहना करेंगे और इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमने इसे बनाते समय लिया।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद ने दाखिल किया नामांकन

**दुबई।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया। देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु के बाद वहां चुनाव कराए जा रहे हैं। अहमदीनेजाद के नामांकन से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई दबाव में आएंगे।

अहमदीनेजाद ने 85-वर्षीय सर्वोच्च नेता को खुली चुनौती दी थी और 2021 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की उनकी कोशिशों को अधिकारियों ने विफल कर दिया था। उन्होंने ऐसे वक्त में अपना नामांकन दाखिल किया है जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, रूस को हथियार देने और असंतुष्टों पर कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ रहा है। पत्रकारों ने तेहरान में देखा कि अहमदीनेजाद गृह मंत्रालय पहुंचे और चुनाव के लिए पंजीकरण शुरू की।

**खुलासा** जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने कहा- पाकिस्तान नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा

# सीमा पार लॉन्च पैड सक्रिय, घुसपैठ की फिराक में 70 आतंकी

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार एलओसी के पार स्थित लॉन्च पैड पर सक्रिय लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि घटती क्षमता के बावजूद पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में लोगों और नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है। ड्रोन के जरिये हथियार समेत अन्य सामग्री गिराए जाने की चुनौतियां लगातार जारी हैं। स्वैन ने कहा कि भारतीय सुरक्षाकर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धिता के कारण दुश्मन का सफल होना बहुत मुश्किल है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने कहा हमारे सुरक्षा साझेदारों के साथ बैठकों में हम आमतौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यह एक तथ्य है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने लोगों और सामग्री को भेजने पर रोक नहीं लगाई है।

उन्होंने क्षेत्र में पश्चिमी पड़ोसी देश से आए विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अस्थिर करने की दुश्मन की क्षमता को और कम करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। मैं कहूंगा कि दुश्मन का इरादा वही है, क्षमता निश्चित रूप से कम हुई है, लेकिन कभी-कभार व्यवस्था को झकझोरने और आपको अस्थिर करने की क्षमता उसमें अब भी मौजूद है।



डीजीपी रश्मि रंजन स्वैन।

### चुनौतियों से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध : स्वैन

स्वैन ने कहा कि किसी एक समय पर संभवता पाएंगे कि अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 लोग हमारी तरफ भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं। सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि हम दुश्मन की सफलता को मुश्किल बना देंगे। ड्रोन से सामान गिराए जाने के मुद्दे पर स्वैन ने कहा कि ये गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं क्योंकि ये हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी की तस्करी को सुगम बनाती हैं। इस खतरे का मुकाबला करने में प्रगति हुई है फिर भी इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है।

### पाक के लिए हिसाब रखने वालों ने चुनावी प्रक्रिया में लिया भाग

डीजीपी ने कहा है कि अतीत में दुश्मन के लिए काम करने और हिसाब-किताब रखने वाले लोगों ने इस बार चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। स्वैन ने लोगों के भयमुक्त होने को रेखांकित करते हुए कहा इस साल के लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में उल्लेखनीय मतदान प्रतिशत रहा। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से जम्मू कश्मीर में हुए पहले बड़े चुनावी मुकाबले में, (कश्मीर) घाटी की तीन लोकसभा सीट श्रीनगर, बारामूला और अनंतनाग-राजौरी में पिछले तीन दशकों में अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ।